संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शनिवार 07 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 155 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## ब्रिक्स संसदीय फोरम में आतंकवाद के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सहयोग पर सहमति



**नई दिल्ली।** ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया में आयोजित 11वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में भारत सहित 10 देशों की संसदों ने हालिया पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सहयोग का संकल्प लिया। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। ब्रिक्स के 10 सदस्य देशों भारत, ब्राजील, रूस, चीन, दक्षिण अफ्रीका, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, इथियोपिया और इंडोनेशिया ने इस वार्षिक बैठक में भाग लिया। सम्मेलन के दौरान वैश्विक शांति, सुरक्षा, तकनीकी नवाचार, व्यापार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संसदीय सहयोग जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। भारत ने आतंकवाद को वैश्विक खतरा बताते हुए आर्थिक मदद पर रोक, खुफिया सूचना के आदान-प्रदान और जांच सहयोग जैसे उपायों की वकालत की।

## जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे पीएम मोदी, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने फोन कर दिया न्योता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है और उन्हें जी7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। इस साल 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में जी7 सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे।



इसके अलावा भारत ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात कर खुशी हुई। मैंने उन्हें हाल ही में हुए चुनाव में जीत की बधाई दी और इस महीने के अंत में कनानास्किस में होने वाले G7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, भारत और कनाडा दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं और हमारे लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। हम आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर नई ऊर्जा के साथ मिलकर काम करेंगे। जी7 शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद की हाल ही में फोन पर बातचीत हुई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बाद संबंधों में सुधार के संकेत मिलने लगे थे।

भारत और कनाडा के रिश्ते तब बिगड़ गए थे जब सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था।

### भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट कैसे आई?

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद की हाल ही में फोन पर बातचीत हुई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बाद संबंधों में सुधार के संकेत मिलने लगे थे। भारत और कनाडा के रिश्ते तब बिगड़ गए थे जब सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने इन आरोपों को "बेबुनियाद और गलत"बताया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में गिरावट आई और एक-दूसरे के कई राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कहा गया।

**विपक्ष ने साधा था सरकार पर निशाना:** जी7 में भारत को आमंत्रित न किए जाने पर विपक्ष ने हाल ही में सरकार पर निशाना साधा था और इसे एक बड़ी कूटनीतिक चूक बताया था।

**फास्ट न्यूज**

### स्टारलिंक को मिला लाइसेंस, 15 दिन में शुरू होगा ट्रायल

**नई दिल्ली :** भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को भारत में सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेवाएं देने के लिए आधिकारिक लाइसेंस जारी कर दिया है, हालांकि इसकी जानकारी फिलहाल पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से दी है। सरकार या स्टारलिंक की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। दूरसंचार विभाग के सूत्रों ने पुष्टि की है कि स्टारलिंक को लाइसेंस मिल गया है और कहा कि आवेदन करने के 15-20 दिनों के भीतर उन्हें परीक्षण स्पेक्ट्रम प्रदान कर दिया जाएगा। स्टारलिंक को भारत में ब्रॉडबैंड और सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने की हरी झंडी मिल गई है। यह मंजूरी भारत के ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट पहुंचाने में मदद कर सकती है।

### अरुणाचल में सेना ने दो संदिग्ध उग्रवादियों को किया ढेर

**लोंगडिंग (अरुणाचल प्रदेश)।** भारत-म्यांमार सीमा के पास हुए मुठभेड़ में भारतीय सेना को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अरुणाचल प्रदेश के लोंगडिंग जिले में सर्च ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड (एनएससीएन (के-वाईए) के दो संदिग्ध उग्रवादियों को मार गिराया है। शुक्रवार को सैन्य अधिकारियों ने बताया कि सेना की गश्ती टीम जब खुफिया सूचना के आधार पर लोंगडिंग जिले में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान घात लगाकर बैठे उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला बोल दिया। जवाबी कार्रवाई में घंटों तक गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के दौरान दो उग्रवादी मारे गए, जबकि अन्य हमलावर घने जंगल का लाभ उठाकर पड़ोसी देश म्यांमार की ओर भाग गए। मारे गए उग्रवादियों की पहचान स्वयंभू सार्जेंट मेजर न्याकलुंग और लांस कॉर्पोरल न्योंग आओंग के रूप में हुई है। दोनों एनएससीएन (के-वाईए) गुट के सदस्य माने जा रहे हैं, जो भारत-म्यांमार सीमा पार गतिविधियों के लिए कुख्यात है। इलाके में सघन तलाशी अभियान जारी है और सेना अलर्ट पर है। यह मुठभेड़ सीमा सुरक्षा को मजबूत करने और म्यांमार से हो रही घुसपैठ को रोकने की भारत की व्यापक रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है।

### पाक ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया, हमने उस पर कयामत बरसा दी: मोदी

# पीएम मोदी ने तिरंगा लहराकर चिनाब आर्च ब्रिज का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**श्रीनगर:** पीएम मोदी ने शुक्रवार को पहलगाम हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर का दौरा किया। उन्होंने यहां के रियासी जिले में चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज का तिरंगा दिखाकर उद्घाटन किया। इसके बाद अंजी ब्रिज और कटरा में कश्मीर की पहली ट्रेन कटरा-श्रीनगर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई। मोदी ने कटरा में 42 मिनट का भाषण दिया। इसमें आतंकवाद, पाकिस्तान और कश्मीर के टूरिज्म का जिक्र किया। पीएम ने कहा, 'दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। हमने 6 मई को उस पर कयामत बरसा दी।'

**चिनाब आर्च ब्रिज खास क्यों है**
चिनाब आर्च ब्रिज रियासी जिले में बक्कल और कौड़ी के बीच बना है। इसे 2003 में मंजूरी मिली थी। शुरूआती प्लान के मुताबिक इसे 2009 तक तैयार हो जाना था, लेकिन इसे पूरा होने में 22 साल लग गए।

**विकास रुकने नहीं दूंगा: पीएम नरेंद्र मोदी**
आज यहां का नौजवान नए सपने भी देख रहा है। लोग जम्मू-कश्मीर को फिर से फिल्मों, खेलों का हब बनते देखना चाहते हैं। हमने इसे माता खीर भवानी के मेले में भी देखा। उन्होंने कहा कि 3 तारीख से अमरनाथ यात्रा शुरू हो रही है। ईद का भी माहौल है। ये सब आतंकी हमले से डिगने वाला नहीं है। नरेंद्र मोदी का वादा है कि विकास रुकने नहीं दूंगा। कोई बाधा आएगी तो उसे मोदी का सामना करना पड़ेगा। आज 6 जून है। एक महीने पहले 6 मई की रात पाकिस्तान पर कयामत बरसी थी। पाकिस्तान कभी ऑपरेशन सिंदूर सोचेगा तो अपनी शिकस्त याद आएगी। पाकिस्तान ने कभी नहीं सोचा था कि भारत उनके यहां अंदर जाकर आतंक के ठिकानों पर हमला करेगा। आतंक की इमारतें खंडहर बन गई हैं। पाकिस्तान बौखला गया है। उसने ये गुस्सा जम्मू, पुंछ समेत कई इलाकों में घर, मंदिर, गुरुद्वारों पर शेलिंग की। आपने जैसे मुकाबला किया, वो हर देशवासी ने देखा। आपके साथ देशवासी पूरी शक्ति से खड़े हैं। पीएम ने कहा, दुर्भाग्य से हमारे पड़ोस का देश, मानवता का विरोधी, मेलजोल का विरोधी है। वह ऐसा देश है जो गरीब की रोजी-रोटी का भी विरोधी है। 22 अप्रैल को पहलगाम में जो हुआ, वह इसी का उदाहरण है। पाकिस्तान ने इंसानियत और कश्मीरियत पर हमला किया। उसका इरादा कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई को रोकना था, इसलिए टूरिस्ट पर हमला किया। यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे, जिसने जम्मू-कश्मीर के लोगों के घर चलते हैं, पाकिस्तान ने उन्हें निशाना बनाया। पाकिस्तान की साजिश इन सबको तबाह करने की थी। आतंकियों को चुनौती देने वाला आदिल भी मेहनत कर रहा था, आतंकियों ने उसे भी मार दिया।



### कश्मीर के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था: पीएम मोदी

**मोदी** ने कहा, कश्मीर के लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था पीएम ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर में जनता अपनी पसंद के नुमाइंदे चुन सके, यह भी आतंकवाद के चलते चुनौती बन गया था। बरसों तक आतंक सहने के बाद जम्मू-कश्मीर ने इतनी बबार्दी देखी थी कि लोगों ने सपने देखना ही छोड़ दिया था। आतंकवाद को ही भाग्य मान लिया था। हमने इसे बदलकर दिखाया है।

### कश्मीर को जोड़ने वाली पहली ट्रेन भी शुरू

**पीएम** मोदी सबसे आखिर में कटरा पहुंचे। यहां के रेलवे स्टेशन पर उन्होंने कश्मीर को जोड़ने वाली कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंदी दिखाई। नॉर्दर्न रेलवे 7 जून से कटरा-श्रीनगर रूट पर वंदे भारत ट्रेन सर्विस शुरू कर देगी। वेबसाइट पर टिकट बुकिंग की जा सकेगी। हफ्ते में 6 दिन दो ट्रेनें कटरा और श्रीनगर के बीच चलेंगी। नॉर्दर्न रेलवे ने बताया कि ट्रेन में दो ट्रैवल क्लास हैं। चेयरकार का किराया 715 रुपए और एक्जीक्यूटिव क्लास का किराया 1320 रुपए है। अभी ट्रेनें सिर्फ बनिहाल में रुकेंगी, अन्य स्टॉपेज पर फैसला बाद में होगा।



सब्जी बाग में ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर खरीदारी करते मुस्लिम।

### आरसीबी के अधिकारी समेत 4 गिरफ्तार

**बंगलूरू :** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 अन्य घायल हो गए थे। उन्हें क्राइम ब्रांच और बंगलूरू पुलिस की ओर से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक अधिकारी समेत चार लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बंगलूरू के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी पुष्टि की कि भगदड़ मामले में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं।

## मुख्यमंत्री साय ने की केंद्रीय गृहमंत्री से मुलाकात



**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियानों की अब तक की सफलताओं और बस्तर अंचल में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा तथा मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि राज्य सरकार की नई रणनीति और केंद्र के सहयोग से नक्सल उन्मूलन अभियान को निर्णायक मोड़ पर पहुंचाया गया है। विगत डेढ़ वर्ष में चलाए गए सघन अभियानों के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। 1,428 नक्सलियों (माओवादियों) ने आत्मसमर्पण किया है।

### लोन सस्ते होंगे, आरबीआई ने ब्याज दर 0.50% घटाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई:** आरबीआई की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। यह मीटिंग हर दो महीने में होती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बैंकों को दिए जाने वाले कर्ज की दर यानी रेपो रेट में 0.50% की कटौती की है। अब रेपो रेट 5.50% रह गया है। इससे बैंकों को आरबीआई से कम ब्याज पर कर्ज मिलेगा। ब्याज में इस कटौती को बैंक अपने ग्राहकों को ट्रांसफर करते हैं, तो आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं।

## यूपी में सुरक्षा कड़ी, सड़क पर नहीं होगी नमाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**मेरठ :** ईद-उल-अजहा पर्व पर रेंज के जिले मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में 487 ईदगाह और 981 मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी। सड़क पर नमाज पढ़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि मेरठ में 164 ईदगाह व 515 मस्जिद, बुलंदशहर में 171 ईदगाह व 213 मस्जिद, बागपत में 68 ईदगाह व 205 मस्जिद और हापुड़ में 84 ईदगाह व 48 मस्जिदों में नमाज होगी।



**84 स्थल संवेदनशील चिह्नित**
84 स्थल संवेदनशील श्रेणी में चिह्नित किए गए हैं। जनपद मेरठ में 21, बुलंदशहर में 43, बागपत में पांचे और हापुड़ में 15 स्थान संवेदनशील श्रेणी के हैं। चारों जनपदों को 27 जोन और 100 सेक्टर में बांटा गया है। 49 क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) लगाई गई है।

**इन जिलों में तैनात रहेगी भारी फोर्स**
शांतिपूर्वक नमाज के लिए चारों जिलों में आठ एएसपी, 25 सीओ, 95 इंस्पेक्टर, 820 दरोगा, 1250 हेड कांस्टेबल, 1635 कांस्टेबल, 1005 होमगार्ड व पीआरडी के जवान और दो कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है। जिलों के कप्तानों को कानून व्यवस्था के मद्देनजर डीआईजी ने ईदगाह और सभी संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### गाजियाबाद पुलिस को फोन पर मिली दिल्ली की सीएम को मार देने की धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गाजियाबाद।** दिल्ली से सटे गाजियाबाद पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर कॉल कर दिल्ली के मुख्यमंत्री को जान से मरने धमकी दी है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए गाजियाबाद पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचित कर दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को कॉल करके दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जान से मारने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। गाजियाबाद पुलिस ने मामले की गंभीरता के साथ जांच शुरू कर दी है।

### राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है।

## 'पीएम को सरेंडर करने की है आदत, देश का एक्स-रे करना चाहता हूं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नालंदा :** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को राजगीर पहुंचे। वहां कांग्रेस के कार्यकताओं ने उनका जमकर स्वागत किया। अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में संविधान सुरक्षा सम्मेलन का आयुओजं किया गया। वहां उन्होंने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि एक तरफ गांधी की सोच है, तो दूसरी तरफ सावरकर और गोडसे की सोच। ये लड़ाई आज की नहीं, हजारों साल पुरानी है। संविधान में जो बातें लिखी गई हैं, वह बुद्ध के विचारों से निकली हैं। यही सोच है, जिसे आरएसएस खत्म करना चाहता है। इसलिए डरने की जरूरत नहीं है। हमें मिलकर संविधान और सच्चाई की रक्षा करनी है और बिहारियों के बिना संविधान को बचाया नहीं जा सकता। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि मोदी जी को सरेंडर करने की आदत है। मैं आरएसएस से लड़ता हूं और यह बात गहराई से कह रहा हूं कि जैसे ही थोड़ा दबाव पड़ता है, ये लोग तुरंत चिट्ठी लिखने लगते हैं अब तो जमाना बदल गया है, चिट्ठी नहीं, व्हाट्सएप कर देंगे। ट्रंप ने 11 बार कहा कि उन्होंने मोदी जी से सरेंडर करवा लिया। मोदी जी इसका खंडन भी नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि वो सच्चाई है। राहुल गाँधी ने कहा कि देश की 90% आबादी दुख की शेयरहोल्डर है। इनकी सत्ता और फैसलों में कोई भागीदारी नहीं है। मुझे अपने देश की सच्चाई जाननी है, इसलिए मैं देश का एक्स-रे करना चाहता हूं। राहुल गांधी ने संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पीएम मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि हिंदुस्तान में जाति नहीं है, तो फिर वे खुद ओबीसी कैसे हो गए? मेरा लक्ष्य है जातीय जनगणना।

मैंने संसद में मोदी जी की आंखों में आंख डालकर कहा कि देश में जाति जनगणना होकर रहेगी। आप लोग भ्रम में मत रहिए झ ये जो जाति जनगणना कर रहे हैं, वो असली नहीं है। जिस दिन इन्होंने असली जाति जनगणना कर दी, उसी दिन इनकी राजनीति खत्म हो जाएगी।



## छत्रपति शिवाजी के अनुरूप सशक्त, समर्थ भारत बनाना ही हमारा लक्ष्य: सिंधिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का कहना है कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने 'हिन्दवी स्वराज' की स्थापना कर एक सशक्त, समर्थ और आत्मनिर्भर भारत का जो सपना देखा था, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में दृढ़तापूर्वक अग्रसर है। एक पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में 'आपरेशन सिंदूर' पर सिंधिया ने कहा, 'भारत ने दिखा दिया है कि उधर से गोली चलेगी तो इधर से गोला चलेगा।' उन्होंने कहा कि आज लोगों को सेना और सरकार पर भरोसा है। यह भरोसा बताता है कि 'यही समय है, सही समय है' जब हर देशवासी विकसित भारत के सपने को अपने मन में जगाए और उस अनुरूप कार्य भी करे। केन्द्रीय संचार और पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज 'हिन्दवी स्वराज के संस्थापक छत्रपति शिवाजी' नामक पुस्तक का लोकार्पण किया।

पुस्तक सुरूचि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई है और इसका सम्पादन प्रो. ओम प्रकाश सिंह और देवेन्द्र भारद्वाज ने किया है। लोकार्पण समारोह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय 'केशव कुंज' में स्थित विचार विनिमय केन्द्र के सभागार में हुआ।



## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

संख्या: 256-Sig-SPL-TKJ-IPMPLS-2025 दिनांक : 05.06.2025

मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/परियोजना/पश्चिम, बड़ौदा हाउस, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से कार्य करते हुए समान कार्य में पर्याप्त अनुभव रखने वाले और न्यूनतम पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले अनुभवी और स्थापित ठेकेदारों से दो पैकेट प्रणाली में ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। विख्यात कार्य के अंतर्गत :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | उत्तर रेलवे पर एकीकृत संचार बैकबोन और वीओआइपी आधारित नियंत्रण संचार के लिए आईपी–एमपीएलएस नेटवर्क का प्रावधान। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 140,78,69,621.09/– (एक सौ चालीस करोड़ अठत्तर लाख उनहतर हजार छे सौ इक्कीस रुपये और नौ पैसे) |
| 3 | धरोहर राशि | रु. 71,89,400.00/– |
| 4 | कार्य की अवधि | स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 12 महीने। |
| 5 | बोली–पूर्व सम्मेलन | 25.06.2025 को 11:30 बजे https://railnet70.webex.com/railnet70/j.php?MTID=m508bd07e03c3ac4a533832ae658b61d8 मीटिंग संख्या : 25175590306 पासवर्ड : 112233 |
| 6 | वेबसाइट का पता | भारतीय रेल की वेबसाईट www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 7 | निविदा बंद होने की तिथि | 11:00 बजे पूर्वाह्न दिनांक 22.07.2025 |
| 8 | निविदा खुलने की तिथि | 11:30 बजे पूर्वाह्न दिनांक 22.07.2025 |
| 9 | ऑफर की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 90 दिन। |

धरोहर राशि जमा न करने पर बिना सूचना निविदा रद्द कर दी जाएगी।

बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां अंतिम तिथि एवं समय तक ही जमा कर सकेंगे। बोलियां केवल ऑनलाइन जमा की जानी हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैन्युअल बोलियों /प्रस्तावों की अनुमति नहीं है, और प्राप्त किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को नजर अंदाज कर दिया जाएगा। ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए निविदा कारों को भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम, आई.आर.ई.पी.एस (साइट यानी www.ireps.gov.in) पर पंजीकृत होना चाहिए। आवश्यक परिवर्तन, शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि आवश्यक हो, केवल इस वेबसाइट पर पोस्ट किए जाएंगे। 1672/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 19254433 | रोलर बेअरिंग फॉर ट्रैक्शन मोटर | 298 नग | 30.06.2025 |
| 02 | 09255005 | सेट ऑफ अपग्रेडेड हाई टेंसिल | 960 सेट | 30.06.2025 |
| 03 | 19252960 | 1–1/4 इंच होस कपलिंग | 5479 नग | 07.07.2025 |
| 04 | 19251406 | कॉंटेक्ट आर्म विथ स्टेपिंग | 18 नग | 07.07.2025 |
| 05 | 77259020 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर स्प्रिंग सेटिंग डिवाइस | 800 सेट | 07.07.2025 |
| 06 | 02250069 | बैटरी चार्जिंग यूनिट कम प्री–कूलिंग | 36 नग | 07.07.2025 |
| 07 | 02251692 | एल इ डी लाइट फिटिंग फॉर पैसेंजर अलार्म कोच | 7420 नग | 14.07.2025 |
| 08 | 19254024 | 1–1/4 इंच होस कपलिंग | 5239 नग | 14.07.2025 |
| 09 | 77259022 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर सी एम एस क्रासिंग | 100 सेट | 21.07.2025 |
| 10 | 19250699 | एन आई–सीडी बैटरी सेट फॉर इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव | 24 सेट | 28.07.2025 |
| 11 | 19250807 | एन्ड फ्रेम नॉन ड्राइविंग | 61 नग | 08.09.2025 |

**निविदा शर्तें** 1. विस्तृत जानकारी **IREPS** वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 21/2025-2026 दिनांक : 06.06.2025 1680/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेश** उर्फ **नागेश**, निवासः **कंचन लाल**, निवास (वेगाबॉन्ड) घंटा घर चौक, सब्जी मंडी, दिल्ली और गाँव बरोली, थाना अतरौली, जिला अलीगढ़, उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 198/2023, U/S 379/411/34 IPC, थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **राजेश** उर्फ **नागेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेश** उर्फ **नागेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 198/2023, U/S 379/411/34 IPC, थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेश** उर्फ **नागेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 19.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिन्दर सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी – 07
केन्द्रीय जिला, रूम नं. 32
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7100/N/2025 (Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सोनू कुमार**, पुत्रः श्याम दत्त शर्मा **पताः** गांव–चौरा नोएडा सेक्टर–22, थाना सेक्टर–24 नोएडा उत्तर प्रदेश **FIR No. 93/2013, Dt. 28.05.2013, U/S: 33/58 Delhi Ex. Act, पुलिस थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू कुमार**, मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोनू कुमार**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सोनू कुमार**, **FIR No. 93/2013, Dt. 28.05.2013, U/S: 33/58 Delhi Ex. Act, पुलिस थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री आकांक्षा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 पश्चिम,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7194/CD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.PC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **रविंदर, पुत्रः पप्पू, निवासीः B/12. त्रिलोक पुरी, दिल्ली** ने अपराध किया हैं (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.22/2021 U/S 279 IPC / 185 MV ACT** के तहत एक मामला **थाना शकरपुर, पूर्वी दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **रविंदर** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **रविंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **IR No.22/2021 U/S 279 IPC / 185 MV ACT, थाना शकरपुर, पूर्वी दिल्ली** के आरोपी उक्त **रविंदर** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **02.08.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार पी. भार्गव राव
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-06
पूर्वी जिला, कोर्ट नं. 03
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7181/ED/2025
(अदालती मामला)

# सुमीत ने प्रतिष्ठित रोमानियाई वाइन समिट में लिया भाग



**सोनीपत :** स्किपर्स इंडिया मार्ककॉन्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री सुमीत अलख को हाल ही में भारत में रोमानिया के द्विपक्षीय वाणिज्य मंडलों के संघ द्वारा आयोजित एक विशिष्ट समिट में आमंत्रित किया गया। यह उच्च-स्तरीय कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित होटल पुलमैन, एयरोसिटी में आयोजित हुआ, जिसमें रोमानिया की समृद्ध लेकिन कम जानी-पहचानी वाइन विरासत को सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन को भारत की वाइन इंडस्ट्री के प्रमुख स्तंभ और इंडियन वाइन अकादमी के संस्थापक श्री सुभाष अरोड़ा द्वारा संयोजित किया गया। उनकी गहन जानकारी और वाइन के प्रति जुनून ने इस समिट को अत्यंत सूचनाप्रद और आकर्षक बना दिया। श्री अरोड़ा को भारत में वाइन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रूप से सम्मानित किया जाता है। समिट में विशेष रूप से रोमानिया से मंगाई गई वाइन प्रस्तुत की गईं। आमतौर पर लोककथाओं और ड्रैकुला की भूमि के रूप में पहचाने जाने वाले इस देश के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि रोमानिया विश्व का छठा सबसे बड़ा वाइन उत्पादक देश है। यहां की सफेद, रोजे और सीमित संस्करण की लाल वाइन ने उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**इस अवसर पर अपने विचार साझा करते हुए श्री सुमीत अलख ने कहाः** "यह एक अत्यंत समृद्ध अनुभव था जहाँ कूटनीति, व्यापार और स्वाद एक साथ जुड़े। रोमानियाई वाइन न केवल गुणवत्ता में उत्कृष्ट थीं, बल्कि उनकी कहानियाँ भी बेहद रोचक थीं। यह समिट पुराने साथियों से पुनः मिलने और नए सहयोग के अवसरों को तलाशने का एक सुनहरा अवसर था। इससे भारत और रोमानिया के बीच संभावित भागीदारी की नई राहें खुलती हैं। यह समिट इस बात का स्पष्ट प्रमाण था कि वाइन केवल एक पेय नहीं, बल्कि संवाद है–और जब ऐसे मंच उपलब्ध कराए जाते हैं, तो यह संवाद सीमाओं और संस्कृतियों से परे चला जाता है। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित मेहमान, वाइन विशेषज्ञ, आयातक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय मेहमानों में श्री सुमीत अलख के साथ श्री रोहित सिंह, श्री राजीव अनेजा, श्रीमती तूबा यारगिक, श्री शिवेय मुंजाल, श्री विक्रांत वधेरा, श्री नितीश श्रीवास्तव और श्री सौरिष भट्टाचार्य शामिल थे, जिन्होंने मित्रता और साझा अवसरों के लिए जाम उठाया।

# जनसमस्याओं का गंभीरता से निर्धारित समयावधि में निवारण करवाएं अधिकारीः उपायुक्त शांतनु शर्मा

**सिरसा, (रणबीर खटक):** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान तय समय सीमा में और प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि पंचायत विभाग, बिजली निगम, सिंचाई विभाग सहित संबंधित अधिकारी अवैध कब्जा हटाने, अतिक्रमण, डिमार्केशन, सफाई व्यवस्था, खाल निर्माण, विभिन्न प्रमाण पत्र, पेंशन संबंधी, बिजली पोल बदलना, पीपीपी और फैमिली मेंबर डिलिटेशन जैसी जन समस्याओं पर अधिकारी गंभीरता से ध्यान दें और इनके समाधान की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर पर आने वाले शिकायतों के शीघ्र निपटान में तत्परता के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया कि प्राप्त 6006 जन शिकायतों में से 4797 का समाधान किया जा चुका है।

# कर्म रूपी शत्रुओं से लड़ने की ताकत और होशला मिल जाता है : रोहित मुनि

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** कुछ तो सुधार जिंदगी में कीजिये, थोड़ा-थोड़ा प्यार प्रभु से कीजिए पंक्तियों के साथ के आज के प्रवचन की शुरूआत करते हुये रोहित मुनि जी महाराज ने भरी सभा को रोमांचित कर दिया और उपस्थित श्रावकों भाई बहनों के मन के तार प्रभु महावीर की वाणी से जोड़ दिये । आगे उन्होंने मुख्य रूप से धर्म की शरण विषय पर प्रकाश डालते हुये कहा की अपने ही किये हुये कर्म ही इंसान को बार बार संसार रूपी समंदर में भटका रहे है। इसलिये संसार सागर से बचने के लिये हमें अच्छे कर्म करने चाहिये और धर्म का शरणा लेने से कर्म रूपी शत्रुओं से लड़ने की ताकत और होशला मिल जाता है। श्री वर्धमान श्वेतांबर स्थानकवासी जैन सभा अग्रवाल मंडी पानीपत के अध्यक्ष गौतम जैन ने जानकारी देते हुए बताया की संघ शास्ता शासन प्रभावक गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के सुशिस्य एवं संघ संचालक मनोहर व्याखानी श्री नरेश चंद्र जी म. सा.के आज्ञानुवर्ति श्री रोहित मुनि जी, श्रेयांस मुनि जी ,रजत मुनि जी ठाने 3 जैन स्थानक अग्रवाल मंडी में विराजमान है। आराध्य गुरुदेवों का मांगलिक प्रवचन आज प्रातः 8.15 से 9:30 तक शुरू हो रहा है जो लगातार प्रतिदिन जारी रहेगा।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितिका उर्फ पिंकी पत्नी** राहुल गुप्ता, **निवासी** मकान नं0–डब्ल्यूए–9सी, तृतीय तल, शकरपुर, दिल्ली–92, ने **FIR No. 449/2022, U/S 135 I.E. Act, पुलिस स्टेशन शकरपुर, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितिका उर्फ पिंकी** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रितिका उर्फ पिंकी** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 449/2022, U/S 135 I.E. Act, पुलिस स्टेशन शकरपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रितिका उर्फ पिंकी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष रस्तोगी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश–05,
कमरा नं0–21, प्रथम तल, पूर्वी जिला,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7167/ED/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गौरव शर्मा पुत्र** राम किशन शर्मा, **निवासी** 186/6, अशोक मोहल्ला भूतों वाली गली, नांगलोई, दिल्ली, ने **FIR No. 481/24 Dt. 20.08.2024, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस स्टेशन मोती नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव शर्मा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गौरव शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 481/24 Dt. 20.08.2024, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस स्टेशन मोती नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **गौरव शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपिका गोयल शौकीन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (पश्चिम),
(महिला न्यायालय–03),
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/7071/WD/2025
(Court Matter)


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | एनडीएलएस में वीडियो निगरानी प्रणाली के साथ एकीकृत एआई आधारित फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम (एफआरएस) की खरीद। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 4,27,23,727.18 only |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 3,63,600/- Only |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 30.06.2025, 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या: 558–सिगनल–16–टेली–ओपनटेंडर–1014 दिनांक: 06.06.2025 1679/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य कार्यशाला प्रबंधक कार्यालय, रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, सोनीपत, उत्तर रेलवे, निम्नलिखित कार्य के लिए **ई–निविदा** करते है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सख्या | 01-RCNK-OPN-LUM-2025 | | |
| कार्य का नाम और कार्य स्थान | आरसीएनके में विभिन्न शॉप पर सामग्री की लोडिंग/अनलोडिंग के लिए अकुशल श्रमिकों का प्रावधान (कार्य के दायरे के अनुसार) | | |
| अनुमानित लागत | रुपये 10896205.44/- जीएसटी @ 18% सहित | | |
| बयाना राशि | ₹ 204500.00/- | कार्य अवधि | स्वीकृत पत्र की तारीख से 24 माह |
| निविदा फार्म का मूल्य | ₹ 5000/- | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि व समय | दिनांक 19.06.2025 समय 15:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने के लिए इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा IREPS साईट पर उपलब्ध है जो कि है www.ireps.gov.in | | |

यदि हिन्दी व इंग्लिश के नोटिस में कोई विरोधाभास है, तो इंग्लिश का नोटिस ही मान्य होगा।

पत्र सं.: 01-RCNK-OPN-LUM-2025 दिनांक: 04.06.2025 1664/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

फाइल स.: सी/झाँसी/341/एस.टी.बी.ए./पी.ए.
विज्ञापन संख्या: 03/NSG-4, NSG-5 & NSG-6/2025 दिनाँक: 03.06.2025

### स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति हेतु विज्ञापन

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी भारत के राष्ट्रपति की ओर से झाँसी मण्डल के अंतर्गत निम्नलिखित 'एन.एस.जी.-4, एन.एस.जी.-5 & एन.एस.जी.-6' श्रेणी के **46 स्टेशनों** पर कम्प्युटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यूटीएस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को बेचने हेतु कमीशन के आधार पर प्रत्येक स्टेशन पर एक स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए.) के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं :-

| क्र.सं. | स्टेशन का नाम | स्टेशन कोड | श्रेणी | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | दतिया | DAA | NSG-4 | 1 |
| 2 | डबरा | DBA | NSG-4 | 1 |
| 3 | उरई | ORAI | NSG-4 | 2 |
| 4 | ईशानगर | ISHN | NSG-5 | 1 |
| 5 | निवाड़ी | NEW | NSG-5 | 1 |
| 6 | पुखरायां | PHN | NSG-5 | 2 |
| 7 | खरगापुर | KHGP | NSG-5 | 2 |
| 8 | टीकमगढ़ | TKMG | NSG-5 | 1 |
| 9 | आटा | ATA | NSG-6 | 1 |
| 10 | भरतकूप | BTKP | NSG-6 | 1 |
| 11 | चौराह | CNH | NSG-6 | 1 |
| 12 | जौरा अलापुर | JPO | NSG-6 | 1 |
| 13 | जाखलौन | JLN | NSG-6 | 1 |
| 14 | खैरार जंक्शन | KID | NSG-6 | 1 |
| 15 | खोह | KHOH | NSG-6 | 1 |
| 16 | मालनपुर | MLAR | NSG-6 | 1 |
| 17 | पामां | PMN | NSG-6 | 1 |
| 18 | पतारा | PTRE | NSG-6 | 1 |
| 19 | आगासौद | AGD | NSG-6 | 1 |
| 20 | अनंत पेठ | AEH | NSG-6 | 1 |
| 21 | आंतरी | ARI | NSG-6 | 1 |
| 22 | भुआ | BHUA | NSG-6 | 1 |
| 23 | बिजौली | BJI | NSG-6 | 1 |
| 24 | बिजरोठा | BJA | NSG-6 | 1 |
| 25 | बुड़पुरा | BPW | NSG-6 | 1 |
| 26 | बरीपुरा | BPRA | NSG-6 | 1 |
| 27 | चरखारी | CRC | NSG-6 | 1 |
| 28 | चितहरी | CHIT | NSG-6 | 1 |
| 29 | डिगवाही | DWI | NSG-6 | 1 |
| 30 | घुटई | GTI | NSG-6 | 1 |
| 31 | हेतमपुर | HET | NSG-6 | 1 |
| 32 | करारी | KRQ | NSG-6 | 1 |
| 33 | करौंदा | KOA | NSG-6 | 1 |
| 34 | माताटीला | MZX | NSG-6 | 1 |
| 35 | मलासा | MLS | NSG-6 | 1 |
| 36 | नन्दखास | NDK | NSG-6 | 1 |
| 37 | परौना | PRN | NSG-6 | 1 |
| 38 | रसूलपुर गोगामऊ | RPGU | NSG-6 | 1 |
| 39 | सांक | SANK | NSG-6 | 1 |
| 40 | सरसोकी | SSKI | NSG-6 | 1 |
| 41 | सिकरौदा कंवारी | SIKD | NSG-6 | 1 |
| 42 | सिथौली | STLI | NSG-6 | 1 |
| 43 | ऊसरगांव | URG | NSG-6 | 1 |
| 44 | दरियागंज | DAYG | NSG-6 | 1 |
| 45 | बामोर गाँव | BMZ | NSG-6 | 1 |
| 46 | दैलवारा | DWA | NSG-6 | 1 |
| कुल एन.एस.जी.-4, एन.एस.जी.-5 एवं एन.एस.जी.-6 श्रेणी स्टेशन = 46 | | | | |

**टिप्पणी**- उक्त सारणी में अंकित स्टेशनों पर प्रस्तावित कार्य घंटे (शिफ्ट) क्रम संख्या 01 से 05 तक 08 hrs, क्रम संख्या 06 से 08 तक 12 hrs, और क्रम संख्या 09 से 46 तक Round the clock (24 hrs) है। आवेदन का एक मानक प्रोफार्मा निर्धारित है। उम्मीदवार आवेदन फार्म सभी नियमों व शर्तों के साथ रु.1180/- (एक हज़ार एक सौ अस्सी मात्र) रेलवे बुकिंग कार्यालय द्वारा जारी मनी रसीद जमा कर वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी के कार्यालय से दिनाँक 01.07.2025 से किसी भी कार्य दिवस में **सुबह 10.00 बजे से शाम 5.00 बजे** तक प्राप्त कर सकते हैं। सभी नियम व शर्तों के साथ आवेदनकर्ता उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **www.ncr.indianrailways.gov.in** से डाउन लोड कर आवेदन फार्म प्रयोग कर सकते हैं, इसके लिए उन्हें आवेदन फ़ार्म का मूल्य रु. 1180/- (रु. एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) एवं वापसी योग्य बयाना राशि NSG-4 के लिये रु.10000/- (रु. दस हजार मात्र), NSG-5 के लिये रु.5000/- (रु. पाच हजार मात्र) और NSG-6 के लिये रु. 2000/- (रु. दो हजार मात्र) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि राष्ट्रीयकृत/अधिसूचित बैंक द्वारा जारी किया गया हो / मनी रसीद (रेलवे बुकिंग कार्यालय के द्वारा जारी) के रूप में **वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी** के पक्ष में भुगतान योग्य हो संलग्न करना होगा। डाउनलोडेड आवेदन फार्म निर्धारित मूल्य के बिना प्राप्त होने पर आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र **दिनांक- 02.07.2025** को **समय 15.00 बजे** तक सील बंद लिफाफे जिस पर आवेदक का नाम, पता तथा स्टेशन का नाम लिखा हो, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी के कार्यालय में सील बंद पेटिका में डाले जायेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन पत्रों का सील बॉक्स **दिनांक 02.07.2025** को **समय 15.30 बजे** वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, झाँसी के कार्यालय में खोला जायेगा। आवेदक यदि चाहे तो सील बॉक्स खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।

मण्डल रेल प्रबंधक (वा.)
उत्तर मध्य रेल, झाँसी

981/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 'दिल्ली में अब कोई नहीं रहेगा प्यासा'

शालीमार बाग में वाटर एटीएम का उद्घाटन, छात्रों और नागरिकों को मिलेगा स्वच्छ जल

**लोकार्पण**

**गर्मियों में अब लोगों को प्यास से परेशान नहीं होना पड़ेगा: मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र स्थित बीएल-ब्लॉक स्थित सरकारी विद्यालय परिसर में 'वाटर एटीएम' का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मियों में अब लोगों को प्यास से परेशान नहीं होना पड़ेगा। ठंडा और साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से राजधानी में विशेषकर स्कूल परिसरों और सार्वजनिक स्थलों पर हजारों वाटर एटीएम लगाए जा रहे हैं। इस वाटर एटीएम के माध्यम से स्कूल के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सड़क से गुजरने वाले आम नागरिक भी स्वच्छ और ठंडे जल का लाभ ले सकेंगे।

**सीएम रेखा गुप्ता ने निर्जला एकादशी की दी शुभकामनाएं :** मुख्यमंत्री ने सभी को निर्जला एकादशी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि निर्जला एकादशी पर जल सेवा का विशेष महत्व होता है। आज हम दिल्ली के इस सरकारी स्कूल से वाटर एटीएम लगाने की शुरूआत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्कूल की छात्राओं को पानी की बोतलें भी वितरित कीं गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल सेवा भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। जहां विदेशों में पानी बिकता है, वहीं भारत में राहगीरों को ठंडा जल पिलाना हमारी परंपरा है। हमारी सरकार ने यह संकल्प लिया है कि गर्मी के दिनों में किसी को भी पीने के पानी की दिक्कत नहीं होनी चाहिए चाहे वह राह चलता मुसाफिर हो, रेहड़ी-पटरी वाला श्रमिक हो या कोई छात्र।

**दसवीं कक्षा के 1200 टॉपर्स को देंगे लैपटॉप: रेखा गुप्ता**
मुख्यमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में में बताया कि 10वीं कक्षा के 1200 टॉपर्स को लैपटॉप उपहार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे, जिससे वे अपनी शिक्षा के माध्यम से जीवन के नए आयामों को प्राप्त कर सकें। मुख्यमंत्री ने शालीमार बाग स्थित जीएसकेवी विद्यालय में विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के प्रमुखों के साथ संवाद किया। इस दौरान विद्यालय प्रमुखों के साथ स्कूलों के विकास और सुधार संबंधित विस्तृत चर्चा की, उनकी समस्याओं को सुना और समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित दिशा-निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकारी स्कूलों के प्रमुखों से किया संवाद




**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग स्थित जीएसकेवी विद्यालय में विधानसभा क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के प्रमुखों के साथ संवाद किया। मुख्यमंत्री एक्स पर कहा कि इस दौरान विद्यालय प्रमुखों के साथ स्कूलों के विकास और सुधार संबंधित विस्तृत चर्चा की और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को त्वरित दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्कूल प्रमुखों से अपील कि वे छात्रों के साथ सद्भावना और आदर्श व्यवहार रखें और सभी को समान अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि हमारा दृढ़ विश्वास है कि हर विद्यालय और हर शिक्षक दिल्ली की शिक्षा क्रांति की रीढ़ हैं। सरकार का संकल्प है कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी और नैतिक शिक्षा मिले। शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, यह जीवन निर्माण का एक अहम माध्यम है और इस प्रक्रिया में हमारे शिक्षक हमारे सबसे बड़े सहयोगी हैं। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी उपस्थित रहे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आज निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर शालीमार बाग में वॉटर एटीएम को दिल्ली की जनता को समर्पित किया।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई: 2.42 लाख विदेशी सिगरेट जब्त

**सफलता**

**अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से दिल्ली पहुंचे थे। पकड़ी गई सिगरेटों में कोई भी स्वास्थ्य चेतावनी नहीं थी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने अंतरराष्ट्रीय सिगरेट तस्करी के एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए 2.42 लाख अवैध विदेशी सिगरेट जब्त की हैं। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। यह आरोपित अलग-अलग अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से दिल्ली पहुंचे थे। पकड़ी गई सिगरेटों में कोई भी स्वास्थ्य चेतावनी नहीं थी, जो भारत सरकार के कानून के खिलाफ है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बताया कि क्राइम ब्रांच की इंटर स्टेट सेल को खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध लोग विदेशों से दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर बड़ी मात्रा में विदेशी सिगरेट की तस्करी करने वाले हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर पंकज मलिक के नेतृत्व में एक टीम ने मौके पर निगरानी शुरू की।
टीम ने पांच लोगों को संदिग्ध हालत में बड़े बैग्स के साथ पकड़ा। पूछताछ और जांच के दौरान उनके बैग्स से विदेशी ब्रांड की सिगरेट बरामद हुईं। जिन पर भारतीय स्वास्थ्य चेतावनी अंकित नहीं थी।

### दुबई या बैंकॉक भेजा जाता था

**विवेक** कुमार कन्नौजिया के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके कब्जे से 54,000 सिगरेट बरामद की। दूसरे आरोपित जाकिर आलम से 64,000 सिगरेट, तीसरे आरोपित मो. शुएब से 36,000 सिगरेट, गुलसनावर के पास से 44,000 सिगरेट और नाज़िश के पास से 44,000 सिगरेट बरामद की गई। डीसीपी ने बताया कि कुल 10 बैग्स से 2,42,000 सिगरेट स्टिक बरामद हुई है। सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में सामने आया कि ये सभी व्यक्ति एक अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। इन्हें दुबई या बैंकॉक भेजा जाता था। जहां से ये अवैध सिगरेट भारत लाते थे। हर ट्रिप के बदले इन्हें 70,000 से 80,000 की रकम दी जाती थी। ये रात या सुबह की उड़ानों से लौटते थे। जिससे कस्टम की निगरानी से बच सकें। दिलचस्प बात यह है कि ये पांचों एक-दूसरे को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते थे। जिससे पता चलता है कि तस्करी का यह रैकेट 'हब एंड स्पोक' मॉडल पर काम करता है।

## दिल्ली के उपमहापौर ने नजफगढ़ जोन के छावला वार्ड का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपमहापौर जय भगवान यादव ने दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मेगा स्वच्छता अभियान' के तहत शुक्रवार को नजफगढ़ जोन के छावला वार्ड का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सफाई व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान स्थानीय निवासियों ने वार्ड में लगे बिजली के खंभों की खराब स्थिति के बारे में उपमहापौर को अवगत कराया। मामले का संज्ञान लेते हुए जय भगवान यादव ने अधिकारियों को लाइटों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने और क्षेत्र में कोई डॉर्क स्पॉट्स न रहे का निर्देश दिया। यादव ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आकांक्षा को पूरी तरह साकार करेंगे और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में दिल्ली को स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाएंगे। उपमहापौर ने छावला के कंगनहेड़ी और बड़ू सराय गांव में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

## पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी महिला को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के साउथ कैंपस थाना पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रही बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला की पहचान बांग्लादेशी निवासी मुन्नी खातून (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर महिला को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय को सौंप दिया है। दक्षिण-पश्चिम जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि साउथ कैंपस थाना क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों की निगरानी के लिए एक विशेष टीम बनाई गई थी। जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर रविंदर वर्मा कर रहे थे। टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक बांग्लादेशी महिला जो पहले कटवारिया सराय में रहती थी और अब रेवाड़ी (हरियाणा) में रह रही है। अक्सर दिल्ली के सत्यनिकेतन और शास्त्री मार्केट क्षेत्र में आती जाती है। उसकी मोबाइल नंबर की निगरानी की गई तो पता चला कि यह महिला आरियन नामक बच्चे की मां है, जिसे पहले 15 अप्रैल 2025 को उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ डिटेंशन सेंटर भेजा गया था। पुलिस ने सूचना को पुख्ता कर महिला को पकड़ा। पूछताछ में आरोपित मुन्नी खातून ने बताया कि वह अपने पति और बेटे के साथ 2018 में बॉर्डर के रास्ते अवैध रूप से भारत में दाखिल हुई थी।

## अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, चार आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

**इस अभियान में दो कुख्यात वाहन चोर और दो चोरी की गाड़ियों के खरीददारों को गिरफ्तार किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस अभियान में दो कुख्यात वाहन चोर और दो चोरी की गाड़ियों के खरीददारों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दिल्ली और कोलकाता से चार लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं। गिरफ्तार सभी आरोपित पहले से 45 से अधिक मामलों में शामिल रह चुके हैं। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित अभिषेक उर्फ सत्यम बाजपेयी को शाहदरा के रोहताश नगर क्षेत्र से दबोचा गया। पूछताछ में उसने एक मारुति बलेनो कार की चोरी की बात कबूली, जो वसंत कुंज से चोरी हुई थी। इसके बाद कोर्ट से पुलिस रिमांड प्राप्त कर सख्ती से पूछताछ की गई। रिमांड के दौरान उसकी निशानदेही पर सेल्टॉस कार (मौर्य एनक्लेव), मारुति स्विफ्ट (मोती नगर) और कोलकाता से होंडा डब्लूआरवी कार भी बरामद की गई। इस कड़ी में आरोपित इरफान उर्फ पिंटू, जानी उर्फ तानी, और कोलकाता से नौशाद उर्फ राजू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अभिषेक का पिता दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों की खरीद-फरोख्त का काम करता था। जहां उसकी मुलाकात जानी से हुई। दोनों ने मिलकर कार चोरी शुरू की। इरफान चोरी की गाड़ियां खरीदता था और उन्हें नौशाद को कोलकाता भेजता था। गिरोह एक गाड़ी बेचने पर 80,000 से 1,00,000 कमाता था। आरोपित चोरी के लिए कोडिंग टैब और नकली चाबियों का इस्तेमाल करते थे। डीसीपी के अनुसार जांच में पता चला है कि पकड़ा गया अभिषेक उर्फ सत्यम (23) उप्र का रहने वाला है। वह 12वीं तक पढ़ा। वह 20 से अधिक मामलों में शामिल रहा है। वह उप्र गैंगस्टर एक्ट के तहत वांछित है। इरफान उर्फ पिंटू (35) 5 मामलों में शामिल है। इसी क्रम में जानी उर्फ तानी (45) 15 मामलों में शामिल रहा है। वहीं नौशाद उर्फ राजू (51) पहले बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम करता था।

## आठवीं विधानसभा के 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड जारी किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने आठवीं विधानसभा के 100 दिन का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट और मुख्य सचेतक अभय वर्मा भी इस दौरान मौजूद रहे। स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस रिपोर्ट कार्ड में 100 दिन के नवाचार का ब्यौरा दिया गया है। विरासत से विकास की ओर... सोच के साथ यहां बहुत कुछ पहली बार किया जा रहा है। हमारा प्रयास इस विधानसभा को लिविंग हैरिटेज बनाने की है।

**कभी नहीं सोचा था कि विधायक बनूंगा: रविंद्र सिंह**
रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा कि कभी सोचा नहीं था कि पिता के बाद कभी मैं भी विधायक और मंत्री बनूंगा। इस विधानसभा को जीवंत करना भी जरूरी था। इस विधानसभा से बहुत महापुरुष भी निकले हैं। उम्मीद करता हूं कि दिल्ली विधानसभा का असल स्वरूप दिल्ली वालों के सामने आ सकेगा। **हर्ष मल्होत्रा**
वहीं, हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि विधानसभा के लोकतांत्रिक मूल्यों को लौटाने का श्रेय भी स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को जाता है।

## दिल्ली दंगा: आरोप तय करने पर नए सिरे से सुनवाई




**सुनवाई**

**मामले में एडिशनल सेशंस जज ललित कुमार ने 2 जुलाई से सुनवाई करने का आदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली का कड़कड़डूमा कोर्ट ने दिल्ली हिंसा की साजिश रचने को लेकर आरोप तय करने के मामले में एडिशनल सेशंस जज ललित कुमार ने 2 जुलाई से सुनवाई करने का आदेश दिया। इससे पहले एडिशनल सेशंस जज समीर बाजपेयी आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने पर सुनवाई कर रहे थे। हाई कोर्ट ने बड़ी संख्या में दिल्ली में न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर किया जिसमें उनका भी ट्रांसफर कर दिया। समीर बाजपेयी की जगह ललित कुमार ने ली है जो अब आरोप तय करने पर नये सिरे से सुनवाई करेंगे। 6 मार्च, 2020 को एफआईआर दर्ज होने के बाद उमर खालिद समेत 18 आरोपितों के खिलाफ यूएपीए के तहत दर्ज मामले में चार्जशीट दाखिल की गयी है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने कहा कि वे पांच दिनों तक 4-5 घंटे का समय लेंगे। उसके बाद कोर्ट ने 2 जुलाई को सुनवाई करने का आदेश दिया। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने जांच पूरी कर ली है। इसके पहले समीर बाजपेयी की कोर्ट ने 5 सितंबर से आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर सुनवाई शुरू कर दी थी। दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया था कि 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुआ दंगा गहरी साजिश का नतीजा थी।
दिल्ली पुलिस की ओर से पेश स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर अमित प्रसाद ने कहा था कि 4 दिसंबर, 2019 को नागरिकता संशोधन कानून संसद की ओर से पारित होने के बाद दंगे की साजिश रची गई। उन्होंने चार्जशीट का जिक्र करते हुए कहा कि दंगे की इस साजिश में कई संगठन शामिल थे।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में आरोपित गिरफ्तार



**काबू**

**पुलिस ने उसके कब्जे से 1.896 किलोग्राम चरस बरामद की है। बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने खजूरी चौक के पास से एक शातिर ड्रग तस्कर पवन कुमार (51) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1.896 किलोग्राम चरस बरामद की है। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि यह कार्रवाई एसआई सोमाया कुल्हड़ की देखरेख में पुलिस टीम ने किया। क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली कि थी कि आरोपित पवन कुमार गांव पोचनपुर एक्सटेंशन-ए, द्वारका से एक सफेद होंडा एक्टिवा स्कूटी पर सवार होकर ड्रग डिलीवरी के इरादे से खजूरी चौक पर जाने वाला है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने इलाके में जाल बिछाया। आरोपित के आते ही पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से भारी मात्रा में चरस बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर आरोपित गिरफ्तार किया। पूछताछ में पवन कुमार ने कबूला कि वह पिछले 15-20 वर्षों से चरस तस्करी के धंधे में सक्रिय है। वह हिमाचल प्रदेश से दिल्ली और आसपास के इलाकों में चरस सप्लाई करता था। इसके लिए वह अपनी स्कूटी का इस्तेमाल करता था।
जांच में यह भी सामने आया कि पवन पहले भी ड्रग्स के मामले में पकड़ा जा चुका है। वर्ष 2011 में उसे हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के बंजार थाने में चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था।

## मामूली कहासुनी के दौरान युवक को मारा चाकू, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पश्चिम जिले के सरोजनी नगर इलाके में मामूली कहासुनी में युवक को चाकू मारने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल एक धारदार चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार युवक की पहचान आरके पुरम निवासी निखिल (22) के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपित पहले से तीन आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। दक्षिण-पश्चिम जिले केडीसीपी अमित गोयल ने बताया कि घटना 3 और 4 जून की दरम्यानी रात का है। पुलिस कंट्रोल रूम को एक कॉल प्राप्त हुई। जिसमें बताया गया कि किसी लड़के ने कॉलर के भाई के सीने में चाकू घोंप दिया है और वे उसे सफदरजंग अस्पताल ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और पाया कि आरोपित निखिल और घायल कृष्ण के बीच किसी बात पर बहस हो गई थी। बहस के दौरान गुस्से में आकर निखिल ने चाकू निकाल कर कृष्ण के सीने में वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपित निखिल को उसके घर सेक्टर-13, आरके पुरम से गिरफ्तार किया।

## प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट की तस्करी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की टीम ने प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट की तस्करी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 2.42 लाख अवैध सिगरेट जब्त की गई है। जब्त किए गए ब्रांडों में एस्से चेंज केटीएंडजी, एस्से स्पेशल गोल्ड और मोंड वेरियंस ब्लूबेरी मेंथाल शामिल हैं, जिनमें से सभी पर अनिवार्य भारतीय स्वास्थ्य चेतावनी नहीं थी। आरोपित दुबई और बैंकाक से प्रतिबंधित सिगरेट की खेप लाते थे, जिससे उन्हें प्रति ट्रिप 70 हजार से 80 हजार की कमाई होती थी।

## सात महीने से फरार चल रहा आरोपित गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने जहांगीरपुरी क्षेत्र में हुए कुख्यात गैंगवार के मुख्य आरोपितों में से एक विपिन (32) को गिरफ्तार किया है। आरोपित करीब सात महीने से फरार चल रहा था और पुलिस को उसकी तलाश थी। गैंगवार में एक व्यक्ति की गोली लगने से मौत हो गई थी। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार यह झगड़ा 20-21 अक्टूबर 2024 की रात को हुआ था। प्रिंस गैंग और नरेंद्र पहलवान गैंग के बीच पुरानी रंजिश के चलते भिड़ंत हो गई थी। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों ने जमकर फायरिंग और चाकूबाजी की थी। इस हिंसक घटना में दीपक जो प्रिंस गैंग से जुड़ा हुआ था, की गोली लगने से मौत हो गई थी। वहीं नरेंद्र और सूरज नामक युवक चाकू और गोली लगने से घायल हुए थे। मामले को लेकर क्रॉस एफआईआर जहांगीरपुरी थाने में दर्ज की गई थीं। इस वारदात के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्राइम ब्रांच की टीम को आरोपितों की धरपकड़ के निर्देश दिए थे। डीसीपी के अनुसार पांच जून को हेड कांस्टेबल नवल को गुप्त सूचना मिली कि विपिन अपने साथियों से मिलने जहांगीरपुरी आने वाला है।

### युवक को मारा चाकू

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के गांधी नगर इलाके में एक 18 वर्षीय युवक पर चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार घायल युवक की पहचान सीलमपुर निवासी अजीम के रूप में हुई है। घटना के बाद घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिस को चाकू मारने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जांच अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचने से पहले ही घायल को पीसीआर वाहन की सहायता से अस्पताल भेजा जा चुका था। अस्पताल में अजीम के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। घायल युवक ने अपने बयान में बताया कि शादाब (25) और शाने आलम (21) दोनों लखीमपुर खीरी के रहने वाले है। यह उसी इमारत की पहली मंजिल पर रहते हैं, जहां वह परिवार के साथ रहते है। पीड़ित ने बताया कि चार जून की शाम आरोपित शाने आलम द्वारा एक अज्ञात लड़की पर अभद्र टिप्पणी की गई थी।

# पलवल विधानसभा क्षेत्र भरेगा विकास की नई उड़ान, सीएम ने की करोड़ों रुपये की परियोजनाओं की घोषणाएं

- पलवल में बनेगा अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मॉर्डन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स
- सड़कों के नवीनीकरण के लिए 77 करोड़ 75 लाख रुपये की घोषणा
- सेक्टर-21 ट्रांसपोर्ट नगर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये की घोषणा
- 5 गांवों में वीआर ब्रिज के लिए 13 करोड़ रुपये की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पलवलवासियों को विकास परियोजनाओं की बड़ी सौगात देते हुए विधानसभा क्षेत्र के लिए अनेक घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि पलवल में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का मॉर्डन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाया जाएगा। साथ ही, 55 लाख रुपये की लागत से पलवल में इनडोर स्टेडियम को साउंडप्रूफ बनाया जाएगा। इसके अलावा, सेक्टर- 21 ट्रांसपोर्ट नगर में बुनियादी सुविधाओं जैसे पार्किंग, बरसाती पानी की निकासी, ड्रेनेज सिस्टम, जलापूर्ति इत्यादि के विकास के लिए 50 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने आज पलवल में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित करते हुए उपरोक्त घोषणाएं की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने 40 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 15 करोड़ 68 लाख रुपये की लागत की 3 परियोजनाओं का उ?द्घाटन तथा 24 करोड़ 71 लाख रुपये लागत की 4 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। नायब सिंह सैनी ने घोषणा करते हुए कहा कि पलवल विधानसभा क्षेत्र में 152 किलोमीटर की 75 सड़कें, जो अभी गारंटी पीरियड में हैं, संबंधित एजेंसियों के माध्यम से इन सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। साथ ही, 37.5 किलोमीटर की 8 सड़कों की मरम्मत के लिए 37 करोड़ 57 लाख रुपये तथा 54.5 किलोमीटर लंबाई की 26 सड़कों के नवीनीकरण के लिए 40 करोड़ 18 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने जनौली डिस्ट्रीब्यूटरी की रिमॉडलिंग के लिए 50 लाख रुपये तथा 5 गांवों में वीआर ब्रिज के लिए 13 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। जमीन उपलब?ध होने पर मुस्तफाबाद में 66 केवी और पलवल में लाइन पार क्षेत्र में 220 केवी का सब स्टेशन बनाया जाएगा। पलवल शहर में भूमि उपलब?ध होने पर विभागीय मानदंडों के अनुरूप दो नए स्कूल खोलने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पलवल शहर से बाहर भूमि उपलब?ध होने पर नई अनाज मंडी का निर्माण किया जाएगा। वार्ड नंबर 1 से 10 में कॉलोनियों में कच्ची गलियों को पक्का किया जाएगा।

उन्होंने पलवल विधानसभा क्षेत्र के गांवों में सामुदायिक केंद्रों के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पलवल शहर में पानी की निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम में सुधार किया जाएगा। बडौली को सब तहसील बनाने के लिए इस संबंध में गठित कमेटी को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके अलावा, अन्य मांगों की फिजिबिलिटी चैक करवाकर, उन्हें भी पूरा करवाया जाएगा।
उन्होंने कहा कि आगरा नहर की पटरी पर सड़क के विस्तार के फिजिबिलिटी चेक करवाकर इसे बनाने का कार्य किया जाएगा।
पलवल विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास कार्यों के लिए भी अलग से 5 करोड़ रुपये की घोषणा की।






## राज्य सरकार केंद्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कर रही काम

*नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत-विकसित हरियाणा को आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर गति से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 गौरवशाली वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन 11 वर्षों में हर भारतवासी ने एक ऐसे भारत का उदय देखा है, जो अपनी प्राचीन विरासत पर गर्व करता है, वर्तमान की चुनौतियों का डटकर सामना करता है और भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी सपने संजोता है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, उनकी अदम्य इच्छाशक्ति और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र ने देश को एक नई दिशा और एक नई ऊर्जा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी ने देश के प्रधान सेवक का पदभार संभाला, उस समय हमारी अर्थव्यवस्था पूरे संसार में 11वें स्थान पर थी, लेकिन आज भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 2014 से पहले प्रदेश में विकास की गति धीमी थी और आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं होता था, न ही उनको योजनाओं का लाभ मिलता था। लेकिन 2014 के बाद हमारी सरकार ने हरियाणा में दोगुनी गति से विकास कार्य किए हैं। 10 सालों से अधिक समय के कार्यकाल में पलवल विधानसभा क्षेत्र में 1270 करोड़ रुपये के विकास कार्य करवाए हैं।*

## राहुल और कांग्रेस पार्टी को देश से मांगनी चाहिए माफी

*मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान को निंदनीय बताते हुए कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस सरकार और वर्तमान सरकार के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि 2014 से पहले हरियाणा के 17 लाख बुजुर्गों को पेंशन मिलती थी, जबकि आज वर्तमान सरकार द्वारा 36 लाख से अधिक बुजुर्गों को 3 हजार रुपये महीना सम्मान भत्ता दिया जा रहा है। कांग्रेस के 10 वर्ष के कार्यकाल में प्रदेश में फसल खराबे पर किसानों को केवल 1155 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया, जबकि हमारी सरकार ने 10 सालों में 15,145 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया। कांग्रेस के समय में गरीबों को बीमारियों के इलाज के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता था, जबकि आज आयुष्मान योजना के माध्यम से गरीबों का इलाज हो रहा है। इसके तहत अब तक 20 लाख से अधिक लोगों को 2 हजार 767 करोड़ रुपये का मुफ्त इलाज प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में कांग्रेस ने छः मेडिकल कॉलेज बनाए, जबकि वर्तमान सरकार ने 9 कॉलेज बनाने का काम किया और 9 अन्य कॉलेज निमार्णाधीन हैं। वहीं, कांग्रेस के समय में एमबीबीएस की मात्र 700 सीटें होती थी, जबकि आज 2185 सीटें हैं।*

# सिंचाई पानी का असंतुलित वितरण चिंताजनकः सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश के जिलों में सिंचाई पानी का असंतुलित वितरण चिंताजनक बना हुआ है, नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने पर फसलों की सिंचाई तक नहीं हो पा रही है तो दूर दराज गांवों में पेयजल संकट भी बना हुआ है। सरकार को सभी जिलों के लिए पानी वितरण का स्पष्ट और समान शेड्यूल तुरंत जारी करते हुए टेल तक पानी पहुंचाने के लिए प्रभावी निगरानी एवं नियंत्रण प्रणाली बनानी चाहिए। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा प्रदेश के अनेक जिलों में पिछले कई महीनों से नहरों के माध्यम से सिंचाई जल का वितरण भारी अव्यवस्था और भेदभाव का शिकार बना हुआ है। जल वितरण के लिए निर्धारित रोटेशन प्रणाली का पालन न होने तथा स्पष्ट शेड्यूल जारी न किए जाने के कारण लाखों किसानों को फसल सिंचाई के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुमारी सैलजा ने कहा कि पानी जैसा महत्वपूर्ण संसाधन राजनीति और पक्षपात की भेंट चढ़ रहा है। अनेक जिलों में महीनों से नहरों में पानी नहीं पहुंच रहा, जबकि कुछ

**उठाए सवाल**

- रोटेशन प्रणाली और पानी वितरण शेड्यूल को पारदर्शी बनाए सिंचाई विभाग

क्षेत्रों में निरंतर आपूर्ति की जा रही है। यह स्थिति राज्य के किसानों के साथ अन्याय है, विशेष रूप से वे किसान जो टेल क्षेत्र (नहरों के अंतिम छोर) पर निर्भर हैं। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि कुछ प्रशासनिक और राजनीतिक प्रभाव वाले जिलों को बार-बार पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि शेष जिलों को सूखा झेलने पर विवश किया जा रहा है। इससे न केवल रबी व खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है, बल्कि भूजल स्तर पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा सिंचाई विभाग की रोटेशन प्रणाली और पानी वितरण शेड्यूल को पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। प्रत्येक जिले के लिए पानी वितरण की समय-सारणी एसडब्ल्यूआईसी पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड की जाए और उसमें किसी प्रकार का भेदभाव न किया जाए।

# प्रदेश में लगातार खराब होती जा रही कानून व्यवस्थाः इनेलो

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बताया कि प्रदेश में लगातार खराब होती कानून व्यवस्था के चलते और पानीपत के गांव निजाम में एक बिल्डर के बाउंसरों द्वारा किसान को जिंदा जलाने की घटना के विरोध में इनेलो पार्टी 10 जून को सुबह 10 बजे पानीपत जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करेगी। इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. अभय सिंह चौटाला और उनकी अगुवाई में किया जाएगा प्रदर्शन। यह बीजेपी सरकार के कुशासन के अंत और इनेलो की शुरूआत का आगाज होगा। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से दिवालिया पिट चुका है। बदमाश बेखौफ और बेधडक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और बीजेपी सरकार अंधी, बहरी और गूंगी बनी हुई है। मुख्यमंत्री सिर्फ भाषणवीर बने हुए हैं, करते कुछ नहीं हैं। पुलिस महकमे को पंगु बना कर छोड़ दिया है। न थाने में किसी की सुनवाई है और न ही सरकार किसी की सुन रही है। पानीपत के गांव निजामपुर में एक बिल्डर के बाउंसरों ने किसान को जिंदा जलाकर मार दिया। बिल्डर को सरकार का संरक्षण मिला हुआ है जिसके कारण उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। हमारी बीजेपी सरकार को चेतावनी है कि अगर 10 जून तक दोषियों को नहीं पकड़ा गया तो इनेलो पार्टी द्वारा उपायुक्त दफ्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

**विरोध**

- बिल्डर के बाउंसरों ने किसान को जिंदा जलाकर मार डाला, बिल्डर के खिलाफ नहीं की कोई कार्रवाई:
- रामपाल माजरा मृतक किसान के परिवार को दो करोड़ रूपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए

साथ ही हमारी मांग है कि मृतक किसान के परिवार को दो करोड़ रूपए मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।
उन्होने कहा कि कोई एक दिन ऐसा नही जाता जब हत्या, लूट, दलित महिलाओं के साथ बलात्कार और रंगदारी की घटना न हो। प्रदेश की जनता बुरी तरह से खौफ के साए में जी रही है। इसी साल फरवरी में पंचकूला में सात राज्यों के डीजीपी की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई थी जिसमें बड़ा खुलासा हुआ था कि हरियाणा में इस समय 80 आपराधिक गिरोह सक्रिय हैं, जिनमें दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में आठ बड़े जबरन वसूली गिरोह समेत दुबई, पाकिस्तान, अर्मेनिया, थाईलैंड, अमेरिका, पोर्तुगल, और कनाडा में बैठे गैंगस्टर शामिल हैं।

# हरियाणा ने 11 वर्षों में किया ऐतिहासिक विकासः केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

## मुख्य सचिव 10 जून को प्रगति की करेंगे समीक्षा, लापरवाही के लिए सम्बंधित अधिकारी होंगे जिम्मेवारः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि पिछले लगभग 11 वर्षों में हरियाणा ने अभूतपूर्व विकास की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया है, जिनसे आम जनता को सीधा लाभ हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री आज पलवल में आयोजित धन्यवाद रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस सरकार के कार्यकाल और वर्तमान सरकार के कार्यकाल की तुलना करते हुए कहा कि 2014 तक हरियाणा के 6700 गांवों में से सिर्फ 600 गांवों में 24 घंटे बिजली आती थी। जबकि हमारी सरकार ने 600 गांवों को बढ़ाकर 6 हजार किया है। कांग्रेस सरकार ने 10 सालों में 500 किलोमीटर हाईवे बनाए जबकि हमारी सरकार ने 10 सालों में 5000 किलोमीटर हाइवे बनाए। कांग्रेस सरकार में केवल 1000 रुपए पेंशन मिलती थी, जबकि आज राज्य सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन को 3000 रुपए तक बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने 24 फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया है।



हरियाणा सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें महिला कॉलेजों की स्थापना, नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना, और आंगनवाड़ी कार्यकताओं की वेतन वृद्धि शामिल हैं। कृष्ण लाल गुर्जर ने सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने किसानों के लिए फसल बीमा योजना, प्राकृतिक आपदाओं में सहायता और डीएपी की कीमतों में नियंत्रण जैसे कदमों से किसानों को सशक्त करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की फसलों के नुकसान की स्थिति में मुआवजा देने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया है।

**चुनावों में जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनकल्याणकारी नीतियों पर जताया विश्वासः विपुल गोयल**
शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। वे एक ऐसे जन नेता हैं जो 24 घंटे जनता की सेवा, समस्याओं के समाधान और प्रदेश के समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से समर्पित हैं। उनके नेतृत्व में हरियाणा एक नए युग में प्रवेश कर चुका है, जहां पारदर्शिता, जनभागीदारी और विकास की स्पष्ट दिशा दिखाई देती है।

# फतेहाबाद पुलिस की नशा मुक्ति मुहिम बनी मिसाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस की नशे के खिलाफ लड़ाई में फतेहाबाद पुलिस ने एक उल्लेखनीय मुकाम हासिल किया है। जिले की विशेष नशा मुक्ति टीम फतेहाबाद ने पीड़ित केंद्रित कार्य प्रणाली और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ी रणनीतियों से वह कर दिखाया है जो अक्सर सिर्फ.योजनाओं तक सीमित रह जाता है। पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद द्वारा लागू केयर टेकर कोंसेप्ट ने जमीनी स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को नई दिशा दी है। इस नवाचार के तहत हर 10 ड्रग पीड़ितों पर एक एसपीओ(स्पेशल पुलिस ऑफिसर) को नियुक्त किया गया है जो न केवल नियमित रूप से फोन पर संपर्क में रहते हैं, बल्कि नशे के पीड़ितों को इलाज जारी रखने के लिए प्रेरित भी करते हैं। साथ ही, 2-2 गाँव या वार्डों में संबंधित थाना स्तर से नियुक्त पुलिस कर्मी, न केवल निगरानी रखते हैं बल्कि केयर टेकरों को सहयोग भी देते हैं।

**अभियान**

- पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद द्वारा लागू केयर टेकर कोंसेप्ट ने जमीनी स्तर पर नशा मुक्ति अभियान को नई दिशा दी

**- डोर टू डोर काउंसलिंग बनी अभियान की रीढ़**
नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए फतेहाबाद पुलिस द्वारा शिक्षण संस्थानों में सेमिनार, गांवों और कस्बों में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। टीम इंचार्ज द्वारा प्रस्तुत स्वरचित कविताएं और प्रेरणादायक शॉर्ट फिल्मों ने युवाओं को भावनात्मक स्तर पर छूने का कार्य किया है। डोर टू डोर जाकर नशा पीड़ितों की गहन काउंसलिंग की जाती है जिसमें पीड़ितों की मानसिक और सामाजिक स्थिति को समझते हुए घरेलू उपचार, खानपान संबंधी सुझाव और विशेष तेल से मालिश जैसी विधियों से सुधार लाया जा रहा है।

**नशा मुक्ति शिविर**
उन गाँवों और इलाकों में जहां नशे के शिकार लोगों की संख्या अधिक पाई गई, वहाँ स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग के सहयोग से विशेष नशा मुक्ति शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में रक्त जांच के साथ-साथ एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाओं से उपचार किया गया। पुलिस के अनुसार, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक उपचार बिना साइड इफेक्ट के अधिक कारगर सिद्ध हो रहे हैं। इसके साथ ही योग सत्र, खेलकूद की प्रेरणा और सामुदायिक भागीदारी ने इस अभियान को सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया है।

# पीडब्ल्यूडी की 5 सेवाएं राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

**चंडीगढ़**-हरियाणा सरकार ने लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग की 5 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा निर्धारित की है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, अब राज्य राजमार्ग या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अधीन अनुसूचित सड़क से प्रवेश या निकासी के लिए क्लीयरेंस, उपयोग का अधिकार (राइट ऑफ यूज) के अधीन प्राकृतिक गैस या पाइप लाइन बिछाने की अनुमति और उपयोग का अधिकार के अधीन संचार अवसंरचना तथा ऑप्टिकल फाइबर केबल जैसी सम्बद्ध स्थापना बिछाने के लिए अनुमति 40 दिन के अंदर दी जाएगी। कार्यों तथा सेवाओं के लिए ठेकेदारों की सूचीबद्धता के लिए 45 दिन की समय-सीमा तय की गई है। इन सेवाओं के लिए सम्बन्धित अधीक्षण अभियंता को पदनामित अधिकारी नामित किया गया है जबकि सम्बन्धित मुख्य अभियंता को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और प्रमुख अभियंता को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा, अब छोटे गड्ढ़ों की मरम्मत 10 दिन के अन्दर की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को कुरुक्षेत्र का ब्रह्मसरोवर होगा योगमय

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने 21 जून 2025 को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सुव्यस्थित व अनूठे ढंग से मनाने का निर्णय लिया है। धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर पर राज्यस्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। समारोह में योग गुरु बाबा रामदेव भी पधारेंगे। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर केवल योग प्रदर्शन ही नहीं होगा बल्कि लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया जाएगा। यह सरकार के स्वस्थ, जागरूक और पर्यावरण के प्रति जागरूक दृष्टिकोण को दशार्ता है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि लोगों में अंतरराष्ट्री? योग दिवस को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। अब तक 70 हजार से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करवा लिया है।

**योग की तैयारी**

- अब तक 70 हजार से अधिक लोगों ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए करवाया रजिस्ट्रेशन

उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने पिछले 10 वर्षों में गांवों में योग एवं व्यामशालाएं खोली हैं, जिनमें प्रतिदिन ग्रामीण योग करके स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों में 250 इंडोर जिम खोले जाने की घोषणा की है। यह समारोह ह्ययोग युक्त, नशा मुक्तह्न थीम पर केंद्रित है, जो समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और व्यसन मुक्त समाज बनाने के दोहरे उद्देश्यों को पुष्ट करता है। यह नारा सरकार के स्वस्थ, जागरूक और पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के व्यापक दृष्टिकोण से भी मेल खाता है।

# पुलिस कार्यशैली में योग का समावेश होना अति आवश्यकः डॉ अरशिन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने का उद्देश्य देश-विदेश के लोगों को योग के प्रति जागरूक करना है और उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हुए कुशल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। योग भारत की प्राचीनतम विद्याओं में से एक है। योग ने विश्व में न केवल अपनी अलग पहचान बनाई है बल्कि विश्व गुरू बनने के मार्ग को भी प्रशस्त किया है। विश्व स्तर पर योग को स्वीकार किया जाना हम सबके लिए गौरवशाली है। निदेशक डॉ. अरशिन्दर सिंह चावला शुक्रवार को मधुबन पुलिस अकादमी के वच्छेर स्टेडियम में 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयुष विभाग हरियाणा, योग आयोग एवं पतंजलि के तत्वावधान में हरियाणा पुलिस अकादमी के सहयोग से विशाल योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा 21 जून के दिन को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने का प्रस्ताव दिया था, 11 दिसम्बर 2014 को भारत के इस प्रस्ताव को 177 देशों के समर्थन के साथ स्वीकार कर लिया गया और 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस क्रम में 21 जून 2025 को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को बहुत बडे स्तर पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन पद्धति है। आयुर्वेद में कहा जाता है कि योग वह औषधि है जो ब्रह्मांड में किसी भी रोग को ठीक करने की शक्ति रखती है। नियमित योग अभ्यास से मानसिक, बौद्धिक और शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है जो आपको सकरात्मकता की और अग्रसर करता है जो व्यक्ति के विकास में सहायक सिद्ध होता है। इस कार्यक्रम में योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया। इस योग प्रशिक्षण कार्यक्रम में 4 हजार प्रशिक्षणार्थियों, स्टॉफ स्दस्यों व अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने योग के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए सामान्य प्रोटोकॉल निर्धारित है, इस प्रोटोकॉल में सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम व ध्यान की क्रियाओं का समावेश किया गया है। हर आयु वर्ग के व्यक्ति इस आसान क्रियाओं को कुछ सावधानियों के साथ आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस की ओर संकेत करते हुए कहा कि मुझे मालूम है कि पुलिस जीवन चुनौतियों से भरा है, इसलिए आपकी कार्यशैली में योग का समावेश होना अति आश्वयक है। कहा भी गया है कि पहला सुख निरोगी काया । इस अवसर पर योग आयोग विभाग हरियाणा के वाईस चैयरमैन रोशन लाल ने कहा कि इस वर्ष हरियाणा का संकल्प है- रोग मुक्त हरियाणा-नशा मुक्त हरियाणा। योग करना सभी के लिए लाभकारी है, इससे दूसरों के प्रति करूणा और सेवाभाव मजबूत होता है। योग से न केवल स्वयं का बल्कि पूरे समाज का कल्याण होता है। उन्होंने कहा कि योग कला के साथ-साथ एक विज्ञान भी है। उन्होंने कहा कि 21 जून को कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा, जो योग महाकुंभ होगा।

**प्रशिक्षण**

- मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले मे आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम

**अभियान**

**कार्यक्रम का फोकस धान की सीधी बिजाई, बीज उपचार, खरपतवार प्रबंधन, मिट्टी व पानी की जांच प्रमुख**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत चार गांवों में खरीफ फसलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यें कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग व मत्स्य विभाग के तत्वाधान में किए गए।

इन कार्यक्रमों में लगभग 600 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम में उपयोग होने वाली सभी तकनीकों और योजनाओं के बारे में जानकारी देकर अपनाने के लिए प्रेरित करना और उनके आर्थिक उत्थान में मदद करना था।

कृषि विज्ञान केंद्र उझा के संयोजक डॉक्टर सतपाल ने बताया कि इस अभियान की शुरूआत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान द्वारा 29 मई को की गई थी और यह अभियान 12 जून तक चलाया जाएगा। अभी तक पानीपत जिले में इस अभियान के तहत लगभग 40 से अधिक गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से एक कार्यक्रम में स्वयं श्री शिवराज चौहान ने शिरकत की थी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत दो टीमों का गठन किया गया है। जिसमें वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हैं। इस अभियान के तहत प्राकृतिक खेती, धान की सीधी बिजाई, जैविक खेती, फसल विधि और विभागीय योजनाओं के बारे में सभी किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीक को दस्तावेज किया गया और किसानों द्वारा खेती में आने वाली समस्याओं को सुन उनके समाधान के बारे में बताया गया। वैज्ञानिकों द्वारा आगे आने वाले वर्षों में शोध किए जा सकने वाले विषयों पर किसानों से राय ली गई।

इस अभियान में किसानों के साथ आगे जुड़े रहने के लिए अधिकारियों और वैज्ञानिकों के मोबाइल नंबर भी किसानों के साथ साझा किए गए। सभी किसानों ने इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने की मांग करते हुए कहा कि इससे सभी किसानों की समस्याओं को खत्म किया जा सकता है और तकनीक को किसानों तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे खेती विकसित हो सकेगी और परिणामस्वरूप देश को विकसित बनने में गति मिलेगी।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ सतपाल सिंह ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसान को नवाचारों व खेती में कौन कौन सी समस्याओं आती हैं उनको जानना ताकि वैज्ञानिक भविष्य के अनुसंधान के मुद्दों को जान की उन मुद्दों पर शोध कर सके। इस अभियान के तहत मुख्य तौर पर खरीफ फसलों के किस्मों, धन की सीधी बिजाई, बीज उपचार, खरपतवार प्रबंधन, मिट्टी व पानी की जांच आदि विषयों पर फोकस किया जाता हैं।

इन कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ कुलदीप, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मोहित सहल, डॉ. राजेश कुमार, किसान कल्याण विभाग से डॉ. राधेश्याम, डॉ. अरविंद, मत्स्य विभाग से डॉ अनुज, बागवानी विभाग से बागवानी विकास अधिकारी और पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सक व आईसीएआर नई दिल्ली के वैज्ञानिकों की मुख्य भागेदारी रही हैं व गांव की पंचायतों के सरपंच व पंचों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

# कोर्ट परिसर के पास बढ़ते हादसों का खतरा: बैरिकेट की कमी से सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त

**खतरा**

**भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जबकि पैदल चलने वालों को सड़क पार करने में लंबा समय लगता है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप )** इंद्री शहर में स्थित कोर्ट परिसर और तहसील कार्यालय के सामने बने प्रमुख चौक पर सुरक्षा की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते हर दिन सड़क हादसों का खतरा मंडरा रहा है। इस चौक से भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं, जबकि पैदल चलने वालों को सड़क पार करने में लंबा समय लगता है।

स्थानीय अधिवक्ता राधेश्याम और कर्मबीर कश्यप ने बताया कि यह चौक करनाल से यमुनागर मार्ग पर स्थित है, जहां वाहनों की भीड़ और तेज रफ्तार हादसों को आम बना देती है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब प्रशासन की तरफ से यहां कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। इस चौक में न तो बैरिकेट्स हैं और न ही डिवाइडर की व्यवस्था, जिससे ट्रैफिक का नियंत्रण बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा सुरक्षा कर्मियों की भी यहाँ तैनाती नहीं होती जिसके चलते वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हैं और कई बार वाहन आपस में भी टकरा जाते हैं।

स्थानीय नागरिकों और अधिवक्ताओं ने प्रशासन से यह मांग की है कि इस चौक पर बैरिकेट्स और डिवाइडर लगाए जाएं, साथ ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। इस पहल से न सिर्फ सड़क हादसों को रोका जा सकेगा, बल्कि ट्रैफिक की व्यवस्था भी दुरुस्त होगी। स्थानीय निवासियों की यह उम्मीद है कि प्रशासन शीघ्र इस दिशा में कदम उठाएगा ताकि भविष्य में हादसों की संख्या को कम किया जा सके और लोगों को सुरक्षित यात्रा का माहौल मिले।

इंद्री के डीएसपी सतीश कुमार ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "सड़क सुरक्षा और जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, हम जल्द ही चौक पर बैरिकेट्स लगाएंगे और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करेंगे। जो वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।"

# हर व्यक्ति को एक दूसरे के काम आना चाहिए: राज पाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
स्थानीय सिविल हस्पताल मे स्थापित जन सेवा दल के कार्यालय मे आयोजित समारोह मे रोटरी क्लब मिड टाउन पानीपत के पदाअधिकारियों ने करीब एक लाख का डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए एक बड़ा फ्रीजर और karibअस्सी हजार की बीस व्हील चेयर जन सेवा दल को समर्पित की । इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति रोटरी क्लब मिड टाउन के district govern-er राज पाल रहे , प्रधान पुनीत गुप्ता, सचिव नितेश डावर, चेयरमैन संदीप खैर विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे जबकि जन सेवा दल के प्रधान कृष्ण मनचंदा ने अध्यक्षता की। संस्था के सचिव चमन गुलाटी, कमल गुलाटी, ओम प्रकाश सिंधवानी, अशोक अरोड़ा, श्याम लाल, पवन बत्रा , ओम राजपाल आदि ने यहाँ पहुंचने पर अथितियों का स्वागत किया। कृष्ण ढींगरा जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जन सेवा दल की ओर से निर्जला एकादशी पर एक शरबत की छबील भी लगाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोटरी क्लब के जिला गवर्नर राज पाल ने कहा कि मनुष्य जीवन प्रभु का अदभुत uphaar है इसलिए हर व्यक्ति को एक दूसरे के काम आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा दानवीर कर्ण और भगवान श्री कृष्ण की कर्म स्थली है यहाँ दानवीरों की कमी नही है। यहाँ मानवता की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है ऐसी संस्थाओं मे जन सेवा दल का नाम सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि जन सेवा दल के पास इस फ्रीजर के आने से शव को सुरक्षित रखने मे और सुविधा मिलेगी। प्रधान कृष्ण मनचंदा व सचिव चमन गुलाटी ने भी संबोधित किया व कहा कि समाज कल्याण और जन सेवा के सभी कार्य जन सेवा दल हमेशा तत्पर रहता है।

# गंगा दशहरे पर ग्रामीणों ने लगाई ठंडे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी)** : गंगा दशहरे के अवसर पर पालेवाला गांव के ग्रामीणों द्वारा यमुना नदी के लाल छप्पर घाट पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई। श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर धर्म लाभ लिया और उसके उपरांत ठंडे जल का सेवन कर राहत महसूस की। इस धार्मिक सेवा में आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। छबील में शीतल जल वितरण की व्यवस्था गांववासियों द्वारा सामूहिक रूप से की गई थी, जिसमें युवाओं की भागीदारी विशेष रही। ब्राइट फ्यूचर डिफेंस अकादमी के कोच अमित राणा पालेवाला ने इस मौके पर कहा कि गंगा दशहरे पर यमुना स्नान हमारी सभ्यता और धार्मिक परंपरा का प्रतीक है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है। कार्यक्रम में दीपक राणा पालेवाला, संदीप राणा लाल छप्पर, सतीश पुंडीर, संदीप , रिंकू राणा, एडवोकेट मनोज चौहान सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 8 जून को धौडंग में होगी भाकियू की प्रदेश स्तरीय किसान पंचायत: गुर्जर



**रादौर (कुलदीप सैनी)** : भारतीय किसान यूनियन की प्रदेश स्तरीय किसान पंचायत 8 जून को गांव धौडंग में आयोजित की जाएगी। किसान पंचायत में यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान सहित प्रदेशभर से कई प्रमुख किसान नेता भाग लेंगे। पंचायत की तैयारियों को लेकर आज यूनियन की एक बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पंचायत की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ यूनियन के पदाधिकारियों व सदस्यों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गईं। जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष रतन मान द्वारा भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय का उद्घाटन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर किसान हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। विशेष रूप से फसल बुवाई के समय खाद की अनुपलब्धता, बिजली बिलों पर सरचार्ज माफी योजना तथा अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर रणनीति बनाई जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### केएफसी के नए वैल्यू ऑफर के साथ एपिक टेस्ट और एपिक बचत पाएं

**अम्बाला** । केएफसी सभी चिकन प्रेमियों के लिए एक एपिक ऑफर लेकर आया है! भारत में केएफसी के फैन्स अब ऑल-न्यू एपिक सेवर्स के साथ अपने पसंदीदा केएफसी का आनंद ले सकते हैं।यह ऑफर इतना बढ़िया है कि आप पूरे दिन 9 फॉर 299 रिपीट करते रहेंगे।क्योंकि केएफसी एपिक सेवर्स चिकन प्रेमियों को केवल 299/- रुपए में 9 पीस फिंगर लिकिंग गुड चिकन का स्वाद दे रहा है। इसी अविश्वसनीय मूल्य में मिल रहे हैं 7 स्वादिष्ट बोनलेस चिकन स्ट्रिप्स और हॉट एंड क्रिस्पी चिकन के 2 क्रंची, ज्यूसी पीस। यह ऑफर भारत में केएफसी के सभी 1300+ रेस्टोरेंट्स में केवल डाइन-इन के लिए मान्य है।नई कैम्पेन फिल्म में सुपरस्टार एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और इंटरनेट के फनीमैन दानिश सैत दिखाई दे रहे हैं, जो अविश्वसनीय 9 फॉर 299 ऑफर देखकर खुशी से चीख उठते हैं। क्योंकि जब आपको एपिक टेस्ट और एपिक बचत दोनों एक साथ मिल सकते हैं, तो इनमें से किसी एक को क्यों चुनें?तो, आपको किसका इंतजार है? अपने दोस्तों और परिवार को बुलाइये और अपने नजदीकी केएफसी में मिलकर एपिक टाइम बिताइये। भारत में 1300+ केएफसी रेस्टोरेंट्स में से किसी में भी आकर इस एपिक ऑफर का लाभ उठाइये।

### वी के साथ साझेदारी में लॉन्च हुआ वीवो वी50 ई 5जी एक्सक्लुजिव बंडल्ड प्लान

**शिमला** : भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता वी और आधुनिक ग्लोबल स्मार्टफोन ब्राण्ड वीवो इंडिया ने नए लॉन्च किए गए वी50 ई 5जी के साथ वी के यूजर्स को एक्सक्लुजिव बंडल्ड प्लान के फायदे उपलब्ध कराने के लिए एक दूसरे के साथ साझेदारी की है। यह प्लान वी की हाई.स्पीड 5 जी कनेक्टिविटी तथा वी मुवीज एण्ड टीवी के 12 महीने के सब्सक्रिप्शन के साथ डिजिटल एवं एंटरटेनमेन्ट का सहज अनुभव प्रदान करता है।यह बंडल्ड प्लान 30 जून 2025 तक वीवो वी50 ई 5जी खरीदने वाले उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध है। यूजर अपनी डिवाइस में वी प्रीपेड सिम डालकर और विशेष रूप से क्युरेटेड रु 1197 प्लान के साथ रीचार्ज कर इस ऑफर को एक्टिवेट कर सकते हैं यह प्लान 84 दिनों के लिए वैलिड होगा। इस ऑफर में शामिल है,12 महीने का वी मुवीज एण्ड टीवी सब्सक्रिप्शन व 17 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस जिसमें जियो हॉटस्टार,जी 5,सोनी लिव,लायन्सगेट प्ले,फैनकोड आदि शामिल हैं 350 से अधिक लाईव टीवी चैनल व 3 जीबी डेली डेटा, अनलिमिटेड वॉइस कॉल्स और 100 एसएमएस प्रतिदिन वीवो की आधुनिक टेक्नोलॉजी और वी के बढ़ते 5 जी फुटप्रिन्ट के साथ देश भर के स्मार्टफोन यूजर्स के लिए 5 जी और प्रीमियम एंटरटेनमेन्ट को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए यह साझेदारी की गई है।

### फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस ने विश्व पर्यावरण दिवस - 5 जून 2025 पर विशाल वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की

**गुरुग्राम** : विश्व पर्यावरण दिवस पर फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड एक हानिकारक पर्यावरण को समृद्ध प्राकृतिक आवास में बदलकर ईकोलॉजिकल बहाली सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कैच फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस प्रोजेक्ट रिस्पॉन्सिबल रूट्स के तहत फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस एनएसजी मानेसर कैंपस में 4 साल की अवधि में एक लाख देशी पेड़ लगाएगी। तेजी से बढ़ते जंगलों की वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विशेष वैज्ञानिक रूप से सिद्ध तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

# ग्लोब हेरिटेज स्कूल में आयोजित हुआ दो दिवसीय क्षमता वृद्धि कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर (कुलदीप सैनी)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में दो दिवसीय क्षमता वृद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार स्कूलों के 60 शिक्षकों ने स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान शैक्षणिक और सामाजिक चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मुख्य वक्ताओं के स्वागत से हुआ। द मिलेनियम स्कूल चीका के प्रधानाचार्य राजन शर्मा और सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल पिंजौर की डॉ. पल्लवी भारद्वाज ने मुख्य वक्ता के रूप में शिक्षकों को संबोधित किया। राजन शर्मा ने कहा कि शिक्षक की जीवनशैली बच्चों में अप्रत्यक्ष रूप से स्थानांतरित होती है, इसलिए स्वयं सकारात्मक रहना आवश्यक है। वहीं डॉ. पल्लवी ने कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों को पारंपरिक पढ़ाई से हटकर गतिविधियों के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार करना जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल की प्राचार्या रीतू सिंगला और एचआर मैनेजर अमित सिंघल ने मुख्य वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# भाजपा सोनीपत द्वारा मीडिया मिलन समारोह का आयोजन

**र्यावरण संरक्षण**

**-विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सभी पत्रकार बंधुओं को पौधों की भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश -**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत(संजीव कौशिक)**
भारतीय जनता पार्टी सोनीपत द्वारा शुक्रवार को स्थानीय पत्रकारों एवं छायाकारों के सम्मान में एक ह्यमीडिया मिलन समारोहन्न का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल संवाद और सौहार्द का प्रतीक बना, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा माने जाने वाले मीडिया कर्मियों के योगदान को नमन करने का भी अवसर रहा। कार्यक्रम में सोनीपत जिले के दोनों विधायक, वरिष्ठ पदाधिकारी, पत्रकार, फोटोजर्नलिस्ट एवं मीडिया संस्थानों से जुड़े गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विश्व पर्यावरण दिवस की भावना को साकार करते हुए सभी मीडिया साथियों को पौधे भेंट स्वरूप प्रदान किए गए, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा का प्रतीक बने बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी पुष्ट करते हैं।

सोनीपत विधायक निखिल मदान ने अपने उद्बोधन में कहा, "मीडिया न केवल लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, बल्कि वह समाज का प्रतिबिंब भी है। पत्रकारिता जनसंचार का वह सशक्त माध्यम है जो समाज, शासन और जनता के बीच पुल का कार्य करती है।" उन्होंने कहा कि सोनीपत की मीडिया हमेशा सकारात्मक, निष्पक्ष और जनहितकारी भूमिका में अग्रणी रही है।

खरखौदा विधायक पवन कुमार ने ऑपरेशन सिंदूर की कवरेज का विशेष उल्लेख करते हुए कहा, "जिस प्रकार मीडिया ने साहसिक रिपोर्टिंग कर आमजन को सटीक जानकारी दी, उसने न केवल सरकार और सेना पर जनविश्वास को दृढ़ किया, बल्कि पाकिस्तान को करारा जवाब देने में जनसहयोग की भी भूमिका निभाई।"

सोनीपत लोकसभा प्रभारी सतीश नांदल ने कहा कि "मीडिया समाज का सजग प्रहरी है। वह हर स्थिति में सत्य की खोज करता है और जन-मन तक निष्पक्ष तथ्यों को पहुंचाता है।" उन्होंने कहा कि आज के डिजिटल युग में पत्रकारिता की जिम्मेदारियां और भी अधिक बढ़ गई हैं।

भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि "मीडिया न केवल समाचार देता है, बल्कि राष्ट्र के भविष्य की दिशा तय करता है। पत्रकारों ने स्वतंत्र भारत के निर्माण से लेकर आज तक हर परिवर्तन की पटकथा लिखी है।"

भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने कहा कि "भाजपा सदैव संवाद को प्राथमिकता देती है। मीडिया समाज का वह आईना है जो हमें आत्मविश्लेषण का अवसर देता है। हम मीडिया के योगदान का सम्मान करते हैं और भविष्य में भी संवाद व सहयोग की परंपरा बनाए रखेंगे।"

गोहाना भाजपा अध्यक्ष विजेंद्र मलिक ने अपने संबोधन में कहा, "पत्रकारिता बिना विश्राम की सेवा है। मीडिया कर्मी न दिन देखते हैं न रात, केवल सत्य और समाज के हित में जुटे रहते हैं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र पानीपत द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत चार गांवों में खरीफ फसलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यें कार्यक्रम कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, बागवानी विभाग, पशुपालन विभाग व मत्स्य विभाग के तत्वाधान में किए गए। इन कार्यक्रमों में लगभग 600 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को खरीफ मौसम में उपयोग होने वाली सभी तकनीकों और योजनाओं के बारे में जानकारी देकर अपनाने के लिए प्रेरित करना और उनके आर्थिक उत्थान में मदद करना था।

इस अभियान की शुरूआत माननीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान द्वारा 29 मई को की गई थी और यह अभियान 12 जून तक चलाया जाएगा। अभी तक पानीपत जिले में इस अभियान के तहत लगभग 40 से अधिक गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से एक कार्यक्रम में स्वयं शिवराज चौहान कृषि मंत्री ने शिरकत की।

इस कार्यक्रम के तहत दो टीमों का गठन किया गया है, जिसमें वैज्ञानिक और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण शामिल हैं। इस अभियान के तहत प्राकृतिक खेती, धान की सीधी बिजाई, जैविक खेती, फसल विधि और विभागीय योजनाओं के बारे में सभी किसानों को विस्तार से जानकारी दी गई।

प्रस्तुत किसानों द्वारा अपनाई जा रही तकनीक को दस्तावेज किया गया और किसानों द्वारा खेती में आने वाली समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के बारे में बताया गया। वैज्ञानिकों द्वारा आगे आने वाले वर्षों में शोध किए जा सकने वाले विषयों पर किसानों से राय ली गई। सभी किसानों के साथ आगे जुड़े रहने के लिए अधिकारियों और वैज्ञानिकों के मोबाइल नंबर भी किसानों के साथ साझा किए गए। सभी किसानों ने इस तरह के कार्यक्रमों को जारी रखने की मांग करते हुए कहा कि इससे सभी किसानों की समस्याओं को खत्म किया जा सकता है और तकनीक को किसानों तक पहुंचाया जा सकता है, जिससे खेती विकसित हो सकेगी और परिणामस्वरूप देश को विकसित बनने में गति मिलेगी। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ सतपाल सिंह ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हम किसान भाइयों के नवाचारों व खेती में कौन कौन सी समस्याओं आती हैं उनको जानना ताकि वैज्ञानिकगण भविष्य के अनुसंधान के मुद्दों को जान की उन मुद्दों पर शोध कर सके। इस अभियान के तहत मुख्य तौर पर खरीफ फसलों के किस्मों, धन की सीधी बिजाई, बीज उपचार, खरपतवार प्रबंधन, मिट्टी व पानी की जांच आदि विषयों पर फोकस किया जाता हैं।

इन कार्यक्रमों में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ कुलदीप, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. मोहित सहल, डॉ. राजेश कुमार, किसान कल्याण विभाग से डॉ. राधेश्याम, डॉ. अरविंद, मत्स्य विभाग से डॉ अनुज, बागवानी विभाग से बागवानी विकास अधिकारी और पशुपालन विभाग से पशु चिकित्सक व क्ळअफ नई दिल्ली के वैज्ञानिकों के भी मुख्य भागेदारी रही हैं व गांव की पंचायतों के सरपंच व पंचों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा हे।

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT -28 | कार्य का नामः- 1. सहायक मंडल अभियंता शामली के कार्यक्षेत्र में पी.वे.सामग्री में लिडिंग के कार्य का प्रावधान व 2. वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के कार्यक्षेत्र में पी.वे. सामग्री में लिडिंग का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार; बयाना राशि (रूपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार |
| 2 | NIT -29 | कार्य का नामः- वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/दिल्ली के अनुभाग में सहायक मंडल अभियंता मेरठ के तहत मेरठ में घंटाघर के पास नए प्रधान डाकघर के निर्माण का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रूपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार; बयाना राशि (रूपये) :- IREPS पर NIT के अनुसार |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 01.07.2025 15:00 Hrs. |
| 4 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई-टेण्डर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना चाहिए ।• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। सं: 128-W/280/e Tender Notice/NIT-28 & 29-25-26-W-II दिनांक: 06.06.2025 1683/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल अभियंता/ट्रैक, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e- निविदाएं आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | NIT No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 05 | डीएलआई डिवीजन में विभिन्न एलएचएस/सबवे (जीजेडबी-एमटीसी-36/यूपी और डीएन-एलएचएस-37/डीएन और यूपी), (डीएलआई-जीजेडबी-246सी, 247ए, 247बी, 241/ए1, 241/सी2, 243), (डीएसए-जीजेडबी-234), (डीएसए-टीपीजेड-एलएचएस-1/एए, एलएचएस-3/बी), (डीईई-आरई-एलएचएस-31, एलएचएस-34, एलएचएस-39), एचएनजेडएम-एलपीएनआर-आरयूबी-1बी1), (एलपीएनआर-पीटीएनआर-आरयूबी-7/ए2, आरयूबी-8बी) पर मानक ऊंचाई गेज का प्रावधान | रु. 3,86,06,863.18 | रु. 3,43,000/- | 06 माह | 01.07.2025 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वेबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वेबसाइट पर 01.07.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी.
पत्र सं.-128-डब्ल्यु/वं.मं.अधि./ सं/ निविदा-05-25-26-डब्ल्यु सी दिनांक- 06.06.2025 1685/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# अब यह तस्वीर बदलनी चाहिए’

**यह** भी बड़ी विडंबना है कि लोगों को अपने अधिकारों के बारे में पूरी तरह से ज्ञान और जानकारी है वे अधिकारों के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं कौन सी सरकारी योजना से कितना लाभ है यह पढ़े लिखे से अनपढ़ व्यक्ति तक को मालूम रहता है पर इसके ठीक उलट यदि आप उत्तरदायित्व या जिम्मेदारी की बात करेंगे तो स्पष्ट तौर पर लोग कहते पाए जातें हैं कि इसकी तो हमें जानकारी ही नहीं है। हमारी जिम्मेदारियों को बताने के लिए शासन, प्रशासन को करोडों,अरबो रुपए विज्ञापन में खर्च करने पड़ जाते हैं इसके बाद भी लोग अपनी जिम्मेदारियां से पीछे हटते नजर आते हैं’ और खाद्य सुरक्षा कैसे संवेदनशील मामले में जनता अपनी ज्ञान शून्यता के बारे में जोर शोर से डंका बजाती है। खैर 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2018 के रूप में संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा ने औपचारिक रूप से मनाने की घोषणा की है। औपचारिक तौर पर प्रथम स्मरणउत्सव के रूप में 7 जून 2019 में जोर शोर से आयोजित किया गया था। इस दिवस का मनाने का उद्देश्य भी बड़ा व्यापक रहा है दूषित भोजन से जुड़े खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना खाद्य पदार्थ से उत्पन्न बैक्टीरिया तथा उससे बचाव की जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया था। औपचारिक तौर पर खाद्य सुरक्षा दिवस 7 जून 2025 की थीम "खाद्य सुरक्षा विज्ञान की क्रियाशीलता" विषय पर रखी गई है और यह थीम इस बात पर जोर डालती है की विज्ञान और टेक्नोलॉजी और फूड प्रोसेसिंग की इकाइयों द्वारा किस तरह खाद्य से उत्पन्न संक्रमण तथा रोगों से बचाव किया जा सकता है और यह इस बात में भी प्रकाश डालते हैं कि नवाचार और शोध में जोखिम की पहचान कर हमारे समाज में व्याप्त भोजन पदार्थ की तमाम स्वास्थ्य विरोधी कुसंगतियों से कैसे बचा जाए इस पर वैज्ञानिक आविष्कारों का किस तरह उपयोग किया जाए।यह अत्यंत महत्वपूर्ण तथा सारगर्भितत विषय है। यह तो सर्व विदित कि भोजन एक शारीरिक दैनिक आवश्यकता है इसे विलासिता से कतई ना जोड़ा जाए, भोजन आदिकाल से मनुष्य के उद्भव के साथ-साथ एक शारीरिक आवश्यकता तथा नितांत जरूरी प्रक्रिया है’ खाद्य सुरक्षा दिवस एक अनुस्मारक की तरह कार्य करता है और यह भी याद दिलाता है की आर्थिक उन्नति और अच्छा स्वास्थ्य सभी अच्छे स्वास्थ्यवर्धक भोजन पर अवलंबित होते हैं सुरक्षित स्वस्थ भोजन से व्यक्ति समाज और राष्ट्र को लाभ प्राप्त होता है व्यक्ति यदि बलवान होता स्वस्थ होगा तो समाज तथा देश शक्तिशाली होकर अच्छी विचारधारा को लेकर अग्रेषित होगा और देश का विकास ही वैश्विक स्तर पर पूरे विश्व का विस्तार है’ खाद्य पदार्थों के प्रदूषण से कैसे बचा जाए उसे कैसे नियंत्रित किया जाए एवं यदि संक्रमण हो तो क्या-क्या संभव उपाय किए जाएं इस बात पर विश्व खाद्य दिवस चिंता करने हेतु आयोजन करता हैं’ उल्लेखनीय है कि हर साल लाखों लोग दूषित भोजन के कारण संक्रमित होते हैं बीमार पड़ते हैं और खाद्य सुरक्षा की अवहेलना के कारण सार्वजनिक रूप से स्वास्थ्यगत खतरे बहुत बढ़ जाते हैं, इससे बड़ी-बड़ी संक्रामक बीमारियां हो जाती हैं और महामारी का खतरा भी बढ़ जाता है’ वैसे यह सदैव सलाह दी जाती रही की सुरक्षित शुद्ध और पवित्र भोजन करने से जीवन में अनेक बीमारियों व्याधियों से बचा जा सकता है एवं स्वस्थ रहकर स्वस्थ भविष्य की परिकल्पना की जा सकती है’ खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए निर्मित निजी क्षेत्र नागरिक समाज संयुक्त राष्ट्र संगठन का यह दायित्व बन जाता है कि वह

# राजनीति को नई दिशा देते विपक्षी दलों के नये चेहरें



**ललित गर्ग**

> **“डीएमके सांसद का ये अंदाज सुर्खियों का विषय बना है और लोग जमकर इसकी तारीफ कर रहे हैं। इसी तरह शिवसेना यूबीटी की प्रियंका चतुर्वेदी ने भारत को न केवल बुद्ध और गांधी, बल्कि श्रीकृष्ण की भूमि भी बताया, जिन्होंने पांडवों से आग्रह किया था कि धर्म की रक्षा के लिए आवश्यक हो तो युद्ध करने से न हिचकिचाएं। अब यह देखना बाकी है कि क्या सरकार ऐसे और कूटनीतिक प्रयासों में विपक्षी नेताओं का इस्तेमाल करना जारी रखेगी।”**

**सिंदूर** ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान दुनिया से सहानुभूति बटोरने के लिये जहां विश्व समुदाय में अनेक भ्रम, भ्रांतिया एवं भारत की छवि को छिछालेदार करने में जुटा है, वहीं भारत का डर दिखा-दिखा कर ही पाक अनेक देशों से आर्थिक मदद मांग रहा है। इन्हीं स्थितियों को देखते हुए दुनिया के सामने भारत का पक्ष रखने के लिए केंद्र सरकार ने जिस तरह से सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया है और इन दलों में विपक्षी दलों के सांसद एवं नेताओं ने भारत का पक्ष बिना आग्रह, दुराग्रह एवं पूर्वाग्रह के दुनिया के सामने रखा, उसकी जितनी सराहना की जाये, कम है। इन विपक्षी नेताओं ने विदेश में भारतीय राष्ट्रवाद को सशक्त एवं प्रभावी तरीकों से व्यक्त किया। देश ने इन नेताओं को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते और एक लय में आगे बढ़ते देखा, जबकि संसद में वे केवल आपस में लड़ते दिखलाई देते थे। यह सराहनीय पहल भारत के लिये एक बड़ी उपलब्धि बनी है, जो भारत की भविष्य की राजनीति के भी नये संकेत दे रही है। क्योंकि इसने भारत में एक नए एवं सकारात्मक राजनीतिक नेतृत्व को उभरता हुआ दिखाया है। यूं तो सात दलों के सभी सदस्यों ने भरपूर तरीके से शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत का पक्ष रखकर दुनिया को भारत के पक्ष में करने की सार्थक पहल की है, लेकिन कांग्रेस के शशि थरूर एवं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी एक नये किरदार में नजर आये हैं। थरुर को लेकर कांग्रेस पार्टी में प्रारंभ से ही विरोध एवं विरोधाभास की स्थितियां बनी हुई।

विदेशों में सटीक एवं प्रभावी भारतीय पक्ष रखने के कारण शशि थरुर जहां असंख्य भारतीयों की वाह-वाही लूट रहे हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी में उनका भारी विरोध हो रहा है। चर्चा एवं विवादों में चल रहे शशि थरूर केरल के तिरुवंतपुरम से चार बार के कांग्रेस के सांसद हैं। वे एक ऐसे कूटनीतिज्ञ राजनेता हैं, जो अपने राजनीतिक कौशल का प्रदर्शन करना जानते हैं। वे एक ऐसे स्वतंत्र सोच एवं साहसी निर्णय लेने वाले नेता भी हैं जो अपनी पार्टी के रुख से अलग भी स्टैंड लेते रहे हैं। लेकिन ताजा सन्दर्भों में वे कांग्रेस के लिए अब असहज सच्चाई बन गए हैं। क्योंकि थरूर ने वह सब कुछ किया है जिसकी पार्टी में इजाजत नहीं है। प्रतिनिधि मण्डल में थरूर के नाम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई थी, क्योंकि कांग्रेस ने केंद्र को थरूर का नाम नहीं दिया था। थरूर ने कहा था- मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं, जब भी राष्ट्रीय हित की बात होगी और मेरी सेवाओं की जरूरत होगी, तो मैं पीछे नहीं रहूंगा॥ थरूर ने कांग्रेस छोड़ने की अटकलों के सवाल पर कहा- जब आप देश की सेवा कर रहे हों, तब ऐसी चीजों की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए। हमारे राजनीतिक मतभेद भारत के बॉर्डर के बाहर जाते ही खत्म हो जाते हैं। सीमा पार करते ही हम पहले भारतीय होते हैं। थरूर इन दिनों अमेरिकी सहित कई देशों के दौरे पर हैं, जहां वे ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बने मल्टी पार्टी डेलीगेशन को सुपर लीड कर रहे हैं। सरकार के समर्थन में बोलने पर कांग्रेस के अनेक नेता थरुर की खिंचाई करने में जुटे हैं। उन्हीं में एक नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता तक बता दिया है। जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी और सत्तारूढ़ भाजपा पर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम को लेकर लगातार हमलावर हैं।

4 जून 2025 को राहुल गांधी ने तब हद ही कर दी जब उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दबाव में आत्मसमर्पण कर दिया। इतना ही नहीं ये सब कहने का अंदाज भी उनका इतना खराब था कि जैसे कोई दुश्मन देश का बंदा बोल रहा हो। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि, मैं भाजपा और आरएसएस वालों को अच्छे से जान गया हूं, इनको थोड़ा सा दबाओ तो डर कर भाग जाते हैं। राहुल ने आगे कहा, उधर से ट्रंप ने फोन किया और इशारा किया कि मोदीजी क्या कर रहे हो? नरेंदर, सरेंडर और ॥जी हुजूर॥ करके मोदीजी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी के इस भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान का थरुर ने जोरदार तरीके से जबाव दिया एवं कांग्रेस पार्टी को ही घेरा। राष्ट्रपति ट्रम्प की भारत-पाक के बीच मध्यस्थता के बयान पर थरूर बोले- मैं यहां किसी विवाद को हवा देने नहीं आया हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति का सम्मान है। हमें नहीं पता उन्होंने पाकिस्तान से क्या कहा, पर हमें किसी की सलाह की जरूरत नहीं थी।

आग्रह-दुराग्रह से ग्रसित होकर कांग्रेस के नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने की ही बातें कर रहे हैं, इन कांग्रेसी नेताओं में दायित्व की गरिमा और गंभीरता समाप्त हो गई है। राष्ट्रीय समस्याएं और विकास के लिए खुले दिमाग से सोच की परम्परा उनमें बन ही नहीं रही है। जब मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्प्रचार ही होता है। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। राष्ट्र-विरोधी राजनीति एवं सत्ता-लोलुपता की नकारात्मक राजनीति हमें सदैव ही उल्ट धारणा (विपथगामी) की ओर ले जाती है। ऐसी राजनीति राष्ट्र के मुद्दों को विकृत कर उन्हें अतिवादी दुराग्रहों में परिवर्तित कर देती है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने राष्ट्रीय संकट में भी यही सब करके आम जनता से अधिक दूरियां बना ली है। शशि थरुर ने तो बड़ी लकीरें खींच दी, कांग्रेस कब ऐसी लकीरें खिंचने की पात्रता विकसित करेंगी? हर राजनीतिक दल को कई बार अग्नि स्नान करता पड़ता है, पर आज कांग्रेस तो कीचड़ स्नान कर रहा है। जहां तक कांग्रेस नेताओं का सवाल है, एक और निहित संदेश सामने आया कि सिर्फ गांधी परिवार ही कांग्रेस का नेतृत्व नहीं कर सकता जबकि भारत की सबसे पुरानी पार्टी में अभी भी प्रतिभाओं का खजाना है, उसके पास अनुभवी नेता हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने और नेतृत्व देने में सक्षम हैं। बड़ी लकीरें तो प्रतिनिधिमण्डल में गये अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने भी खींची है। जिनमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने विश्व की राजधानियों में भारत की स्थिति और मौजूद विकास को भी रेखांकित किया है। ओवैसी- जो भारत के अल्पसंख्यकों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को उठाने के लिए जाने जाते हैं- उन्होंने पाकिस्तान को कड़ी भाषा में आड़े हाथों लिया। यहां तक कि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा जारी की गई फर्जी तस्वीरों का जिक्र करते हुए कहा कि नकल के लिए भी अकल चाहिए! ओवैसी की राष्ट्रवादी सोच तो समय-समय पर सामने आती रही है। इस तरह मुस्लिम नेतृत्व अगर उदारता दिखाता तो देश के करोड़ों मुसलमानों के प्रति एक विश्वास और भाईचारे की भावना बढ़ती है। ओवैसी ने तो सबकी निगाहें अपनी ओर खींच ली थीं। इसी तरह डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि ने अपनी तल्ख और चतुराई भरे अंदाज से भारतीयों एवं दुनिया का दिल जीत लिया है। सांसद कनिमोझी ने स्पेन में अपने हिस्से का पक्ष रखते हुए भारत की राष्ट्रीय भाषा एकता और विविधता का जिक्र कर ऐसी बात कही है जिसके बाद वो जमकर वाहवाही लूट रही हैं। कनिमोझी ने इसके साथ ही कहा कि हमारे अपने मुद्दे हो सकते हैं, अलग-अलग विचारधाराएं हो सकती हैं, संसद में हमारे बीच तीखी बहस हो सकती है, लेकिन जब भारत की बात आती है, तो हम एक साथ खड़े होते हैं, यही संदेश हम लेकर आए हैं॥ उनकी ये बातें इसलिए भी खास हैं क्योंकि जहां एक ओर उनकी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में प्रस्तावित त्रि-भाषा नीति को चुनौती देते हुए गैर-हिंदी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने की बात कर रही है। वहां कनिमोझी एकता और विविधता को राष्ट्रीय भाषा बताते हुए अपना पक्ष रख रही हैं।



## कविता

### ये निजी शेर हैं सबको भी सुनाते नहीं।

ये नहीं है के महफिल सजाते नहीं
आजकल हमको भी बुलाते नहीं।

इश्क अपनी जगह हुश्न अपनी जगह
रूठे रहने दो उन्हें हम भी मनाते नहीं।

ये अलग रंग है अब उनकी कहानी का
प्यार जरूर करते फिर भी जताते नहीं’

नाज नखरे ये अदाएं सब किसके लिए
हमें तो फकत कॉफी भी पिलाते नहीं।

कुछ लिखे हैं बहुत खास तुम्हारे लिए
ये निजी शेर हैं सबको भी सुनाते नहीं।

संजीव शोर सुना तेरी खनकती पायल का
क्यों वो प्यारी गजल मुझे भी सुनाते नहीं।

संजीव

---------

# सबका स्वागत करता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**लोकेन्द्र सिंह**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ सबके लिए खुला संगठन है। इसके दरवाजे किसी के लिए बंद नहीं हैं। नागपुर में आयोजित संघ शिक्षावर्ग 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-2' के समापन समारोह में जनजाति वर्ग के कद्दावर नेता अरविंद नेताम का शामिल होना कइयों को खल गया। कुछ ने वितंडावाद भी खड़ा किया। इस वितंडावाद की हवा स्वयं जनजातीय नेता नेताम ने यह कहकर निकाल दी, "वनवासी समाज की समस्?याओं और चुनौतियों को संघ कार्यक्रम के माध्?यम से रखने का सुअवसर मुझे मिला है।" उन्होंने संघ के संबंध में एक महत्वपूर्ण टिप्पणी यह भी की, "इस संगठन में चिंतन-मंथन की गहरी परंपरा है। भविष्य में जनजातीय समाज के सामने जो चुनौतियां आनेवाली हैं, उसमें आदिवासी समाज को जो संभालनेवाले और मदद करनेवाले लोग/संगठन हैं, उनमें हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को मानते हैं।"। नेताम इंदिरा गांधी और पीवी नरसिम्हा राव सरकार में मंत्री रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संघ के कार्यक्रमों में महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और जयप्रकाश नारायण से लेकर इंदिरा गांधी एवं प्रणब मुखर्जी तक शामिल हो चुके हैं। संघ ने कभी किसी से परहेज नहीं किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संवाद में गहरा विश्वास है।

वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत कहते हैं, "अगर हम विचारों को एक किला बनाकर उसके अंदर अपने आपको बंद कर लेंगे, तो यह व्यावहारिक नहीं होगा"। संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार से कांग्रेस, समाजवादी एवं कम्युनिस्ट नेताओं के साथ गहरा परिचय था। वो संघ के दर्शन से अवगत कराने के लिए विभिन्न विचारों के विद्वान व्यक्तियों एवं सामाजिक-राजनीतिक कार्यकताओं से मिलते थे और उन्हें संघ कार्यक्रमों में आमंत्रित करते थे। संघ के वर्तमान अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर अपनी पुस्तक 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : स्वर्णिम भारत के दिशा-सूत्र' में लिखते हैं, "किसी विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, किंतु जब हम समाज के प्रत्येक वर्ग से मिलते हैं, संवाद करते हैं, तो अवश्य ही समाधान निकलता है।" संघ 1930 के दशक से ही समाज जीवन में सक्रिय लोगों को अपने कार्यक्रमों में बुलाता रहा है। दरअसल, एक और महत्वपूर्ण बात है यह कि संघ को विश्वास है कि जब तक कोई संघ से दूर है, तब तक ही वह संघ का विरोधी हो सकता है। लेकिन जैसे ही वह संघ के निकट आता है और संघ को जानने-समझने लगता है, तब वह संघ का विरोधी हो ही नहीं सकता। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो इस बात को सिद्ध करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. जाकिर हुसैन और लोकनायक जयप्रकाश नारायण भी संघ के आमंत्रण पर आ चुके हैं। लोकनायक जयप्रकाश नारायण का प्रारंभ में संघ को लेकर नजरिया आलोचनात्मक था। जब उन्होंने संघ को नजदीक से देखा तब उनके विचार पूरी तरह बदल गए।

## विचार

# इतिहास की परतों में छुपी स्त्री, संस्कृति और सभ्यता का पुनर्पाठ

**प्रियंका सौरभ**

**हरियाणा** के हिसार जिले का एक सामान्य-सा गांव राखीगढ़ी, अब वैश्विक पुरातात्विक विमर्शों का केंद्र बन चुका है। 1997-99 के दौरान हुए उत्खननों ने इसे हड़प्पा सभ्यता के सबसे बड़े स्थलों में गिना जाना शुरू किया, और 2012 में विश्व विरासत कोष की खतरे में पड़ी धरोहरों की सूची में इसकी उपस्थिति ने वैश्विक ध्यान खींचा। परन्तु इसके बाद जो मिला झ एक महिला का 4600 वर्ष पुराना कंकाल, उसके बाएं हाथ की शंख की चूड़ियाँ, और ताम्र की बनी एक नृत्यांगना प्रतिमा झ उन सभी ने इतिहास और पुरातत्व के स्थापित आख्यानों को चुनौती देना शुरू कर दिया। राखीगढ़ी से मिला स्त्री कंकाल सिर्फ एक पुरातात्विक खोज नहीं है, यह उन असंख्य मौन स्त्रियों की प्रतीकात्मक उपस्थिति है जिन्हें सभ्यता की कहानी से सदा बाहर रखा गया। यह कंकाल लगभग 4600 वर्ष पुराना है, और अद्भुत रूप से संरक्षित अवस्था में मिला। उसकी बाईं कलाई पर शंख की चूड़ियाँ मिलीं झ यह उस समय के सामाजिक-सांस्कृतिक प्रतीकों की ओर संकेत करती हैं। डीएनए विश्लेषण से यह पता चला कि इस महिला के आनुवंशिक संबंध प्राचीन ईरानियों और दक्षिण-पूर्व एशियाई शिकारी-संग्राहकों से तो हैं, लेकिन स्टेपी चरवाहों से कोई संबंध नहीं मिला झ जिनसे अक्सर भारत में आर्यों के आगमन को जोड़ा जाता है। यह निष्कर्ष आर्य आक्रमण सिद्धांत को एक बड़ा झटका देता है और यह संकेत देता है कि भारतीय उपमहाद्वीप में सांस्कृतिक विकास अपनी निरंतरता में हुआ। मोहेंजोदाड़ो की विश्वप्रसिद्ध कांस्य नर्तकी की तरह, राखीगढ़ी से भी एक ताम्र प्रतिमा मिली है जिसे "डांसिंग गर्ल" कहा जा रहा है। यह मूर्ति न केवल सौंदर्यबोध और कलात्मकता का प्रमाण है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि उस काल में नारी की उपस्थिति सांस्कृतिक और सार्वजनिक जीवन में कितनी सशक्त रही होगी। यह मान्यता को चुनौती देती है कि प्राचीन सभ्यताओं में स्त्रियां केवल घरेलू क्षेत्र में सीमित थीं। कंकाल मिलने के स्थल पर अग्निवेदिकाओं के अवशेष भी मिले हैं, जो यह संकेत करते हैं कि शवदाह की परंपरा उस समय भी प्रचलित थी। अग्नि, जिसे वैदिक परंपरा में शुद्धिकरण और संस्कार का प्रतीक माना गया है, उसका हड़प्पा काल में इतना महत्वपूर्ण स्थान होना यह दशार्ता है कि वैदिक और हड़प्पा परंपराएं एक-दूसरे से पूर्णतः असंबंधित नहीं थीं। कुछ विद्वान मानते हैं कि महाभारत युद्ध लगभग 5000-5500 वर्ष पूर्व हुआ था। यदि यह मान लिया जाए, तो राखीगढ़ी की स्थापना इस युद्ध से पहले की मानी जा सकती है। एक किंवदंती यह भी है कि महाभारत युद्ध में वीरगति को प्राप्त सैनिकों की विधवाएं यहीं शरण लेने आई थीं, और यही से इस स्थान का नाम राखीगढ़ी पड़ा झ राख यानी मृत्यु की राख, और गढ़ी यानी शरण। ऐसी मिथकीय व्याख्याएं ऐतिहासिक सत्य नहीं हैं, परंतु वे यह दशार्ती हैं कि स्थानीय जनमानस में राखीगढ़ी की सांस्कृतिक स्मृति कितनी गहरी है। राखीगढ़ी से मिले महिला कंकाल का जीनोमिक विश्लेषण केवल पुरातत्व नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास-लेखन में एक बड़ा मोड़ है। स्टेपी डीएनए की अनुपस्थिति सीधे उस विचारधारा को चुनौती देती है जिसने लंबे समय तक आर्य आक्रमण को भारत में सभ्यता के आगमन का कारण बताया। इस अध्ययन ने इतिहास, नृविज्ञान और भाषाविज्ञान के विशेषज्ञों को एक बार फिर यह सोचने पर विवश किया है कि क्या आर्य बाहर से आए थे या यहीं के थे? क्या वैदिक संस्कृति और हड़प्पा संस्कृति में कोई टकराव नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक प्रवाह था? राखीगढ़ी की खोजों के परिणाम अब एनसीईआरटी जैसे शैक्षिक निकायों के पाठ्यक्रम में भी दिखाई दे रहे हैं। हड़प्पा सभ्यता को अब केवल एक अतीत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की निरंतरता के रूप में पढ़ाया जा रहा है। संस्कृत भाषा की उत्पत्ति, द्रविड़ भाषाओं के विकास और हड़प्पावासियों की भाषा पर भी अब नए सिरे से अध्ययन हो रहे हैं। यह केवल पुरातत्व नहीं, राष्ट्र की आत्मा की खोज है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पुस्तकालय सूचना विज्ञान क्षेत्र में अतुलनीय योगदान

**डॉ. पी.एस.जी. कुमार**

**पुस्तकालयों** के बिना शिक्षा क्षेत्र का प्रभाव अकल्पनीय है, क्योंकि पुस्तकालयों को शिक्षा की पत्रिकाएँ कहा जाता है और पूर्ण पुस्तकालय एक मजबूत शिक्षा प्रणाली का आधार और प्रभाव पैदा करता है। पुस्तकालयों का अच्छा विकास एक अकल्पनीय भविष्य की धरोहर है। जब हम देश में पुस्तकालयों के विकास की बात करते हैं, तो हम निश्चित रूप से उन महान लोगों को याद करते हैं। आज हम एक ऐसे ही महान व्यक्ति के बारे में बात कर रहे हैं, जो आपके शिष्यों के माध्यम से पुस्तकालय सूचना विज्ञान के क्षेत्र को नई शिक्षा पर केंद्रित करता है। डॉ. जी पी एस कुमार, अपना सम्पूर्ण जीवन ही पुस्तकालय सुचना विज्ञान क्षेत्र के विकास में समर्पित कर दिया। जिन्हे देश में इस क्षेत्र के लिए रोल मॉडल के रूप में देखा जाता है। देश में महत्वपूर्ण आलेखों पर उन्होंने विभिन्न अवसरों पर कार्य कर भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। देश भर में पुस्तकालय सूचना विज्ञान क्षेत्र में टूल्स लोगों का संदेह रहता है कि डॉ. यूपीएससी कुमार के मार्गदर्शन में कार्य कर कुछ सीखने को मिला। लोग उन्हें पुस्तकालय सूचना विज्ञान विषय का विश्वकोश कहते हैं, वे गुणवत्ता के खान थे, पुस्तकालय क्षेत्र की संपूर्ण जानकारी और विकास संबंधी सूची उनके मस्तिष्क में छपी थी। आपके उत्कृष्ट योगदान और गुणवत्तापूर्ण कार्य के कारण डॉ. जी पी एस कुमार को पुस्तकालय विज्ञान के प्रमुख पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन के समकक्ष माना जाता है। डॉ. पी.एस.जी कुमार ने अपने जीवन का अधिकांश हिस्सा नागपुर विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग में जारी किया। वे बहुप्रतिभाशाली प्रतिभा के धनी थे, विचारशील, बुद्धिजीवी, मृदुभाषी, समय के पाबंद और कार्य के प्रति अक्सर तत्पर रहते थे। प्रतिभावान अनुसंधानकर्ता, वैज्ञानिक में दृष्टिकोण, काम में योग्यता प्रबंधन, कुशल में कुशल, लोगों के प्रति अपने दृष्टिकोण में मानवतावादी, निर्णय लेने में नैतिकता, कठिन से कठिन कार्य में मेहनती और ईमानदार, श्रेष्ठ शिक्षक, आदर्श पुस्तकालयाध्यक्ष, महान शोधकर्ता, निपुण मार्गदर्शक, उत्कृष्ट लेखक, वक्ता और आलोचक जैसे कई सिद्धांतकार महारथी थे।

# युद्धों से यारी के निहितार्थ ?

**चार** दिन चले आपरेशन सिंदूर का वैसे तो युद्धविराम हो चुका है, लेकिन उसका शांतिपर्व नहीं आया है। जिस तरह से दोनों ओर से युद्ध जीतने के दावे किए जा रहे हैं उससे तो नहीं लगता कि यह जल्दी आने वाला है, पर सवाल है कि पत्रकार, राजनेता, अधिकारी और पूरे समाज पर युद्धोन्माद का आख्यान आखिर इस तरह हावी क्यों है? जबकि पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल नरवाणे कह चुके हैं कि युद्ध बालीवुड की फिल्म नहीं है, उसे आखिरी विकल्प के तौर पर ही रखना चाहिए। युद्ध का मौजूदा आख्यान पड़ौसी देश के विरुद्ध ही नहीं है, बल्कि उन नागरिकों, दलों और राजनेताओं के प्रति भी है जो सत्तापक्ष और सरकार से सवाल करते हैं। अगर कोई राजनेता या सैनिक अधिकारी सच बोलने का साहस दिखाता है तो उस पर लोग ऐसे टूट पड़ते हैं जैसे कि वह देशद्रोही या गद्दार हो या राष्ट्रहित को चोट पहुंचाने वाली विवेकहीनता का प्रदर्शन कर रहा हो। हमारे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में जेट विमानों को क्षति पहुंचने की बात क्या स्वीकारी कि राजनयिक और रक्षा विशेषज्ञ उन पर टूट पड़े। लोग कह रहे हैं कि उन्होंने एक कार्यनीतिक चूक स्वीकार करके पाकिस्तान की जीत के आख्यान को बढ़त का मौका दे दिया है, जबकि उन्होंने इस पूरे युद्ध पर एक विवेकपूर्ण टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि दोनों ओर के सैनिक अधिकारियों में इतना विवेक था कि उन्होंने इस टकराव को नाभिकीय युद्ध तक नहीं जाने दिया। युद्ध में जीत की लालसा, राष्ट्रीय संप्रभुता का अहंकार और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की मुनाफे की चाहत हमें उस मुकाम तक ले आयी है, जहां हम जीत के लिए परमाणु बम की धमकी तक देने तैयार हैं और हार को झूठ के गुब्बारों से सजाकर जीत दिखाना चाहते हैं। लगता है, युद्ध एक स्थायी भाव है और युद्धविराम एक संचारी भाव। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए युद्धविराम और शांति व्यापार करने का एक अवसर है और युद्ध हथियार बेचने, अमेरिका को महान बनाने और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करने की रणनीति का। जो स्थिति भारतीय उपमहाद्वीप में बनी है वह कमोवेश पूरी दुनिया में निर्मित हो रही है।

## न्यूज फ्लैश

### नशा तस्कर गिरफ्तार, नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1440 नशीले ट्रामाडोल कैप्सूल और 5400 नशीली एल्प्राजोलम गोलियां बरामद की गई। इसके अलावा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना घरौंडा में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है।
यह कार्रवाई सब इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में की गई। एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना के आधार पर घरौंडा के एरिया में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान पानीपत के समालखा के रहने वाले सतीश कुमार के रूप में हुई है।
पुलिस को शक है कि आरोपी किसी बड़े नशा तस्करी नेटवर्क का हिस्सा है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है और अन्य साथियों की तलाश भी जारी है। पुलिस ने साफ किया है कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है और जल्द ही अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी संभव है।

### यूके वीजा के नाम पर 7.72 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला में खुद को पार्षद का भाई और महिला पुलिस कर्मियों का पति व बेटा बताकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को कृषि विभाग का कर्मचारी बताते हुए एक काउंसलर से यूके टूरिस्ट वीजा लगवाने के बहाने पहले 7.72 लाख रुपए हड़प लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
करनाल के सेक्टर-32 निवासी गगन ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि वह पेशे से काउंसलर और पीटी सेंटर संचालक हैं। बीते मार्च माह में मोहित नामक व्यक्ति उनके पास यूके टूरिस्ट वीजा की जानकारी लेने पहुंचा। पहले उसने कुछ जरूरी दस्तावेज नहीं होने के कारण वीजा लगवाने की बात टाल दी।
कुछ दिन बाद वह फिर गगन के घर आया और कहा कि अब उसके पास सभी दस्तावेज हैं। उसने यह भी बताया कि वह हरियाणा सरकार के कृषि विभाग में नौकरी करता है, राष्ट्रीय स्तर का एथलीट है, उसकी मां सिविल लाइन थाना में हेड कॉन्स्टेबल है, भाई पार्षद है और पत्नी हरियाणा पुलिस में सब-इंस्पेक्टर है।
पीड़ित ने बताया कि मोहित ने कहा कि बैंक स्टेटमेंट में 23 लाख रुपए दिखाने होंगे, ताकि वीजा लगने के चांस ज्यादा हों। उसने वादा किया कि वह यह पैसा सिर्फ दो-तीन दिन रखेगा और तुरंत लौटा देगा। इस भरोसे पर गगन शर्मा ने बीती 3 अप्रैल को 23 लाख रुपए अपने यूनियन बैंक अकाउंट से मोहित के एचडीएफसी बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिए।
मोहित ने कुछ दिन बाद 13 लाख और फिर 2.28 लाख रुपए वापस कर दिए, लेकिन 7.72 लाख रुपए गबन कर लिए। 8 अप्रैल को मोहित ने गगन से कहा कि उसकी पत्नी के भाई ने विदेश से 7.72 लाख रुपए भेजे हैं, लेकिन उसे 12 हजार रुपए फॉरेन एक्सचेंज फीस के रूप में बैंक में जमा करने होंगे। उसने यह रकम भी गगन से फोन पे के जरिए मंगवा ली, लेकिन न तो पैसे मिले और न ही वह बाद में कॉल उठाने लगा।

### ओवर स्पीड रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के पुराने बस अड्डे के पास तेज रफ्तार हरियाणा रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे निजी वाहन से अमृतधारा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां से उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया और वहां से आज देहरादून रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। गंगोह थाना क्षेत्र के लखनौती गांव निवासी 42 वर्षीय राशिद ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह पशुओं का व्यापारी है। वह अपने भतीजे समीर के साथ करनाल में पशु देखने आया था। दोनों अलग-अलग बाइक पर सवार थे। जब वे एनडीआरआई से पुराने बस अड्डा करनाल की ओर पहुंचे तो समीर आगे और राशिद पीछे चल रहा था।जैसे ही वे करनाल बस अड्डा के पास पहुंचे, सामने से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस ने तेज रफ्तार में समीर की बाइक को टक्कर मार दी। समीर सडक पर गिर पड़ा और उसके सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं। राशिद ने बताया कि उसने राहगीरों की मदद से समीर को किसी तरह प्राइवेट वाहन में डालकर अमृतधारा अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के मुताबिक समीर की हालत गंभीर है और उसे होश नहीं आया है। वह बयान देने की स्थिति में नहीं है। राशिद ने पुलिस को अपने बयान दर्ज करवाए है। एसआइ गुलविन्द्र सिंह ने बताया कि डॉक्टरों ने घायल युवक को अनफिट बताया। मौके पर राशिद के बयान दर्ज किए गए। राशिद ने बताया कि वह बस ड्राइवर को सामने आने पर पहचान सकता है। पुलिस ने उसके बयान के आधार पर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# निगमायुक्त ने कर्ण कैनाल नाला व ड्रेन नंबर 1 का निरीक्षण कर देखी साफ-सफाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** मानसून के दौरान जल भराव न हो, इसके लिए नगर निगम गम्भीर है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने इंजीनियरिंग विंग के अधिकारियों को साथ लेकर कर्ण कैनाल नाला तथा ड्रेन नम्बर 1 का निरीक्षण कर किए जा रहे सफाई कार्यों को देखा। इस दौरान कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी, सलाहकार महीपाल सिंह, सहायक अभियंता मदन मोहन गर्ग तथा सम्बंधित अभियंता मौजूद रहे।
दौरे में सर्वप्रथम निगमायुक्त ने एन.एन.-44 से शुरू होकर आर्वधन नहर को जाने वाली ड्रेन नम्बर 1 का निरीक्षण किया। उन्होंने एन.एच.-44 से सेक्टर 4-5 व हैरीटेज लॉन पुलिया पर जाकर ड्रेन की साफ-सफाई चेक की और अपनी संतुष्टिद जाहिर की। उन्होंने अभियंताओं को निर्देश दिए कि 15 जून से पहले-पहले ड्रेन की मुकम्मल सफाई करवाना सुनिश्चित की जाए। बता दें कि सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेन नम्बर 1 की लाईनिंग कर ड्रेन की दोनो साईडों को पक्का किया जा रहा है। निगमायुक्त ने सिंचाई विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए कि जितना कार्य होता जाए, मिटट्टी को साथ-साथ उठवाते रहें।
कर्ण कैनाल नाला की सफाई पूरी-उन्होंने कर्ण कैनाल नाला के तीनो फेज पर जाकर नाला की सफाई देखी। बता दें कि नाला की सफाई मुकम्मल हो चुकी है, जिसे निगमायुक्त ने चेक किया। इसे लेकर उन्होंने मेला राम स्कूल से अस्थाई सब्जी मंडी पुलिया तक फेज 1, सब्जी मंडी से पुराना मेरठ रोड पुलिया तक फेज-2 तथा मेरठ रोड पुलिया से एन.एच.-44 तक फेज 3, का निरीक्षण कर सफाई देखी। उन्होंने कहा कि ड्रेन की नियमित तौर पर सफाई करवाते रहे, ताकि मानसून के दौरान वर्षा जल की निकासी पर्याप्त मात्रा में बनी रहे। मेला राम स्कूल से पहले वाले हिस्से की सफाई हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा करवाई जा रही है।
उन्होंने निगम अभियंताओं को निर्देश दिए कि बड़े नालों, रेन वाटर हार्वेस्टर तथा तालाबों का सफाई कार्य भी 15 जून से पहले करवा लिया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में जितनी भी जल भराव की संभावित जगह हैं, ऐसी सभी जगहों पर मानसून आने से पहले अपने इंतजाम पूरे कर लें, ताकि वहां पर पानी निकासी करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि सभी डिस्पोजल पम्प स्थलों की भी सफाई करवाई जाए।

## चोरी करने वाले तीन आरोपी काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के बुटाना थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 17.5 तोले चांदी के आभूषण भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।
जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी गुरुवार देर शाम को हुई। थाना बुटाना पुलिस टीम ने सब इंस्पेक्टर सचिन कुमार के नेतृत्व में गांव समानाबाहु से तीनों आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान भजन लाल पुत्र कृष्ण लाल, गौरव पुत्र जोगाराम और विनोद पुत्र रोशन लाल, तीनों निवासी समानाबाहु, करनाल के रूप में हुई है।
पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपियों ने 2 जून की शाम को अपने ही गांव में पड़ोसी के घर से चुपचाप चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात कबूल कर ली है।
आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की पूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को शुक्रवार को माननीय कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## गौशाला के पास से व्यक्ति का शव बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में गोशाला के पास एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। मृतक की उम्र करीब 40 से 45 साल के बीच आंकी जा रही है और उसकी कलाई पर श्याम लाल लिखा मिला है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। शव की सूचना मिलने के बाद तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है। 72 घंटे में मृतक की पहचान नहीं हुई तो अंतिम संस्कार करवा दिया जाएगा। घटना तरावड़ी नेशनल हाईवे की है।

## एसपी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों थाना प्रभारियों की ली बैठक

**सिरसा.. रणबीर खटक).....**



पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने सीडीएलयू के टैगोर भवन में जिला के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों थाना प्रभारियों व सभी जांच अधिकारी तथा अन्य पुलिसकर्मी की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ई- साक्ष्य एप्प, ई-चालान तथा ई- सम्मनिंग व ई-डार पोर्टल जैसी आधुनिक तकनीक से अपने आप को पूरी तरह से परिचित रखें । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अपराध एवं अपराधियों तथा अन्य गैर कानूनी धंधा करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में और तेजी लांए व आमजन के सहयोग से अपराधियों पर पूर्ण रुप से अंकुल लगाएं ताकि समाज में पुलिस की एक बेहतर छवि नजर आए । पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने बैठक में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि विभिन्न अपराधिक वारदातों में पकड़े गए लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अदालत में भी उनके खिलाफ बेहतर ढंग से पैरवी करें ताकि अपराध करने वाला व्यक्ति किसी भी सूरत में सजा से न बच पाए । उन्होंने कहा कि संपति विरुध अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत महत्वपूर्ण सूराग जुटाकर अनसुलझे मामलों को शीघ्र निपटाएं तथा विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करें ।पुलिस अधीक्षक डॉ.मयंक गुप्ता ने कहा कि विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों की धरपकड़ तेज करें तथा आदतन अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोलें तथा समय समय पर चैक कर उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखें ताकि वे भविष्य में किसी अन्य अपराधिक वारदात को अंजाम न दे पाए । इस अवसर पर मौजूद थाना व चौकी प्रभारी तथा जांच अधिकारियों तथा अन्य पुलिस कर्मचारियों से कहा कि पीएम विंडो,सीएम विंडो,जन संवाद व हरसमय पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निश्चित समय अवधि में निपटारा कर सही समय पर जबाव भेजें तथा थाना में आए फरियादियों की गंभीरता से फरियाद सुन कर शीघ्र अति शीघ्र न्याय दिलवाएं ताकि पीडित व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित महसूस करें ।

## प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लें आमजन: एडीसी

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

अतिरिक्त उपायुक्त डाक्टर पंकज यादव ने बताया कि प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के विषय के बारे में बताया कि यह योजना देशवासियों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें मुफ्त बिजली प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक नागरिक एचटीटीपीएस//टीएमएसयूआरवाई एजीएचएआरडॉट जीवोवीडॉटइन पोर्टल पर जाकर इस योजना संबंधित आवश्यक जानकारियां ले सकता है और एचटीटीपीएस//एमएनआरईडॉटजी वोवीडॉटइन पोर्टल पर जाकर इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से सब्सिडी एवं तकनीकी सहायता भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने योजना के मुख्य बिंदुओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से मुफ्त बिजली और आर्थिक बचत होगी। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त होगी, जिससे प्रति वर्ष लगभग 15,000-18,000 रुपये की बचत होगी।

## किसान की आमदनी दोगुनी करने पर भाजपा सरकार वचनबद्ध-सांसद धर्मवीर सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**




**महेंद्रगढ़।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को पाली गांव में किसान महासभा का आयोजन किया गया। महासभा में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मबीर सिंह व विधायक कंवर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। सांसद धर्मवीर सिंह ने कहा कि किसान महासभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाना है और किस देश का किसान व युवा मजबूत होने पर ही वह देश विकसित हो पाएगा। यह महासभा पूरे देश में 29 मई से 12 जून तक चलेगी। उन्होंने कहा कि किसान की आमदनी दोगुनी करना भाजपा सरकार का मुख्य उद्देश्य है। इस महासभा के माध्यम से किसान विभागों द्वारा चलाई जा रही स्कीमों की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिससे किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकता है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि किसान ड्रिप सिंचाई प्रणाली का प्रयोग करे जिससे पानी का भी सही इस्तेमाल होता है और पैदावार भी अच्छी होती है। उन्होंने किसानों की समस्याएं भी सुनी और अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया। महासभा में कृषि विज्ञान केंद्र से आए अधिकारियों ने बताया कि किसानों को फसलों में नैनो यूरिया व डीएपी का प्रयोग सही मात्रा में करने की पूरी जानकारी दी। इसी प्रकार पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को भेड़, बकरी, भैंस व गाय पर दी जा रही सब्सिडी के बारे में विस्तृत में जानकारी दी। किसानों को प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एनएफएसएम स्कीम, मेरा पानी मेरी विरासत आदि योजनाओं की भी जानकारी दी गई।
इस अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. अनिल जांगड़ा, कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजय कुमार, बीडीपीओ मनोज कुमार, बिजली वितरण निगम के एसडीओ सुनिल कुमार, पशु विज्ञान केंद्र से डॉ. योगेंद्र, सरपंच देशराज सहित विभिन्न गांवों से आए किसान व नागरिक मौजूद रहे।

## निर्जला एकादशी के दिन का विशेष महत्व: विधायक कंवर सिंह यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़।।** निर्जला महादेव मंदिर में बाबा भुच्चरनाथ महाराज के भंडारे एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक कंवर सिंह यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में विशेष रूप से शामिल हैं-सुभाष चंद्र साकी, नोकिम फौजी, सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर, संतु सिंह शेखावत व शक्ति रहे। कार्यक्रम आयोजन महंत योगी आश्रम नाथ महाराज, सुखदेव नाथ व सज्जन नाथ ने बताया कि पांच जून के कार्यक्रम में आश्रम में मूर्ति व कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद दो की मूर्ति की स्थापना की गई। रात्रि को विशाल महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा और राजस्थान के सुप्रसिद्ध गायक कलाकारों ने बाबा की महिमा का गुणगान किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि निर्जला एकादशी के दिन का विशेष महत्व होता है। इस दिन दान करना पुण्यदायक होता है और ऐसा करने पर अक्षय फल की प्राप्ति होती है।इस मशीन पर कालू रेसलर, संतु शेखावत, डॉ. वेद, सरपंच प्रतिनिधि धर्मवीर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## कमेटी चौक के दुकानदारों ने वितरित किया प्रसाद

**रादौर/टीम एक्शन इंडिया**

शहर के पुराने कमेटी चौक के पास गंगा दशहरा व एकादशी के अवसर पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा श्रद्धालुओं और राहगीरों को हलवा-चना प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पत्रकार कुलदीप सैनी ने बताया कि कमेटी चौक के दुकानदार हर वर्ष धार्मिक और सामाजिक अवसरों पर इस प्रकार की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं और दूसरों की सेवा करने की प्रेरणा भी देते हैं।

## रामबीर शर्मा को सम्मान में मिला रजत पदक

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**



आपके मेने अद्वितीय शहीद राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में सुरू की जोकी मां रक्त भारती के संस्थापक प्रेम गौतम द्वारा 15 जून 2022 को तिरंगा सम्मान संकल्प का नाम से रखा गया था। इस सेक्टर में शामिल सबसे अधिक 2001 खंडित राष्ट्रीय ध्वजों को सम्मान प्रतिमा वाले तिराँगा वीर व संस्था के उपाध्यक्ष रामबीर शर्मा को 14 मार्किट के प्रधान आरूढ़ वर्मा ने चाँदी का आबाद व तिरँगा गौरव प्रदान किया। ऐसा पहली बार देखने को मिला है कि किसी तिरंगे वीर को इस प्रकार से किसी ने समनिट किया हो और राष्ट्रीय ध्वज चिन्हांकन वाले एक कार्यकर्ता का झुका हुआ स्केल हो। वरुण वर्मा ने कहा कि मैं बहुत बार रामबीर शर्मा को खंडित तिरंगे उद्घाटित करते हुए देखता हूं कि मैं इस समाजवादी से जुड़े लोगों से जुड़ना चाहता हूं, मुझे खुशी है कि राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के प्रति लोगों को इस मत के आधार पर जाना चाहिए। बता दें कि इस मस्जिद के तहत अब तक 9692 से ज्यादा 5 लिपस्टिक के तिरंगे विरो के खंडित ध्वजों को नगर निगम जमा कर चुका है। इसके लिए इस क्रेडिट का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड और वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में भी दर्ज करना होगा। रामबीर शर्मा ने कहा कि मुझे इस देश सेवा कार्य की प्रेरणा प्रेम गौतम से मिली है, 250 से अधिक तीरंगा वीर अन्यो की शरण में इस जिज्ञासा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही रामबीर शर्मा ने जनता से अपील की है कि जो भी राष्ट्रीय झंडा फटा, उसे पकड़ लिया जाए, तो शोभायमान सहित नगर निगम कार्यालय में जमा करवा दिया जाए। राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश का आन बान शान का प्रतीक है हमें शामिल नहीं होना चाहिए।

## 9 जून को करनाल में निकाला जाएगा रोष प्रदर्शन : रतनमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतनमान किसानों के जत्थे के साथ धरने के दूसरे दिन पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आंदोलित किसानों के बीच पहुंचकर हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, आंदोलन जारी रहेगा।
प्रदेशाध्यक्ष मान ने किसानों के साथ विचार विर्मश करने के उपरांत आंदोलन की आगामी रणनीति का ऐलान करते हुए कहा कि आनेवाली 9 जून को किसान भाकियू के बैनर तले जिला सचिवालय पर रोष प्रदर्शन निकाला जाएगा और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से पूरे प्रकरण की उच्च स्तरयीय जांच करवाएं जाने की मांग की जाएगी।
रतनमान ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहस कि एक दूसरे किसान की बबार्दी देखकर चुप मत रहों वरना इस तरह की बबार्दी सभी को बारी बारी से तहस नहस करने वाली है। इसलिए 9 जून के प्रदर्शन में सभी किसान मजदूर एकता के साथ शामिल होकर अपनी आवाज को बुलंद्व करो। उन्होंने कहा कि किसान अब चुप बैठेने वाले नहीं है। जब तक उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करने की कोशिशें बंद नहीं होती, तब तक उनका संघर्ष और तेज होता जाएगा।
भाकियू नेताओं व ग्रामीणों ने गोली मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाए जाने की मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी से मांग की गई है।
उल्लेखनीय है कि जनपद के गांव मुस्तफाबाद के रकबे में बीते दिन जिला प्रशासन द्वारा किसानों की काश्त भूमि पर रेत कारोबारी को जबरी कब्जा दिलवाए जाने के मामले में किसानों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। आज धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता श्याम सिंह चौहान ढाकवाला गुजरानं ने की।
भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रतनमान ने कहा कि 9 जून को किसान एकजट होकर जोरदार रोष प्रदर्शन करेंगे। सोमवार को करनाल की पुरानी कचहरी के समीप किसान गांधी चौक पर एकत्रित होंगे।
वहां से भाकियू के बैनर तले जिला सचिवालय तक रोष मार्च निकाला जायेगा। प्रदर्शन करने के बाद उपायुक्त उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा जाएगा और एसपी गंगाराम पुनिया से मुलाकात कर केस दर्ज करने की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि हाल के घटनाक्रमों के चलते धरनास्थल पर किसी प्रकार की अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गोली मारने की धमकी भी दी गई है। रतनमान ने मांग की कि प्रशासन धरना स्थल पर पर्याप्त पुलिस सुरक्षा मुहैया करवाई जाए।
धरने को सम्बोधित करने वालों में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन, प्रदेश संगठक सचिव श्याम सिंह मान, कोर कमेटी चेयरमैन यशपाल राणा, प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान, और कार्यालय सचिव राजकुमार नौतना शामिल रहे।

## निर्जला एकादशी पर छछरौली क्षेत्र में लगाई जा रही है मीठे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)-**



निर्जला एकादशी के अवसर पर छछरोली क्षेत्र में जगह-जगह मीठे पानी की छाबील लगाई गई। श्रद्धालुओं द्वारा गांव गांव में छबील के माध्यम से राहगीरों की रोक कर मीठे पानी से प्यास बुझाई गई।
पंडित जय भगवान शर्मा ने बताया ज्येठ माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को निर्जला एकादशी के रूप में मनाया जाता है इस दिन भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस दिन प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना जाता है। छछरौली , शेरपुर मोड, हडोली, लेदी, चुहड़पुर कलां , अराईया वाला, हथनी कुंड आदि जगहो पर श्रद्धालुओं ने छाबील लगाकर राहगीरों को मीठा पानी पिलाया। कुलदीप वंशपाल, दक्षपाल, दिव्यांश, तनिष्पाल, प्रियांशु, नरसिंह आदि ने सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर बाद 3:00 बजे तक मीठा पानी पिलाकर श्रद्धालुओं की प्यास बुझाई।

## न्यूज फ्लैश

### कन्वर्जिंट इंडिया की सुरक्षा और अध्ययन पहल, स्टेप अप फॉर स्कूल्स पहल का क्रियान्वयन

**गुरूग्राम।** सेवा–आधारित प्रणाली एकीकरण में वैश्विक अग्रणी, कन्वर्जिंट ने आज हरियाणा के गुरुग्राम में कैप्टन चंदन लाल दृष्टिहीन विशेष मिडिल स्कूल में अपने विशिष्ट स्टैप (सुरक्षित, परिवर्तन, सशक्त, भागीदार) अप फॉर स्कूल्स कार्यक्रम चलाकर सामुदायिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। इस अभियान के तहत सुरक्षा प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से अल्प संसाधन वाले स्कूलों को सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें 35 से अधिक कन्वर्जिंट सहकर्मियों ने स्कूल की सुविधाओं को उन्नत करने के लिए जो 5 से 16 वर्ष की आयु के 112 दृष्टिबाधित बच्चों की जरूरतों को पूरा करते हैं, अपना समय और संसाधन साझा किए। इस परियोजना में वीडियो निगरानी प्रणाली की स्थापना, कक्षाओं और स्कूल भवन की रंगाई–पुताई जैसी सौंदर्यीकरण गतिविधियां, तथा वृक्षारोपण अभियान शामिल थे, जिनका उद्देश्य सुरक्षा और समग्र शिक्षण वातावरण को बेहतर बनाना था। कन्वर्जिंट–एशिया पैसिफिक के उत्तर भारत के महाप्रबंधक, भाष्करविक्रम राजखोवा ने इस पहल के बारे में बताते हुए कहा, हमें कन्वर्जिंट की सेवा की वैश्विक भावना को पूरे भारत में स्थानीय समुदायों तक पहूंचाने पर गर्व है। कैप्टन चंदन लाल स्कूल के साथ साझेदारी करना हमारे लिए विशेष रूप से सार्थक रहा है। स्टेप अप पहल, प्रौद्योगिकी डोनेशन कही बढ़कर है; यह छात्रों और शिक्षकों दोनों को सशक्त बनाने के लिए सुरक्षित, समावेशी स्थान बनाने के लिए स्कूलों के साथ सहयोग करने पर केंद्रित है। यह प्रयास सिस्टम एकीकरण के साथ मानवीय संबंध और सशक्तिकरण पर जोर देता है। इस पहल के संदर्भ में, कैप्टन चंदन लाल स्पेशल मिडिल स्कूल फॉर द ब्लाइंड की मुख्याध्यापिका श्रीमती नीना रानी ने कहा, हमारे छात्रों के विकास और आत्मविश्वास के लिए सुरक्षा और सुगम्यता महत्वपूर्ण है। हम कन्वर्जेंट इंडिया के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे छात्रों की आवश्यकताओं को पहचाना और उन्हें सुरक्षित और स्वागतपूर्ण स्थान सुलभ करवाया जिसमें उनका अध्ययन पुष्पित–पल्लवित हो सकें। यह साझेदारी समावेशी समुदाय सृजना का जीवंत उदाहरण है।



### इंजीनियरिंग छात्रों के लिए आईईटी इंडिया छात्रवृत्ति 2025: आवेदन 2 सप्ताह में बंद होंगे

**नोएडा।** दुनिया के सबसे बड़े पेशेवर इंजीनियरिंग संगठनों में से एक, इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) ने घोषणा की है कि स्नातक इंजीनियरिंग छात्रों के लिए देश के प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड के नौवें संस्करण के लिए आवेदन अब 22 जून 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि तीन सप्ताह बढ़ाए जाने से विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। आईईटी इंडिया स्कॉलरशिप अवॉर्ड की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी। इसका उद्देश्य ऐसे इंजीनियरिंग छात्रों की पहचान करना और उन्हें सहयोग प्रदान करना है, जो न केवल शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट हैं, बल्कि नवाचार और वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के प्रति गहन प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करते हैं।

2025 संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 10 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें राष्ट्रीय विजेता को तीन लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, चयनित छात्रों को प्रमुख उद्योग आयोजनों में भागीदारी, मार्गदर्शन (मेंटरशिप) के अवसर और राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त करने का मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। इस अवसर पर आईईटी इंडिया में पुरस्कार और छात्रवृत्ति प्रबंधक अजय सलारिया ने कहा,समय सीमा बढ़ाकर हम अधिक संख्या में इंजीनियरिंग छात्रों को इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा शांति व समृद्धि के लिए किया कार्यक्रम

## स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए एक परमपिता परमात्मा की याद ही सर्वोत्तम उपाय है

**विशेष**

आसपास के क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नारायणगढ़ शाखा में नारायणगढ़ व इसके आसपास के क्षेत्र की सुख शांति और समृद्धि के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सढौरा से आए हुए जयप्रकाश भाई ने अपने गीतों से सबका मन मोह लिया और सेंटर का रूहानी वातावरण बन गया संस्था से जुड़े सभी सदस्यों ने मैडिटेशन कर सुख शांति आनंद का अनुभव किया। सेवा केंद्र प्रभारी बीके हरदीप दीदी ने मेडिटेशन का महत्व बताया उन्होंने कहा कि आज के समाज के जो हालात है उसमे स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए एक परमपिता परमात्मा की याद ही सर्वोत्तम उपाय है और आध्यात्मिकता ही हमारे जीवन का सार है। वह सर्वशक्तिमान परमपिता परमात्मा जो सर्वगुण और सर्व शक्तियों का सागर है उससे यदि हम शांति की किरणें प्राप्त करेंगे तो हमारे भीतर भी शांति आ जाएगी और बाहर भी वातावरण शांत हो जाएगा इससे पहले उन्होंने आत्मा और परमात्मा को काफी डिटेल में समझाया कि वास्तव में परमात्मा क्या है और आत्मा क्या है। परमात्मा एक सूक्ष्म शक्ति है जो हम सभी आत्माओं का पिता है हम सब के अंदर जो शक्ति विराजमान है वह आत्मा है। लेकिन आज हम आत्मा को नहीं जानने के कारण अपनी शक्तियों से भी अनभिज्ञ है तो सबसे पहले हमें स्वयं की पहचान होना अति आवश्यक है। हम सभी आत्माओं के अंदर सुख शांति प्रेम आनंद ज्ञान शक्ति पवित्रता भरपूर मात्रा में भर के परमात्मा ने भेजा था लेकिन आज हम अपने आप को भूलने के कारण दुख और अशांति फैलाने लग गई तो हमें फिर से अपने असली गुण व शक्तियों को को इमर्ज करना है और समाज में फैलाना है जब हमारे मन के विचार शुद्ध हो जाएंगे तो वातावरण भी शुद्ध हो जाएगा और उसे परम पिता परमात्मा के बारे में उन्होंने बताया कि वह शांति का प्रेम का सुख आनंद का सागर है सत्यम शिवम सुंदरम है और ब्रह्मा कुमारी संस्था के माध्यम से वह इस समाज को परिवर्तन करने का कार्य कर रहा है जो पिछले 89 वर्षों से चल रहा है ब्रह्माकुमारी संस्था में अपने विकारों को खत्म करके एक अच्छा संसार बनाने का लक्ष्य दिया जाता है और उसकी शुरूआत खुद से ही की जाती है कि मैं बदल लूंगा तो मुझे देखकर सभी बदलेंगे।

गांव काठे माजरा के सरपंच भ्राता मायाराम जी ने भी इसी बात पर विशेष जोर दिया की ओम शांति एक ऐसा महामंत्र है जिससे हमारा मन बुद्धि शांत हो जाता है उन्होंने दो बार माउंट आबू जाकर जो आनंद लिया है उसका अनुभव उन्होंने सभी को बताया और सभी को माउंट आबू जाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि दुनिया में यदि शांति की प्राप्ति का स्थान है तो वह यही एक सर्वोत्तम स्थान है।

# शनि मंदिर के आगे गंदे पानी की भरमार, फैल रही बीमारियां



**गंदगी की भरमार**

गंदगी की भरमार इस कदर हो रही है कि क्षेत्र वासियों को बीमारियां फैलने का डर सता रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**
**शाहबाद** के रणजीत नगर कॉलोनी में सीवरेज बंद होने के कारण शनि मंदिर के सामने व आसपास के क्षेत्र में गंदगी की भरमार इस कदर हो रही है कि क्षेत्र वासियों को बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। लोगों का कहना है कि सीवरेज बंद होने के कारण ओवरफ्लो के चलते पानी बाहर आ जाता है। जिसकी वजह से गुजरना भी मुश्किल हो जाता है।
उन्होंने कहा कि साथ ही शनि मंदिर के सामने सीवरेज के गंदे पानी के जमाव के कारण श्रद्धालु मंदिर में भी प्रवेश नहीं कर पा रहे हैं।
प्रशासन से मांग है कि इस समस्या का समाधान करें ताकि बरसात के सीजन में किसी प्रकार की बीमारियां न फैले। वहीं नगर पालिका के अधिकारी ने बताया कि उनके संज्ञान में अभी यह मामला आया है लेकिन उन्होंने कर्मचारियों को व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दे दिए हैं उन्होंने कहा कि सेनेटरी इंस्पेक्टर को कह कर सेफ्टी टैंक लगाकर सीवरेज को खाली करने बारे कहा दिया हैं।

# धान में स्टेम बोरर्स से निपटने के लिए बेयर ने लॉन्च किया बीकोटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** कृषि एवं स्वास्थ्य से संबंधित लाइफ साइंस के क्षेत्र में अग्रणी वैश्विक कंपनी बेयर ने बीकोटा को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह विशेष रूप से स्टेम बोरर कीट से निपटने में धान के किसानों की मदद के लिए तैयार किया गया प्रोडक्ट है। इन हानिकारक कीटों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए बीकोटा में बेयर के एक्सक्लूसिव इनोवेशन को शामिल किया गया है। बीकोटा को जून, 2025 से पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत सभी धान उत्पादक राज्यों में उपलब्ध कराया जाएगा। लॉन्चिंग के मौके पर मोहन बाबू, (क्लस्टर कमर्शियल लीड झ भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका, क्रॉप साइंस डिवीजन, बेयर) ने कहा, बेयर अपने इनोवेशन के माध्यम से किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयासरत है। बीकोटा के माध्यम से हम न केवल चाहते हैं कि धान के किसानों की फसल सुरक्षित रहे, बल्कि समय एवं श्रम की लागत भी कम हो और उन्हें उपज व आय बढ़ाने में मदद मिले।

# योग दिवस की तैयारी के अंतर्गत योगाभ्यास एवं पौधारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**योगाभ्यास**

योग दिवस की तैयारी के अंतर्गत एक विशेष योगाभ्यास सत्र एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री (मैनपाल कश्यप ) :** शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी, इन्द्री में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के अंतर्गत एक विशेष योगाभ्यास सत्र एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला, हरियाणा के निदेर्शानुसार महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें एनएसएस, एनसीसी, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
कार्यक्रम का संचालन भूगोल विभाग के प्राध्यापक श्री प्रदीप भारती ने किया, जिन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को योगाभ्यास करवाया और योग के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। योगाभ्यास के उपरांत महाविद्यालय परिसर में मौलसरी, नीम, बरगद एवं पीपल जैसे औषधीय पौधों का पधारोपण किया गया। प्रत्येक पौधे को एक-एक विद्यार्थी दिया गया, जिनका संरक्षण वे अपने तीन वर्षीय महाविद्यालयीन जीवन काल में करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य, एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह, प्रोफेसर बाल ऋषि, प्रो. कुलदीप, तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. महेन्द्र सिंह बागी ने अपने संदेश में कहा कि "योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन का संतुलन है। इसके माध्यम से हम स्वस्थ मन और समाज की ओर अग्रसर हो सकते हैं।" एनसीसी अधिकारी कैप्टन रणबीर सिंह ने युवाओं को आह्वान किया कि "योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर वे मानसिक दृढ़ता और अनुशासन को विकसित करें।" एनएसएस अधिकारी प्रो. बाल ऋषि एवं प्रोफेसर कुलदीप ने कहा, "प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति है। पौधारोपण कार्यक्रम इस दिशा में एक छोटा पर महत्वपूर्ण कदम है।"

# जिला उपायुक्त ने छछरौली क्षेत्र में किया बाढ़ राहत कार्यों का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)-** जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने छछरौली क्षेत्र के गांव चिंतपुर खानु वाला का सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया। सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने साइट के लगभग 1 किलोमीटर दूर ड्रोन के माध्यम से कार्य की प्रगति दिखाई।
जिला उपायुक्त के पहुंचने की सूचना मिलते ही खानू वाला चिंतपुर के ग्रामीण खानू वाला पुल पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता के पास पहुंच गए । ग्रामीणओं ने सिंचाई विभाग अधिकारियों पर कार्य में ढिलाई बरतने का आरोप लगाते हु? कहा यदि 10 दिन के भीतर चिंतपुर खानुवाला तटबंध काम पुरा नहीं किया गया तो उन्हें गांव छोड़कर पलायन करने पर मजबूर होना पड़ेगा। क्योंकि बरसात के करण चिंतपुर खानू वाला गांव सबसे पहले प्रभावित होते हैं। पिछले बरसाती सीजन में दोनों गांव के ग्रामीणों ने पटरी टूटने के कारण आई बाढ़ में कई दिनों तक गांव से बाहर आश्रय लेने को मजबूर होना पड़ा था वही बरसाती पानी आने के कारण यहां एक किसान की मौत भी हो गई थी। सोम नदी का खानू वाला चिंतपुर तटबंध टूटने से खानू वाला, चिंतपुर, मानकपुर, लल्हाडी, लेदी, लोप्यों, तिहानो, हडौली, बलौली, दादूपुर सैनी, तारुवाला, ऊर्जनी और शेरपुर आदि एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं।



**प्रगति**

सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने साइट के लगभग 1 किलोमीटर दूर ड्रोन के माध्यम से कार्य की प्रगति दिखाई

# सुपर-100 में 05 बच्चों ने आईआईटी जेईई एडवांस व जेईई मेंस की परीक्षा उत्तीर्ण की

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, (धर्मबीर)-** हरियाणा सरकार की स्कूली विद्यार्थियों के लिए योजना सुपर-100 के विद्यार्थियों का आईआईटी, जेईई एडवांस व जेईई मेंस-2025 को घोषित परीक्षा परिणाम में यमुना नगर के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 05 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है । उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिला के होनहार एवं मेधावी बच्चों को जेईई एडवांस व जेईई मेंस में सफल होने वाले विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि प्रार्थना मिश्रा राजकीय कन्या सीनियर सैकेण्डरी स्कूल पुरानी सब्जी मंडी जगाधरी, सानिया चौहान राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकण्डरी स्कूल व्यासपुर,शुभम राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर स्कूल व्यासपुर, सलोनी राजकीय हाई स्कूल फतेहपुर ने जेईई एडवांस व जेईई मेंस-2025 ने परीक्षा उर्तीण की है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी पूरा-पूरा ध्यान देना है। शिक्षा के साथ एक्स्ट्रा करिकुलम गतिविधियों में भाग लेना है। स्कूली जीवन से आगे का सफर तय करते हुए जीवन का पाठ भी अच्छे से सीखना है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में किया गया है योग अभ्यास

**पानीपत, (कमाल हुसैन)** आयुष विभाग हरियाणा व हरियाणा उच्चतर शिक्षा निदेशालय, पंचकुला के निर्देशानुसार, आर्य कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा कॉलेज प्रांगण में 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग अभ्यास व पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एनएसएस इकाई के प्रभारी विवेक गुप्ता को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। डॉ. गुप्ता ने अपने संबोधन में बताया कि पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड लेते हैं।

# अंबाला पुलिस विभाग द्वारा योग शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अंबाला:** हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी संबंध में पुलिस हाकी ग्राउंड अंबाला शहर में पुलिस प्रशासन और आयुष विभाग ने संयुक्त रूप से प्रोटोकॉल योगाभ्यास किया। योगाभ्यास में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विजय कुमार और प्रथम वाहिनी उप पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार ने योगाभ्यास के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर योग क्रियाएं कीं। प्रोटोकॉल योगाभ्यास के दौरान योगाचार्य द्वारा वज्रासन, ताड़ासन, उष्ट्रासन, अलोम-विलोम प्राणायाम, चन्द्रवेदी प्राणायाम, कपालभाति आदि योग क्रियाओं के बारे में बताया गया है। इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग से लगभग 510 चाकूओं ने भाग लिया। हमारे कार्यक्रम के दौरान यह संकल्प भी लिया गया कि, हमें अपने मन को निरंतर स्थिर रखना है, इसमें ही आत्मविकास समाया है। मैं खुद के प्रति, कुटुंब के प्रति, काम, समाज और विश्व के प्रति शांति, आनंद और स्वास्थ्य के प्रचार के लिए बधाई देता हूं। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अम्बाला विजय कुमार ने योग के महत्व के बारे में बताया कि हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। योग करने से तन-मन स्वस्थ रहता है और आत्मिक शांति भी प्राप्त होती है। आज भारत के लोगों ने इस योगविद्या को अपना कर अपने जीवन को सुखमय बनाया है। मूलतः हम सभी को नियमित रूप से योग करके आपको स्वस्थ रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में आयुष विभाग से नरेंद्र कुमार, मोहित और शुभम ने उप-पुलिस अधीक्षकों के साथ मिलकर औषधीय औषध शास्त्र में भाग लिया।



**भावना**

~~आगामी 24 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कानपुर दौरे की तैयारियों का निरीक्षण किया~~

# डीसी ने समाधान शिविर के दृष्टिगत अधिकारियों की ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर मात्र एक जन संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच भरोसे की वह मजबूत कड़ी है जो जनता के विश्वास को ओर सुदृढ़ बनाता है। इस विश्वास को बनाए रखने के लिए लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सभी को आपसी समन्वय के साथ पूरी मुश्तैदी से कार्य करना है। उपायुक्त अपने कार्यालय मे समाधान शिविर के दृष्टिगत सम्बंधित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।
इससे पहले चंडीगढ़ से अभिलेखागार विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने उपायुक्तों से समाधान प्रकोष्ठ मे किन-किन विभागों से संबंधित समस्याएं अधिक आ रही हैं, कितनी शिकायतें लंबित हैं व अन्य इस विषय से जूडी विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविरों को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में प्राप्त हर शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और समयबद्ध ढंग से उनका जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित शिकायतों का त्वरित व प्रभावी ढंग से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।
उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आयुक्त एवं सचिव को अवगत करवाते हुए बताया कि अंबाला में अब तक आयोजित समाधान शिविरों में कुल 4266 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 4010 शिकायतों का निपटान किया जा चुका है। वर्तमान में 89 शिकायतें लंबित हैं जबकि अन्य शेष शिकायतें रिजेक्टेड अथवा रीओपन श्रेणी में हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी लंबित शिकायतें हैं उनका तत्परता के साथ शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा और जो दिशा निर्देश वीसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं उनकी अनुपालना के तहत लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। वीसी उपरांत उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को प्राथमिकता से निपटाया जाए। संबंधित विभाग अपनी लंबित शिकायतों का तत्परता से समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इस मौके पर नगर निगम की संयुक्त आयुक्त आदिति, डीएसपी रजत गुलिया, कार्यकारी अभियंता बिजली विभाग सुखबीर सिंह के साथ साथ अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




**दिशा-निर्देश**

समाधान शिविर मात्र एक जन संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच भरोसे की वह मजबूत कड़ी है: अजय

# पुलिस ने बड़े नकली कीटनाशक रैकेट का भंडाफोड़ किया, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत।** तेलंगाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए राजेंद्र चेचानी को गिरफ्तार किया है - जिसे राजू चेचानी के नाम से भी जाना जाता है, जो बड़े पैमाने पर नकली कीटनाशकों के रैकेट के मुख्य आरोपियों में से एक है। पुलिस ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वित अभियान के दौरान 2 मई 2025 को राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के बस्सी गांव स्थित उसके फार्महाउस से उसे गिरफ्तार किया। यह गिरफ्तारी भारत के कृषि क्षेत्र में नकली कीटनाशकों के बढ़ते खतरे को उजागर करती है, जहाँ भोले-भाले किसानों को अक्सर ऐसे उल्लंघनकताओं द्वारा नकली उत्पादों के साथ धोखा दिया जाता है। ये नकली रसायन, हालांकि असली ब्रांड की तरह पैक किए जाते हैं, लेकिन अक्सर उनके हानिकारक या अप्रभावी अवयवों के कारण फसल को नुकसान पहुंचाते हैं जिसके कारण पैदावार कम होती है। नवीनतम गिरफ्तारी से कई राज्यों में फैली नकली कृषि रसायनों की आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण रूप से बाधा उत्पन्न होने की उम्मीद है। चेचानी पर आरोप है कि वह सात साल से भी ज्यादा समय से इस तरह का एक जटिल अवैध व्यापार और अवैध नेटवर्क चला रहा है, जो भारत के 11 से ज्यादा राज्यों में फैले अपने सहयोगियों के जरिए पूरे भारत में नकली कीटनाशकों का निर्माण और वितरण करता है। उसने दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में काम करने वाले सहयोगियों के एक बड़े नेटवर्क के जरिए प्रतिष्ठित एग्रोकेमिकल कंपनियों के लेबल वाले नकली उत्पाद सप्लाई किए।



# राई हल्के को प्रदेश में स्वास्थ्य, पेयजल व अन्य सुविधाओं में पहचान दिलवाना ही उनकी प्राथमिकता: गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने शुक्रवार को हलके के लोगों की समस्या सुनी। जनता दरबार में पेयजल समस्या व गंदे पानी की निकासी को लेकर हलके के लोगों ने समाधान की मांग की जिस पर विधायक ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात की और समाधान के आदेश दिए । जनता दरबार में बहालगढ़ पंचायत की तरफ से सरपंच राजेश ने बताया कि बहालगढ़ में सबसे बड़ी समस्या पर पेयजल की है, गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए लगाए गए सरकारी ट्यूबल से जो पेयजल की आपूर्ति हो रही है



उनका पानी बिल्कुल भी पीने योग्य नहीं है , पानी का टीडीएस इतना बढ़ा हुआ है कि वह बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है और बहुत गर्म पानी आता है । सरपंच ने विधायक को बताया कि बहालगढ़ में न तो सीवर लाइन है, गांव में सीवर लाइन न होने के कारण गंदगी नालियों में बहती रहती है, जिसे लोगों का गलियों से भी निकलना मुश्किल हो जाता है । विधायक कृष्णा गहलावत ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि बहालगढ़ गांव ने सर्वाधिक वोट देकर पूरा समर्थन दिया था । जिसकी वह हमेशा ऋणी रहेगी। पतला गांव छोटू , सीताराम, सतबीर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांव के जरूरतमंद लोगों के लिए आवास दिलाने , बिंदरौली के ग्रामीणों ने गांव में पार्क बनवाने की मांग की । मचरोला के ग्रामीण ने गांव में अंबेडकर भवन बनवाने की मांग की व धर्मवीर ,जयवीर ने गांव में फिरनी के निर्माण की भी मांग की । इस मौके पर संजय सरपंच , सरपंच जगदीशपुर ,सरपंच बहालगढ़ चांद मुरथल, रविंद्र दिलावर, आनंद पहलवान, सचिन जाटजोशी, नरेंद्र वर्मा , अमरजीत, शीलू , प्रमोद, पंडित सतपाल , प्रकाश आंतिल, प्रवेश सेवली आदि लोग मौजूद थे । विधायक कृष्णा गहलावत का गोरखनाथ जयंती के उपलक्ष्य के सफल आयोजन पर योगी समाज ने जताया विधायक का आभार -- योगी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष योगी व महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सीमा योगी ने सैकड़ो समाज के गणमान्य लोगों के साथ पहुंचकर विधायक का सीमा जोगी ने समाज के गणमान्य लोगों के साथ पहुंचकर गोरखनाथ जयंती के उपलक्ष्य के सफल आयोजन पर योगी समाज ने जताया विधायक का आभार । विधायक कृष्णा गहलावत ने समाज के पदाधिकारियो का अपनी तरफ से शाल देकर सम्मान करते हुए कहा कि इस समाज की हमेशा ऋणी रहेगी।

# जरूरतमंद कन्या का विवाह करके दिया नव दंपति को क्लब व सभा के पदाधिकारियों ने आशीर्वाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** श्री शिव मंदिर सनातन धर्म सभा ( रजिस्टर्ड ) व लायन क्लब गन्नौर द्वारा संयुक्त रूप से एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सम्पन्न करवाया। शिव मंदिर सनातन धर्म सभा के प्रधान व नगरपालिका के अध्यक्ष अरूण त्यागी, जनपद 321ए 2 के मास मैरिज अध्यक्ष लायन विपिन त्यागी एम जे एफ ने कन्या को जरूरत का सामान देकर वर वधु को सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया। लायन विपिन त्यागी एम जे एफ ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान से कामना करता हूं कि उनका वैवाहिक जीवन सुखी और समृद्ध हो। मैं उन सभी लोगों का भी आभार करूंगा, जिन्होंने जरूरतमंद लड़की की शादी में सहयोग किया है। आपका सहयोग




इस लड़की के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत करने में मदद करेगा। लड़की अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण के अवसर प्राप्त करेगी। त्यागी ने कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सभी लोगों से आग्रह करना चाहता हूं। हमें जरूरतमंद लोगों की मदद करने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए एकजुट होना चाहिए। इस मौके लायन क्लब गनौर के अध्यक्ष लायन हरजिंदर सिंह, लायन राजेश शर्मा, जोन चेयरमैन हरविंदर त्यागी, पार्षद शमशेर सैनी विकास भगवती, लायन सुशील त्यागी लायन मनीष बंसल सुरेश भूटानी दीपक गोयल संजीव सोबती कोषाध्यक्ष नरेंद्र पीतांजलि, रोहित त्यागी जयपाल शर्मा, गौरव त्यागी विजय कुमार के अलावा मंदिर की महिला मंडली का भी विशेष सहयोग रहा।

## न्यूज फ्लैश

### शिवाजी नगर में मलिक धर्म कांटे के पास मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी व लाखों रुपए का सोना चोरी

**गन्नौर /टीम एक्शन इंडिया**
शिवाजी नगर में मलिक धर्म कांटे के पास अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी व लाखों रुपए का सोना चोरी कर ले गए। मकान मालिक ने चोरी की शिकायत पुलिस को दी पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी । गन्नौर थाना पुलिस को दी शिकायत में शिवाजी नगर निवासी सुमित ने बताया कि 5 जून को सुबह मैं अपने दफ्तर पर चला गया और मेरी पत्नी सोनिया झानदीप स्कूल गन्नौर में मकान का ताला लगाकर बंद करने के बाद बच्चों को पढ़ाने के लिये चली गयी थी। दोपहर को जब मेरी पत्नी सोनिया ने मुझे मोबाईल फोन से बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है और समान बिखरा हुआ है । जब मैंने घर पर आकर देखा तो मन्दिर के दराज से 58000 हजार रुपए व अंदर कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था, जिसमे सोने के दो कड़े, 2 अंगूठी सोना, 1 जोड़ी कानो के टोपस , 1 जोड़ी कानो के कोके व बैड के अंदर रखे सुटकेश से मकान के कागजात, मार्कशीट , ए टी एम, चेक बुक, आधार कार्ड , पैनकार्ड , ड्राईविंग लाईसेंस, वोटर कार्ड व बैंक की एफ डी के कागजात नहीं मिले । शिकायत में बताया कि चौबारे पर बने कमरे मे जाकर देखा तो वहा पर अलमारी खुली हुई मिली और सामान बिखरा हुआ मिला । जिसके अन्दर से 1 जोडी सोने के कानो के टोपस व गाडी की चाबी नही मिली। चोरी की शिकायत मकान मालिक ने डायल 112 पर भी दी। पुलिस ने शिकायत के बाद चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी ।

### पीपली खेड़ा में मानसिक रूप से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त, मामला दर्ज

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**
पीपली खेड़ा में मानसिक रूप से परेशान महिला ने घर में बने कमरे के अंदर पंखे से लटककर फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना परिजनों ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस को दी । सूचना मिलने के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना के प्रबंधक सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवाया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर महिला के मानसिक रूप से परेशान होने पर फांसी लगाने की कार्रवाई की। सहायक उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पीपली खेड़ा गांव में 21 वर्षीय शीतल पत्नी सुमित ने मानसिक रूप से परेशानी के चलते अपने घर के अंदर कमरे में लगे पंखे से फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । मौके पर पहुंचकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत सिविल अस्पताल भिजवा दिया । उन्होंने बताया कि शनिवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### किसान गोष्ठियों का आयोजन हुआ

**रणदीप धानियां,कलायत/टीम एक्शन इंडिया**
विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि विज्ञान केंद्र कैथल द्वारा कलायत के गांव खरक पांडवा, पिंजुपुरा व शिमला में किसान गोष्ठियों का आयोजन हुआ। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक डा.रमेश वर्मा ने बताया की इस समय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा देश के 700 जिलों में अभियान एक साथ चलाया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि को मुनाफे का सौदा बनाने के लिए नए इजाद किए गए बीज व तकनीकों को लेकर किसानों को जानकारी दी गई। इस अभियान के तहत कृषि, बागवानी, पशुपालन, मत्स्यपालन से जुड़े हर विषय पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जितने भी नए शोध हुए उन पर विस्तार से जानकारी दी। नई कृषि तकनीक व उन्नत बीजों के चयन से लेकर कृषि व उससे संबंधित व्यवसायों में खूब मेहनत करके आर्थिक रूप से समृद्ध होने का मूलमंत्र दिया। डा.वर्मा ने कहा किसानों के लिए लैब में होने वाले शोधों को धरातल पर पहुंचाने की दिशा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व कृषि मंत्री हरियाणा श्याम सिंह राणा का यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।
इन शिविरों के माध्यम से किसान को उस हर नए शोध से रूबरू करवाया जा रहा है जो खेती व उससे जुड़े व्यवसायों को नई दिशा देंगे। शिविरों में कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिकों के साथ राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान, कृषि, पशुपालन विभाग व बागवानी विभाग के विषय वस्तु विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया की वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत तकनीक, धान की सीधी बिजाई बारे जानकारी दी गई।

# अगवानपुर रोड पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के सर्विस रोड का निर्माण शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** लंबे समय से अधूरे पड़े अगवानपुर रोड कर तरफ निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड का निर्माण कार्य अब शुरू हो गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा सर्विस रोड की मिट्टी को समतल करने का कार्य किया जा चुका है और अब ब्लाक लगाकर पक्की सड़क बनाई जा रही है।
इस सड़क के बनते ही अगवानपुर, पांची, पुरखास, भोगीपुर, उदेशीपुर समेत कई गांवों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। पिछले करीब एक साल से अगवानपुर रोड की तरफ निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की सड़क कच्ची पड़ी थी, जिससे वाहन चालकों



को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर वर्षा के दिनों में यह रास्ता पूरी तरह से कीचड़ में तब्दील हो जाता था, जिस कारण कई बार वाहन फंस जाते थे और राहगीरों को चोटें भी आई थीं। ओवरब्रिज से बाहर निकले लोहे के सरिये भी हादसों को न्यौता दे रहे थे।
-एसडीएम ने दिए थे आदेश
एसडीएम प्रवेश कादियान ने पिछले दिनों अगवानपुर रोड का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने पाया कि सर्विस रोड बुरी तरह से उखाड़ कर छोड़ रखा है। इस पर एसडीएम ने कार्रवाई करते हुए एचएसआरडीसी को निर्माण कार्य शुरू करवाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने अश्वासन दिया था सीवर लाइन दबने के बाद सड़क निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।
-जल्द बनाया जाएगा रोड
एचएसआरडीसी के एसडीओ रविंद्र कादियान ने बताया कि सड़क निर्माण में देरी इसलिए हुई क्योंकि सर्विस रोड के नीचे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की लाइन दबाई जानी थी। अब सीवर लाइन दबाई जा चुका है और सड़क समतलीकरण का कार्य पूरा किया जा रहा है। आगामी कुछ दिनों में ब्लाक बिछाकर सड़क तैयार कर दी जाएगी।

# सुमीत अलख ने प्रतिष्ठित रोमानियाई वाइन समिट में लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
स्किपर्स इंडिया मार्केकॉन्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री सुमीत अलख को हाल ही में भारत में रोमानिया के द्विपक्षीय वाणिज्य मंडलों के संघ द्वारा आयोजित एक विशिष्ट समिट में आमंत्रित किया गया। यह उच्च-स्तरीय कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित होटल पुलमैन, एयरोसिटी में आयोजित हुआ, जिसमें रोमानिया की समृद्ध लेकिन कम जानी-पहचानी वाइन विरासत को सांस्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया गया।इस आयोजन को भारत की वाइन इंडस्ट्री के प्रमुख स्तंभ और इंडियन वाइन अकादमी के संस्थापक श्री सुभाष अरोड़ा द्वारा संयोजित किया गया। उनकी गहन जानकारी और वाइन के प्रति जुनून ने इस समिट को अत्यंत सूचनाप्रद और आकर्षक बना दिया। श्री अरोड़ा को भारत में वाइन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए व्यापक रूप से सम्मानित किया जाता है।समिट में विशेष रूप से रोमानिया से मंगाई गई वाइन प्रस्तुत की गईं। आमतौर पर लोककथाओं और ड्रैकुला की भूमि के रूप में पहचाने जाने वाले इस देश के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं कि रोमानिया विश्व का छठा सबसे बड़ा वाइन उत्पादक देश है।

# निर्जला एकादशी पर मीठे पानी की छबील लगाना पुण्य का काम : अंकित मल्होत्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** निर्जला एकादशी पर शुक्रवार को अखिल भारतीय संकीर्तन मंडल द्वारा रेलवे रोड पर मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों को पानी पिलाया । छबील की शुरूआत समाजसेवी अंकित मल्होत्रा ने राहगीरों को पानी पिलाकर की। मल्होत्रा का पहुंचने पर मंडल के पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी अंकित मल्होत्रा ने मंडल द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए कहा कि निर्जला एकादशी के पावन अवसर छबील का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय काम है । हिदू धर्म में निर्जला एकादशी व्रत का बहुत महत्व है। वर्ष में 24 एकादशी आती हैं। जेष्ठ शुक्ल की निर्जल एकादशी ज्यादा फलदायी है।

# पौधों के प्रति बचपन से लगाव व हरियाली और उनकी सुंदरता बहुत पसंद ने हरा भरा बनाया स्कूल प्रांगण

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** दतौली गांव के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में इको क्लब के इंचार्ज मनीषा मालिक ने स्कूल को हरा-भरा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, खासकर पर्यावरण दिवस जैसे विशेष अवसरों पर। इको क्लब के माध्यम से स्कूल परिसर में पेड़-पौधे लगाए गए, पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया । इको क्लब की इंचार्ज मनीष मलिक ने स्कूल में फैली हरियाली को लेकर इसके लिए इको क्लब के अध्यक्ष व स्कूल प्राचार्य विवेक शर्मा की सराहना की । उन्होंने बताया कि इको क्लब अध्यक्ष ने स्कूल में पूरी तरह से हरियाली



होने का आदेश करते हुए पूरा बजट पौधों पर खर्च ने वह कम रहने पर अपनी तरफ से भी लगाने के लिए कहा और उसमें पूरा सहयोग किया । क्लब की इंचार्ज मनीष मलिक ने बताया कि स्कूल में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका क्लब निभा रहा है। इको क्लब द्वारा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण, सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। स्कूल परिसर में पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाया है।

# अवैध खनन की रोकथाम के लिए निरंतर चेकिंग अभियान जारी: निरंजन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण बनाए रखने के लिए निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खनन विभाग के अधिकारियों की टीम में शामिल एसआई जितेंद्र, एसआई सलिंद्र, एसआई राजेंद्र, एसआई बलकार सिंह, एसआई देवेंद, एसआई रोशन, बिजेंद्र, एसआई ब्रह्म प्रकाश, हेड कांस्टेबल अशोक व माइनिंग गार्ड रोहताश, नीतेश व विजय द्वारा माइनिंग चेकिंग के दौरान गांव चंद्राव में वाहनों की चेकिंग की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को हुड्डा ग्राउंड में

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** स्थानीय हुड्डा ग्राउंड परिसर में 21 जून को सुबह छह बजे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। एसडीएम अनिल कुमार यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर बैठक ली। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2015 से 21 जून को हर साल अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस बार भी उपमंडल स्तर पर योग दिवस का आयोजन महेंद्रगढ़ के हुड्डा ग्राउंड परिसर में करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 12 से



14 जून को सुबह छह से 7:30 बजे तक स्थानीय हुड्डा ग्राउंड में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन होगा। इस प्रशिक्षण में कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इसी प्रकार 19 जून को हुड्डा ग्राउंड में फाइनल रिहर्सल का आयोजन होगा। एसडीएम ने कहा कि योग के प्रति जागरूकता के लिए उपमंडल के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों व अध्यापकों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य उद्देश्य आमजन को योग से जोड़ना है। हरियाणा योग आयोग, उपमंडल प्रशासन व आयुष विभाग के तत्वावधान में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में सभी सरकारी विभागों, ग्राम पंचायतों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को अपना सहयोग देना चाहिए।
इस अवसर पर नायब तहसीलदार निशा तंवर, आयुष विभाग से डॉ. सुमन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।
फोटोः
महेंद्रगढ़। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम।

# मुख्यमंत्री के कुरुक्षेत्र मीडिया कॉर्डिनेटर बनने तुषार सैनी को बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा: (प्रदीप कुमार)** सूचना,जनसंपर्क,भाषा व संस्कृति विभाग ,हरियाणा द्वारा जारी पत्र के माध्यम से कुरुक्षेत्र के बढ़गांव निवासी तुषार को कुरुक्षेत्र जिला का मुख्यमंत्री का मीडिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।उपरोक्त कार्यालय द्वारा इस नियुक्ति से संबंधित पत्र जारी कर दिया गया है जिससे उक्त नियुक्ति की पुष्टि हो गई है। तुषार सैनी को मुख्यमंत्री नायब सैनी का जिला कुरुक्षेत्र का मीडिया समन्वयक नियुक्त किए जाने का ऑल इंडिया एकता पत्रकार संघ की कुरुक्षेत्र इकाई ने स्वागत किया है और तुषार को ढेरों शुभ कामनाएं दी हैं। नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि तुषार पिछले काफी लंबे समय से मीडिया जगत का काम देखते रहे हैं और कुरुक्षेत्र के पत्रकारों में उनकी मिलनसार व्यक्तित्व की पहचान है। पुष्टि हो गई है। तुषार सैनी को मुख्यमंत्री नायब सैनी का जिला कुरुक्षेत्र का मीडिया समन्वयक नियुक्त किए तुषार को ढेरों शुभ कामनाएं दी हैं। इस मौके पर शाहबाद मंडल अध्यक्ष दीपू जैन, पूर्व पार्षद बलदेव सेठी, नगरपालिका पूर्व प्रधान बलदेव राज चावला, सुरेंद्र माजरी,अमित सिंगला, निर्मल विर्क, गौतम राणा, सरपंच प्रतिनिधि सतीश कुमार, राजेश कुमार,मनदीप सिंह रावा, दीपक नंद , अनिल कुमार लोग मौजूद रहे

# समाज व देश की तरक्की के लिए किसान की तरक्की बहुत जरूरी है: विधायक कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** शेखपुरा गांव में शुक्रवार को किसान संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया । गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान कादियान ने मुख्य अतिथि शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम में पहुंचने पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने विधायक देवेंद्र कादियान का स्वागत किया। विधायक देवेंद्र कादियान ने संबोधित करते हुए कहा की किसान देश की रीड की हड्डी है, हरियाणा कृषि प्रधान देश है और हमारी अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। समाज व देश की तरक्की के लिए किसान की तरक्की जरूरी है। विधायक कादियान ने कहा कि जल्दी ही



गन्नौर में अंतरराष्ट्रीय फल व सब्जी मंडी शुरू होगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा । उन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई किसान जागरूकता मुहिम की सराहना की और कहा कि वैज्ञानिक गांव में जाकर किसानों से मिल रहे हैं और उनकी समस्या व सुझाव सुन रहे हैं । उन्होंने अपने सामने ही किसानों के वैज्ञानिकों से सवाल जवाब कराए और कहा कि किसानों से जुड़ी मांगे व मुद्दे विधानसभा में सरकार के समक्ष रख रहे हैं। अभियान में पूसा नई दिल्ली की टीम, कृषि विज्ञान केंद्र सोनीपत व कृषि विभाग के अधिकारियों ने शेखपुरा, डबरपुर व भोरा रसूलपुर गांव के किसानों के साथ संवाद किया। पूसा के वैज्ञानिक डॉक्टर दीपा कामिल, डॉक्टर दिलीप कुशवाहा, डॉक्टर डीसी मीणा ने किसानों को कृषि की नई तकनीक को नए बीजों व बीमारियों की रोकथाम व उपचार के बारे में बताया और पूसा इंस्टिट्यूट में आने का भी किसानों से अनुरोध करते हुए बताया कि संस्थान में समय-समय पर किसान मेले का आयोजन होता रहता , जहां पर नए बीज, नई तकनीक की किसानों को जानकारी मिलती है और किसान बीज भी खरीद सकते हैं । निदेशक डॉ विजयपाल उद्यान विश्वविद्यालय करनाल ने विशिष्ट अतिथि शिरकत करते हुए बताया कि किसानों को उद्यान विभाग की विभिन्न स्कीमों की जानकारी होनी चाहिए । इससे किसान लाभ उठा सकते हैं। मशरूम प्रशिक्षण केंद्र मुरथल के डॉक्टर अजय ने भी किसानों से संवाद किया। कृषि विभाग गन्नौर के उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ संदीप वर्मा, कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर राहुल सैनी, खंड कृषि अधिकारी डॉक्टर आनंद सिंह, कृषि विकास अधिकारी डॉक्टर विनयकांत ने किसानों को धान की सीधी बिजाई करने व फसल विधिकरण व किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। डॉ संदीप वर्मा ने मृदा की जांच करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में योग दिवस का किया गया आयोजन

**रणदीप धानियां,कलायत।** श्री कपिल मुनि महिला महाविद्यालय कलायत कैथल में उत्तर शिक्षा निदेशालय हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में योग दिवस का आयोजन किया गया।
महाविद्यालय प्राचार्य सुनील गर्ग के साथ सभी स्टाफ सदस्य ने प्राणायाम व योगासन का अभ्यास किया। इसमें मुख्य रूप से अनुलोम विलोम, भ्रामरी, कपालभाति, सूर्य नमस्कार व वज्रासन शामिल थे। सुनील गर्ग ने बताया कि जीवन में योग का बड़ा महत्व है। यदि इसका नियमित



अभ्यास करते हैं तो यह हमें अनेक प्रकार के रोगों से मुक्ति के साथ में हमारी चित वृत्तियों में भी सुधार करता है। योग सात्विकता की तरफ भी प्रेरित करता है। मनुष्य को नियंत्रित योग का अभ्यास करते रहना चाहिए। अगर मनुष्य नियमित रूप से प्राणायाम आसन और संतुलित आहार लेता है तो है हर प्रकार की बीमारियों से दूर रह सकता है। योगाभ्यास के बाद महाविद्यालय में वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया गया।

# नरेला: नारायण मंदिर में विशाल भंडारे का हुआ आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहरी दिल्ली के** नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह भंडारा स्वः लाला चतर सेन की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चारों सुपुत्रों–संजय बंसल, राजीव बंसल, अजय बंसल और मनीष बंसल के द्वारा आयोजित किया गया। सुबह11:30 बजे से शुरू हुए इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में सभी सम्बंधित परिवारजन और इष्ट मित्रों सहित सैकड़ों आमंत्रित अतिथियों ने भाग लिया। भंडारे का आयोजन संजय कैटरर्स, बंसल स्वीट्स और लागन के सहयोग से किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। संजय बंसल ने कहा, "हम हर साल अपने पिताजी की पुण्यतिथि पर इस भंडारे का आयोजन करते हैं ताकि उनकी स्मृति को जीवित रख सकें और समाज की सेवा कर सकें। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें यह अवसर मिलता है। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नरेला में दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन का समाज कल्याण मंत्री ने किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: समाज** कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शुक्रवार को नरेला में मानसिक रूप से दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन का पीडब्ल्यूडी और समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि कैम्पस दिव्यांगों के लिए आवश्यक सुविधाओं के अनुरूप तैयार हो रहा है। इसके तैयार होने पर रोहिणी के आशा होम्स जैसे जिन



शेल्टर होम्स में क्षमता से अधिक दिव्यांग रह रहे हैं, उन्हें यहाँ शिफ्ट किया जा सकेगा। नरेला में नर्सिंग कॉलेज हॉस्टल बिल्डिंग, प्राथमिक शहरी स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिव्यांगों के लिए तैयार हो रहे भवन में 220 दिव्यांगों के रहने की सुविधा होगी। यह सुविधा तीन महीने के अंदर शुरू हो जाएगी। समाज कल्याण मंत्री ने निर्देश दिए कि कैम्पस डिसएबल्ड फ्रेंडली हो, कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा करें, परिसर के बाहर अतिक्रमण न हो और एंबुलेन्स की आवाजाही में कोई समस्या न आए।

रविन्द्र इन्द्राज ने कहा कि राज्य में दिव्यांगों के लिए कई सुविधाएं विकसित हो रही हैं। मामूरपुर और दल्लूपुरा में भवन तैयार होने के बाद दिव्यांगों के लिए सुविधा, सुरक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के विकल्प बढ़ेंगे।

## निर्जला एकादशी पर देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कांग्रेस की ओर से कार्यालय के बाहर छबील लगाकर बांटा शरबत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: ज्येष्ठ महीने** में शुक्ल पक्ष की एकादशी का हिन्दु धर्म में विशेष महत्व है। निर्जला एकादशी पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने प्रदेश कांग्रेस की ओर से कार्यालय के बाहर छबील लगाकर शरबत बांटा। निर्जला एकादशी एकादशियों में सर्वश्रेष्ठ होती है, जिस पर शरबत बांटने या दान करने पर सुख प्राप्त होता है और कष्ट दूर होते है।

निर्जला एकादशी पर शरबत बांटने के अवसर पर प्रदेश



अध्यक्ष देवेन्द्र यादव व युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब के अलावा पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, अक्षय लाकड़ा प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा, जगजीवन शर्मा, एडवोकेट सुनील कुमार, गौरी शंकर शर्मा, मोहम्मद उस्मान, डा. पीके मिश्रा, राजेश गर्ग, प्रमोद नरवाल, राहुल डबला मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि सेवा करना एक मानव धर्म है और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा राजनीति से पहले अपना सेवा धर्म निभाया है। फिर चाहे कोई धार्मिक या सामाजिक कार्यक्रम हो कांग्रेस ने हमेशा आगे बढ़कर जनता की सेवा की है। निर्जला एकादशी एक ऐसा अवसर है जिस पर मानव सेवा के रुप में देश भर में शरबत और जरुरतमंदों को खाना बांटा जाता है, दिल्ली कांग्रेस ने भी आज इसी कड़ी में प्रदेश कार्यालय में छबील लगाकर शरबत बांटा गया।



निर्जला एकादशी के पुण्य अवसर पर वजीरपुर सेंट्रल मार्केट में मीठे पानी के वितरण के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य गणमान्य लोग।

## आनंद विहार वार्ड में पेड़ लगाकर 'एक पौधा मां के नाम' अभियान की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आनंद विहार मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वार्ड के कई जगहों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा ने वृक्षारोपण करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे संस्करण की भी शुरूआत। इसके साथ ही आनंद विहार मंडल में मंडल के सभी कार्यकर्ता संघ के स्वंसेवक और मंडल में चलने वाली कई संस्थाओं ने मंडल के साथ मिल कर कार्यक्रम किए। एक कदम स्वच्छ और स्वस्थ भारत की ओर समर्पित ने लगभग सौ वृक्ष लगाये।

इस दौरान दिल्ली प्रदेश भाजपा मंत्री सारिका जैन, आनंद विहार वार्ड से



निगम पार्षद मोनिका पंत मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, मंडल प्रतिनिधि जुगल वधवा, राहुल शर्मा, अमन पंडित, अर्जुन पंडित, राजेश जैन, राजीव वालिया, रमेश धमीजा, राजेश राजपूत, दिनेश गुप्ता, पंकज जैन, शोभा बंसल, रोहित तिहारा, राकेश मिश्रा व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



निर्जला एकादशी के उपलक्ष में गांव कुशक नम्बर-2 में मीठा पानी बांटते हुए सेवादार अजय सैनी, सुनील कुमार, रमेश मौर्या, आशीष मित्तल, मोहित सैनी, नवीन राणा, निट्टू गोला और नवीन यादव व अन्य।

## भाजपा के जिला अध्यक्ष डा. यूके चौधरी की अध्यक्षता में विस्तृत संगठनात्मक बैठक हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा उत्तर-पूर्वी** जिला संघठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष डॉ यूके चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश मंत्री किशन शर्मा की उपस्थिति रही। बैठक में आगामी कार्यक्रमों के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नवनियुक्त स्टैंडिंग कमेटी मेंबर सत्या शर्मा एवं सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर का स्वागत भी किया गया। संगठन द्वारा 2 मिनट मौन रखकर जो साथी हमसे छूट गए उनके देवलोक गमन अपनी संवेदना भी प्रकट





की गई। डॉ यूके चौधरी ने बताया कि जिला स्तर पर 10 जून से लेकर 25 जून तक संगठन देशव्यापी कार्यक्रम करेगा। जिसमें उत्तर पूर्वी जिला अपने जिले में एक अहम भूमिका निभाएगा। सभी कार्यक्रमों के निमित संयोजक और सह संयोजको की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश मंत्री किशन शर्मा ने बताया 10 और 11 जून को जिला स्तर पर प्रेस वार्ता होनी है। प्रोफेशनल मीट का आयोजन होना है। 12 से 14 जून के बीच में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा और विश्व योग दिवस17 से 21 जून तक मनाया जाएगा।

## संत नगर मंडल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का किया आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर मंडल में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वार्ड के कई जगहों पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट क्षेत्र स्थित तोमर कॉलोनी और हरित विहार में वृक्षारोपण करते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के दूसरे संस्करण की भी शुरूआत की। इसके साथ ही संत नगर मंडल में मंडल के सभी कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाओं और मंडल में चलने वाली कई संस्थाओं ने मंडल के साथ मिल कर कार्यक्रम किए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट सहित पूर्व निगम पार्षद कस्तूबानंद बलोदी, पूर्व निगम प्रत्याशी रेखा रावत, भाजपा नेता राम पुकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, मोती लाल, दिलीप, सुदेश सहित भाजपा और कई सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने एक पेड़ मां के नाम लगाया। कार्यक्रम के दौरान संगीता ने सभी कार्यकर्ताओं को पर्यावरण बचाने को लेकर अन्य महत्वपूर्ण कदम उठाने को कहा। इसके साथ ही संगीता ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग का खतरा धरा पर बहुत बढ़ गया है जिसकी वजह भी हम है जिसके चलते अब लोगों में इम्यूनिटी शक्ति तो लगभग खत्म ही हो गई है और बिमारियां भी अधिक बढ़ गई और वह दिन भी दूर नहीं जब हमें सांस लेने के लिए भी किसी मशीन पर ही निर्भर रहना पड़ेगा।

# गंतव्य संस्थान ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस, शिक्षकों को किया सम्मानित









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के निरंकारी कॉलोनी में गंतव्य संस्थान ने विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं और शिक्षकों को सम्मानित किया। इस दौरान कई संगठनों के अध्यक्ष और महासचिव, स्वयंसेवक और शिक्षक व बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता धर्मगुरु पंडित चन्द्रवल्लभ बुडाकोटी ने की। इस अवसर पर अतिथि के रूप में क्षेत्रीय निगम पार्षद नेहा अग्रवाल, दिल्ली पैरामेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष डॉ प्रदीप अग्रवाल उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रख्यात पर्यावरणविद डॉ प्रबोध राज चन्दोल द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। पेंटिंग, वाद-विवाद, कविता पाठ, डांस और नाटक कम्पीटिशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 45 बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। कुल मिलाकर 36 बड़ों और 140 बच्चों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। शिक्षकों में महिपाल देशवाल, मनीष दहिया,स्वाति गोहित, यशोदा वर्धन ,निहारिका, मानवी त्यागी, घनश्याम शर्मा, इंदू देवी, शारदा शर्मा, सुरेश कुमार, भारती, सुनीता व कर्मवीर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ के सचिव डॉ. हीरालाल मीणा, समर्पण सेवा ट्रस्ट के प्रमुख कुलभूषण शर्मा व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार, महासचिव श्यामबाबू, गुरुनानक कालेज के प्रवक्ता अरविन्द तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता शाहरुख खान को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गंतव्य संस्थान की डायरेक्टर अर्चना त्यागी ने किया और संस्थापक अध्यक्ष डॉ अरविन्द कुमार त्यागी ने बच्चों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को हर वर्ष अपने जन्मदिन पर एक पेड़ अवश्य ही लगाना चाहिए और अन्य लोगों को भी कहना चाहिए कि वे भी पेड़ लगाएं।

इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस घातक इंग्लिश पेसर की हो सकती है वापसी

**लंदन :** 30 साल के तेज गेंदबाज आर्चर ने कई बार चोटिल होने के कारण 2021 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है और हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के लिए टीम में उनके चयन के लिए भी विचार नहीं किया गया क्योंकि वह हाल ही में समाप्त हुई आईपीएल के दौरान अंगूठे में हुए फ्रेक्चर से उबरने की कोशिश कर रहे हैं। इंग्लैंड के राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा है कि पारंपरिक प्रारूप में चार साल पहले अपना पिछला मुकाबला खेलने वाले स्टार तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर अगले महीने भारत के खिलाफ टीम के दूसरे टेस्ट मैच के लिए वापसी कर सकते हैं। पांच मैच की सीरीज का दूसरा टेस्ट दो से छह जुलाई तक एजबस्टन में खेला जाएगा। वहीं, इस सीरीज की शुरूआत 20 जून से होने जा रही है। पहला मुकाबला लीड्स में खेला जाएगा। 30 साल के तेज गेंदबाज आर्चर ने कई बार चोटिल होने के कारण 2021 से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है और हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के लिए टीम में उनके चयन के लिए भी विचार नहीं किया गया क्योंकि वह हाल ही में समाप्त हुई आईपीएल के दौरान अंगूठे में हुए फ्रेक्चर से



उबरने की कोशिश कर रहे हैं। राइट ने कहा, 'जॉफ (आर्चर) काफी अच्छी तरह उबर रहे हैं। उनके लिए योजना यह है कि वह कुछ प्रथम श्रेणी मैच खेलें। ससेक्स की दूसरी टीम का हिस्सा बनें और फिर पहले टेस्ट के दौरान डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए खेलें।' उन्होंने कहा, 'अगर सब कुछ ठीक रहा तो वह ससेक्स के लिए खेलेंगे और फिर अगर सब कुछ ठीक रहा तो उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध हो जाएंगे।' ससेक्स में आर्चर के पूर्व साथी राइट ने कहा, 'अन्य सभी गेंदबाजों की तरह उन्हें बिना किसी बाधा के हर दिन अच्छा प्रदर्शन करना होगा, लेकिन अगर सब कुछ ठीक रहा और वह डरहम मैच में सफल रहे तो वह दूसरे टेस्ट में चयन के लिए संभावित रूप से उपलब्ध हो सकते हैं।' अंगूठे की चोट के कारण वह 29 मई से तीन जून के बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय सीरीज से भी चूक गए। आर्चर और तेज गेंदबाज मार्क वुड की अनुपस्थिति में इंग्लैंड का तेज गेंदबाजी विभाग क्षमता और अनुभव के मामले में कुछ कमजोर दिखता है। मार्च में लगी घुटने की चोट के कारण वुड क्रिकेट से दूर हैं।

## रॉब वॉल्टर बने न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम के नए हेड कोच



**वेलिंगटन।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व व्हाइट-बॉल कोच रॉब वॉल्टर को न्यूजीलैंड पुरुष क्रिकेट टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया गया है। वॉल्टर अगले तीन वर्षों तक टीम की कमान सभी फॉर्मेट्स—टेस्ट, वनडे और टी20—में संभालेंगे। 49 वर्षीय वॉल्टर दक्षिण अफ्रीका की कोचिंग से हाल ही में अलग हुए थे, जबकि उनके अनुबंध की मियाद अभी दो साल और बची थी। उनके नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका ने 2023 वनडे वर्ल्ड कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल तक का सफर तय किया, वहीं 2024 टी20 वर्ल्ड कप में टीम फाइनल तक पहुंची थी। गौर करने वाली बात यह है कि वॉल्टर की फैमिली पहले से ही न्यूजीलैंड में रहती है और उन्होंने हॉक्स बे में अपना ठिकाना बनाया हुआ है। न्यूजीलैंड की घरेलू टीमों ओटागो वोल्ट्स और सेंट्रल स्टैग्स के साथ कोचिंग अनुभव भी उनके खाते में है। वॉल्टर ने 2022-23 सीजन में सेंट्रल स्टैग्स को फोर्ड ट्रॉफी और प्लंकेट शील्ड जीत दिलाई थी। इसके अलावा वह 2022 में भारत दौरे पर गई न्यूजीलैंड ए टीम के कोच भी रह चुके हैं और आईपीएल में असिस्टेंट कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। वॉल्टर न्यूजीलैंड के मौजूदा कोच गैरी स्टीड की जगह लेंगे। हालांकि, शुरूआत में न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने अलग-अलग फॉर्मेट्स के लिए अलग कोच नियुक्त करने का विचार किया था, लेकिन बाद में उन्होंने एक ही व्यक्ति को तीनों फॉर्मेट की जिम्मेदारी सौंपने का निर्णय लिया। उनका कार्यकाल अगले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल, 2027 वनडे वर्ल्ड कप, 2026 और 2028 टी20 वर्ल्ड कप, और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक तक चलेगा। नियुक्ति के बाद वॉल्टर ने कहा, "ब्लैककैप्स लंबे समय से एक सफल और विश्वसनीय टीम रही है, और इस टीम के साथ काम करने का मौका मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह एक बेहद रोमांचक अवसर है, जहां कई बड़े टूर्नामेंट और द्विपक्षीय सीरीज सामने हैं। मैं इस सफर को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।" न्यूजीलैंड क्रिकेट के सीईओ स्कॉट वीनिंक ने वॉल्टर की नियुक्ति पर कहा, "रॉब एक विश्वस्तरीय कोच हैं जिनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। न्यूजीलैंड के घरेलू क्रिकेट में उनकी सफलता और हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के साथ उनकी उपलब्धियां उन्हें ब्लैककैप्स के लिए आदर्श कोच बनाती हैं।" वॉल्टर आधिकारिक रूप से मिड-जून में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे और जुलाई में जिम्बाब्वे दौरे से अपने कार्यकाल की शुरूआत करेंगे।

## 'जब पापा को टेस्ट से संन्यास के बारे में बताया तो...', रोहित ने सुनाई भावुक कर देने वाली कहानी



**मुंबई :** भारतीय क्रिकेट के महान सलामी बल्लेबाजों में से एक रोहित शर्मा के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने के फैसले ने कई लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के खत्म होने के बाद सबसे लंबे प्रारूप में खराब फॉर्म में चल रहे रोहित ने टेस्ट क्रिकेट खेलते रहने की इच्छा जाहिर की थी। रोहित ने फॉर्म में वापसी के लिए रणजी ट्रॉफी भी खेले थे, लेकिन उन्होंने पिछले महीने अचानक टेस्ट से संन्यास लेने का फैसला किया, जिससे पूरे भारतीय क्रिकेट जगत को झटका लगा। रोहित के इस फैसले से न सिर्फ उनके फैंस निराश हुए, बल्कि उनके पिता भी निराश हुए। अब इसकी कहानी उन्होंने खुद बताई है। मुंबई में चेतेश्वर पुजारा की पत्नी पूजा पुजारा की किताब 'द डायरी ऑफ ए क्रिकेटर्स वाइफ' के विमोचन के दौरान बातचीत करते हुए रोहित ने खुलासा किया कि उनके पिता टेस्ट क्रिकेट को बेहद पसंद करते हैं। इसलिए टेस्ट से संन्यास का फैसला उनके पिता स्वीकार नहीं कर पाए थे। रोहित ने बताया, 'मेरे पिता एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते थे। जैसा कि मैंने कहा, मेरी मां और मेरे पिता कई त्याग किए ताकि हम अपना जीवन अच्छे से जी सकें। लेकिन मेरे पिता हमेशा पहले दिन से टेस्ट क्रिकेट के प्रशंसक रहे हैं। उन्हें नए जमाने का क्रिकेट पसंद नहीं है। मुझे आज भी याद है कि जिस दिन मैंने वनडे में 264 रन बनाए थे। मेरे पिता की ओर से बस यही प्रतिक्रिया आई कि- ठीक है, अच्छा ही खेला। बहुत खूब। उनकी चेहरे पर कोई उत्तेजना नहीं थी। उन्होंने कहा वहां जाना महत्वपूर्ण है और यही सब बातें कहीं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं जब भी टेस्ट में 30, 40, या 50 या 60 रन बना लेता था तो वह मुझे इस बारे में हमेशा विस्तार से बात करते थे। टेस्ट के प्रति उनका इस तरह का प्यार था। और उन्होंने मुझे स्पष्ट रूप से देखा है कि मैं कैसे कैसे क्रिकेट में आगे बढ़ा हूं।' रोहित ने बताया कि टेस्ट से संन्यास के बाद उनके पिता शुरू में काफी नाराज हुए।

हालांकि, कुछ समय बाद उन्होंने रोहित के फैसला का समर्थन किया और शांत हुए और खुश हो गए। रोहित ने बताया, 'आप स्कूल क्रिकेट में खेलते हैं। इसके बाद आप अंडर 19, रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी, ईरानी ट्रॉफी और इंडिया ए के लिए खेलते हैं। मैंने वह सब किया है। इसलिए उन्होंने मेरी यात्रा देखी है। यह सब खेलके मैंने भारतीय टीम में जगह बनाई। जाहिर है मेरे पिता ने मुझे लाल गेंद से खेलते हुए देखा है। इसलिए वह लाल गेंद के क्रिकेट की बहुत सराहना करते हैं। जाहिर है, जब मैंने संन्यास की घोषणा की तो वह थोड़ा निराश थे, लेकिन फिर बाद में खुश भी हुए। वह मेरे पिता हैं और मैं आज जहां भी हूं, उन्होंने स्पष्ट रूप से एक बड़ी भूमिका निभाई है। उनकी मदद के बिना, यह कभी संभव नहीं होता।'

## 'फॉर्म नहीं...', भारत के पूर्व कोच चैपल की नजर में कोहली ने इस वजह से लिया टेस्ट से संन्यास

**नई दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और भारत के पूर्व कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट की वजह से नहीं बल्कि पिछले कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े मानसिक तनाव की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी के कारण संन्यास लिया है। चैपल ने 'ईएसपीएनक्रिकइंफो' के लिए अपने कॉलम में लिखा, 'उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते अहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था।' इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है।' कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि संदेह किसी खिलाड़ी के खेल में घुसने का तरीका ढूंढ लेता है जो धीरे-धीरे निर्णय लेने, फुटवर्क और शीर्ष स्तर के प्रदर्शन के लिए आवश्यक सहजता को प्रभावित करता है। चैपल ने लिखा, 'जब संदेह आपके अंदर बसने लगता है तो यह निर्णय लेने में बाधा डालता है, फुटवर्क को खराब करता है और शीर्ष प्रदर्शन के लिए आवश्यक सहजता को नष्ट कर देता है। कोहली का संन्यास इस बात की याद दिलाता है कि फॉर्म दिमाग का खेल अधिक है।' बता दें कि कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विराट पिछले कुछ समय से टेस्ट में खराब फॉर्म में चल रहे थे। इसकी वजह से उन्हें आलोचना भी झेलनी पड़ रही थी। कोहली के रहते भारतीय टीम को पिछले साल अपने घर पर कीवियों के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप और फिर ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## शुभमन गिल की टेस्ट कप्तानी की शुरूआतः 'स्पष्टता और आत्मविश्वास' को बनाना चाहते हैं टीम की पहचान



**मुंबई।** भारत के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने गुरुवार को अपने पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने नेतृत्व के दृष्टिकोण को लेकर पूरी स्पष्टता और आत्मविश्वास दिखाया। 25 वर्षीय गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से अपनी कप्तानी की शुरूआत करने जा रहे हैं और उनका लक्ष्य है – टीम के भीतर विश्वास और पारदर्शिता की संस्कृति को विकसित करना। मुंबई में मीडिया से बात करते हुए गिल ने कहा, 'मेरे पास कोई खास कप्तानी का स्टाइल नहीं है। जितना ज्यादा खेलते हो, उतना ज्यादा अनुभव आता है और आपकी अपनी शैली खुद सामने आती है। मेरे लिए सबसे जरूरी चीज है खिलाड़ियों से संवाद, उन्हें उनकी ताकत और कमजोरी को लेकर सहज महसूस कराना। अगर खिलाड़ी सुरक्षित महसूस करते हैं, तभी वे अपना 100% दे पाते हैं।' गिल ने रोहित शर्मा की नेतृत्व शैली की तारीफ करते हुए कहा, 'रोहित भाई की सबसे बड़ी खूबी थी उनकी साफ-साफ बात करने की शैली। वे जानते थे कि खिलाड़ियों से क्या चाहिए और उसे साफ तरीके से बताते थे। मैं भी वही अपनाना चाहूंगा।' भारत को हाल में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी, जिससे टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ से बाहर हो गई थी। ऐसे में गिल को बड़ी चुनौती के साथ कप्तानी सौंपी गई है। इस पर गिल ने कहा, 'हर दौरे में दबाव होता है। हमारे पास अच्छा कॉम्बिनेशन है – अनुभव और टैलेंट का। नए सिरे से शुरूआत करने का मौका है और हम इसके लिए तैयार हैं।' गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान हैं और 1988 में एक टेस्ट के लिए कप्तान बने रवि शास्त्री के बाद सबसे कम उम्र के टेस्ट लीडर हैं। गिल ने बताया कि टीम का बल्लेबाजी क्रम अभी तय नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, हम 10 दिनों का कैंप करेंगे और 13 से 16 जून के बीच एक इंट्रा-स्क्वॉड मैच भी होगा। उसी के बाद हम तय करेंगे कि कौन किस क्रम पर खेलेगा। गौरतलब है कि भारत की 18 सदस्यीय टीम में पहली बार शामिल हुए हैं।

## दो बार के विश्व चैंपियन इस भारतीय क्रिकेटर ने लिया संन्यास

नई दिल्ली : भारत के स्टार लेग स्पिनर पीयूष चावला ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। शुक्रवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये उन्होंने इसकी घोषणा की। पीयूष 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। उन्होंने भारत के लिए पिछला मैच 2012 में खेला था। हालांकि, पीयूष को 2007 टी20 विश्व कप में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। पीयूष ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'कृतज्ञता के साथ इस अध्याय को अंत कर रहा हूं!! खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले रहा हूं। इस खूबसूरत यात्रा में आपके समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। पीयूष ने अपने पोस्ट में टीम इंडिया और आईपीएल की जर्सी में कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पीयूष ने लंबे से नोट को शेयर करते हुए लिखा, 'मैदान पर दो दशक से ज्यादा समय बिताने के बाद, अब इस खूबसूरत खेल को अलविदा कहने का समय आ गया है। भारत का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करने से लेकर 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा बनने तक, इस अविश्वसनीय यात्रा में हर पल किसी वरदान से कम नहीं रहा है। ये यादें हमेशा मेरे दिल में बसी रहेंगी। आईपीएल की उन फ्रेंचाइजियों को दिल से धन्यवाद जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया – पंजाब किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस। आईपीएल मेरे करियर का एक खास अध्याय रहा है और मैंने इसमें खेलते हुए हर पल को संजोया है।

## ग्रैंड स्विस शतरंज टूनार्मेंट में हिस्सा लेंगे भारत के 15 खिलाड़ी, गुकेश और प्रज्ञानंद भी शिरकत करेंगे

**नई दिल्ली :** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानंद, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में तीन से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालिफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानंद के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम, विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला



ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है। फिडे ने कहा, 'ग्रैंड स्विस की तालिका में शीर्ष दो में रहने वाले पुरुष खिलाड़ी 2026 कैंडिडेट्स टूनार्मेंट में स्थान सुरक्षित करेंगे, जबकि महिला ग्रैंड स्विस में शीर्ष दो खिलाड़ी 2026 महिला कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करेंगी।' फिडे ने इसके साथ ही टूनार्मेंट में पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की घोषणा करते हुए कहा कि पुरुष वर्ग में 36 प्रतिशत जबकि महिला वर्ग में 64 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। पुरुष वर्ग की कुल इनामी राशि 6,25,000 डॉलर है जबकि महिला वर्ग के लिए यह रकम 230,000 डॉलर है। दोनों टूनार्मेंट 11 दौर के स्विस प्रारूप में खेले जाएंगे, जिसमें विश्व भर से 170 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी का सफर क्वार्टर फाइनल में हुआ समाप्त

**जकार्ता :** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी का सफर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में समाप्त हो गया। सात्विक-चिराग की जोड़ी को मलयेशियाई की मान वेई चोंग और ति काई वुन की जोड़ी के खिलाफ शुक्रवार को हार




का सामना करना पड़ा। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी 2023 में इस टूनार्मेंट की विजेता बनी थी।

सात्विक-चिराग की जोड़ी को 43 मिनट तक चले मुकाबले में मलयेशियाई जोड़ी के खिलाफ 19-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। ये चोंग-वुन की जोड़ी की सात्विक-चिराग के खिलाफ पिछले पांच मैचों में पहली जीत है।

## माल्या ने पहले मुंबई के लिए लगाई बोली, आरसीबी को शराब के प्रचार के लिए खरीदा

**लंदन :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इस वक्त चर्चा में है। टीम ने 18 सत्रों के खिताबी सूखे को खत्म किया। आरसीबी की टीम पहली बार चैंपियन बनी, लेकिन बंगलूरू पहुंचकर उनका जश्न मातम में बदल गया। बंगलूरू में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जश्न के दौरान फैंस की भीड़ में भगदड़ मच गई और उसमें 11 लोग जान गंवा बैठे। इसके अलावा 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए। 2008 से आरसीबी की टीम लीग का हिस्सा है, लेकिन 18वें सत्र में जाकर पहली बार चैंपियन बन पाई। इस दौरान कई स्टार खिलाड़ी आए और गए, लेकिन 18 सत्रों से एक खिलाड़ी जो टीम में बना रहा, वह हैं विराट कोहली। टीम की जीत के बाद फैंस ने भगोड़े विजय माल्या को भी याद किया, जो इस फ्रेंचाइजी का पहला मालिक भी है।

**पॉडकास्ट में भगोड़े माल्या का बड़ा खुलासा:** माल्या भारत में एक वांछित भगोड़ा बना हुआ है। हालांकि, उसने राज शमानी के साथ एक पॉडकास्ट में हिस्सा लिया और खुलासा किया कि उसने मुंबई इंडियंस सहित कुल तीन फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाई थी। हालांकि, माल्या मुंबई को खरीद नहीं पाया, क्योंकि मुकेश अंबानी ने सबसे ज्यादा कीमत लगाई थी। एमआई को सबसे कम मार्जिन से



खोने के बाद, माल्या ने अंततः आरसीबी को 112 मिलियन अमेरिकी डॉलर (तब) की राशि चुकाकर खरीदा था। उस वक्त यानी 2008 में 112 मिलियन यूएस डॉलर की वैल्यू 600-700 करोड़ रुपये थी। माल्या ने कहा कि आरसीबी को खरीदने के पीछे उसका एकमात्र उद्देश्य अपने व्हिस्की ब्रांड 'रॉयल चैलेंज' को बढ़ावा देना था। इसके पीछे कोई क्रिकेट प्रेम नहीं था।

**'ललित मोदी की बातों से बेहद खुश था':** माल्या ने पॉडकास्ट में कहा, 'ललित मोदी ने इस लीग को लेकर बीसीसीआई समिति के सामने जो पिच की थी, मैं उससे काफी प्रभावित हुआ था। उन्होंने एक दिन मुझे बुलाया और कहा कि ठीक है टीमों की नीलामी होने जा रही है। क्या आप इसमें से कोई टीम खरीदने में दिलचस्पी रखते हैं? इसलिए मैंने तीन फ्रेंचाइजी में दिलचस्पी दिखाई और बोली लगाई और मैं बहुत कम अंतर से मुंबई फ्रेंचाइजी नहीं खरीद सका।'

**'आईपीएल को गेमचेंजर के रूप में देखा':** माल्या ने कहा, 'जब मैंने 2008 में आरसीबी फ्रेंचाइजी के लिए बोली लगाई थी तो मैंने आईपीएल को भारतीय क्रिकेट के गेमचेंजर के रूप में देखा था। मेरी सोच एक ऐसी टीम बनाने की थी जो बैंगलोर की भावना को जीवंत, गतिशील, ग्लैमरस लुक दे। मैंने 112 मिलियन डॉलर का भुगतान किया। यह दूसरी सबसे बड़ी बोली थी, क्योंकि मुझे क्षमता पर विश्वास था। मैं आरसीबी को एक ऐसा ब्रांड बनाना चाहता था जो न केवल मैदान पर बल्कि उसके बाहर भी उत्कृष्ट दिखे। यही कारण है कि मैंने इसे हमारे सबसे ज्यादा बिकने वाले शराब ब्रांडों में से एक रॉयल चैलेंज से जोड़ दिया, ताकि इसे वह बोल्ड पहचान मिल सके।'

## सबालेंका फ्रेंच ओपन के फाइनल में, डिफेंडिंग चैंपियन को हराकर चौंकाया

**पेरिसः** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने इगा स्वियातेक के फ्रेंच ओपन टेनिस टूनार्मेंट में 26 मैच में जीत के अभियान को विराम लगाते हुए गुरुवार को महिला एकल फाइनल में जगह बनाई। सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूनार्मेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक



दिया। इससे सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा। सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है। बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा, 'यह अविश्वसनीय लगता है लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है।' उन्होंने कहा, 'वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। मुझे गर्व है कि मैं यह जीत हासिल करने में सक्षम थी। यह एक कठिन मुकाबला था लेकिन मैं किसी तरह इसे जीतने में कामयाब रही।'

सबालेंका का सामना शनिवार को होने वाले फाइनल में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ और 361वीं रैंकिंग वाली वाइल्ड कार्ड धारक लोइस बोइसन के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

**इरानी और वावसोरी की जोड़ी बनी फ्रेंच ओपन की मिश्रित युगल चैंपियन**

इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा बड़ा खिताब था। इरानी के लिए पेरिस में यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने पिछले साल हमवतन जैस्मीन पाओलिनी के साथ महिला युगल में ओलंपिक स्वर्ण जीता था।

# संसाधन व सुविधाएं जुटाना सरकार का दायित्व: योगी

**4.52 करोड़ रुपये की लागत से बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया सीएम योगी ने, कल्याण मंडपम की पहल करने वाला प्रदेश का पहला नगर निगम है गोरखपुर : मुख्यमंत्री**

**सुविधाएं**

**आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं देकर हर तबके का जीवन बनाया जा सकता है आसान : मुख्यमंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा किसी भी सभ्य समाज के लिए उसकी जरूरत के अनुरूप आवश्यक सुविधाएं और संसाधन जुटाना लोकप्रिय सरकार का दायित्व होना चाहिए। सुविधाओं और संसाधनों की व्यवस्था होना समस्या समाधान का भी मंच बनता है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि आज के समय में समाज के अलग-अलग तबके के लिए उनकी आय के अनुरूप बेहतरीन सुविधाएं और व्यवस्थाएं देकर उनका जीवन आसान बना सकें। सीएम योगी शुक्रवार को सूरजकुंड कॉलोनी में बने शहर के दूसरे कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम नगर निगम की तरफ से 4.52 करोड़ रुपये की लागत से 35500 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर नगर निगम प्रदेश का पहला नगर निगम है जिसने निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों के मांगलिक कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कल्याण मंडपम बनाने की पहल की। 11 से 25 हजार रुपये में यदि मांगलिक कार्य के लिए कल्याण मंडपम जैसा स्थल मिल जाए तो समारोह काफी आसानी, अच्छे और सस्ते में हो सकता है।

इसके अलावा नगर निगम की तरफ से पांच और कल्याण मंडपम निमार्णाधीन हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विधायक निधि का पूरा पैसा कल्याण मंडपम के लिए दे दिया है। कहा कि गोरखपुर नगर निगम जैसी संस्थाएं अन्य निकायों के लिए मानक बन सकती हैं।

### जन कल्याण में नजीर पेश कर रहा गोरखपुर: रविकिशन

*कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आशीर्वाद से आज गोरखपुर विकास के साथ जन कल्याण के क्षेत्र में नजीर पेश कर रहा है और कल्याण मंडपम उसी का प्रमाण है। सीएम के नेतृत्व में विकास की उस अवधारणा को साकार किया जा रहा है जो रोजगार को भी बढ़ावा देती है।*

### भव्यता से मनाएं योग दिवस

*कार्यक्रम में सीएम योगी ने जनमानस से अपील की 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्यता से मनाएं। हर वार्ड-मोहल्ले में योग दिवस के कार्यक्रम हों। उन्होंने कहा कि योग आरोग्यता की गारंटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योग को वैश्विक मान्यता दिलाई है। उन्होंने एक देश-एक विधान का उद्घोष करने वाले पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर 23 जून को एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की।*

### प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा नगर निगम

*कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में नगर निगम गोरखपुर को उत्कृष्ट शहर बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री की प्रेरणा से स्वच्छता बढ़ाने और वायु-जल के प्रदूषण को न्यूनतम करने में सतत सफलता मिल रही है।*

## पाकिस्तान पर भरोसा करना सबसे बड़ी भूल- पायलट



**टीम एक्शन इंडिया**
**टोंक।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने शुक्रवार को टोंक में मीडिया से बातचीत करते हुए पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन और राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर तीखा बयान दिया। उन्होंने कहा कि सीजफायर की घोषणा के कुछ घंटों बाद ही पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी और बमबारी की गई, जो उनकी मंशा और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है। पायलट ने कहा कि मैं तो पहले दिन से ही कह रहा हूं कि पाकिस्तान पर भरोसा करना सबसे बड़ी भूल है। जिस दिन सीजफायर हुआ, उसी दिन कुछ घंटों बाद ही फायरिंग और बमबारी की खबरें आईं। उनका कोई भरोसा नहीं है, वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहले ही एक्सपोज हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि भारत को बहुत सावधानी से कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने पाकिस्तान से भारत की तुलना पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पाकिस्तान से 11 गुना बड़ी है, फिर भी बार-बार हमारी तुलना पाकिस्तान से की जाती है, जो पूरी तरह गलत है।



गयाजी में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का स्वागत करते समर्थक।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ में उत्तरी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ क्षेत्रीय विद्युत सम्मेलन की अध्यक्षता की



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** उत्तरी क्षेत्र के राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए क्षेत्रीय सम्मेलन 06 जून को चंडीगढ़ में माननीय केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में अनिल विज (ऊर्जा मंत्री, हरियाणा), हरभजन सिंह (बिजली मंत्री, पंजाब), सुबोध उनियाल (वन मंत्री, उत्तराखंड), एके शर्मा (ऊर्जा मंत्री, उत्तर प्रदेश), आशीष सूद (बिजली मंत्री, दिल्ली), जावेद अहमद राणा (जल शक्ति, पर्यावरण और वन और जनजातीय मामले, जम्मू और कश्मीर) और हीरालाल नागर (ऊर्जा राज्य मंत्री, राजस्थान) ने भाग लिया। बैठक में केंद्रीय विद्युत सचिव, भाग लेने वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सचिव (विद्युत/ऊर्जा), केंद्रीय और राज्य विद्युत उपयोगिताओं के सीएमडी और विद्युत मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अपने संबोधन में उल्लेख किया कि भारत की बिजली प्रणाली एक एकीकृत राष्ट्रीय ग्रिड के रूप में विकसित हुई है, जो 'एक राष्ट्र-एक ग्रिड' के दृष्टिकोण को पूरा करती है और देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए भविष्य के लिए तैयार, आधुनिक और वित्तीय रूप से व्यवहार्य बिजली क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करती है। उन्होंने रेखांकित किया कि हमने मई 2024 में 250 गीगावाट की अधिकतम मांग को सफलतापूर्वक पूरा किया और भारत बिजली की कमी से बिजली-पर्याप्त राष्ट्र में बदल गया है और अब अधिकतम मांग की कमी शून्य है। उन्होंने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निरंतर सहयोग और समन्वय के महत्व को रेखांकित किया। मनोहर लाल ने संसाधन पर्याप्तता सुनिश्चित करने और आवश्यक बिजली उत्पादन क्षमता करार पर जोर दिया। राज्यों को अपनी संसाधन पर्याप्तता योजना को पूरा करते हुए, परमाणु उत्पादन क्षमता को बढ़ाने सहित पर्याप्त बिजली उत्पादन मिश्रण पर भी काम करना चाहिए। भारत की अधिकतम बिजली मांग 2034-35 तक 446 गीगावाट तक पहुंचने का अनुमान है और इसे स्थायी रूप से पूरा करने के लिए केंद्र, राज्यों और हितधारकों के बीच सक्रिय योजना और निरंतर समन्वय की आवश्यकता है। मनोहर लाल ने कहा कि राज्यों को अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन परियोजनाओं के विकास में आने वाली समस्याओं को हल करने की दिशा में काम करना चाहिए, जिसमें आरओडब्ल्यू मुद्दे भी शामिल हैं।

## मुरादाबाद जनपद की चार चीनी मिलों पर 4.51 लाख का जुर्माना

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले की चारों चीनी मिलों पर किसानों को सुविधाएं उपलब्ध न कराने और अनियमितताएं बरतने में 4.51 लाख का जुर्माना लगाया गया। इनमें दो चीनी मिलों ने 80 हजार का जुमार्ना भर दिया है। मंडल की 14 चीनी मिलों पर अनियमितताएं बरतने का आरोप है। अपर आयुक्त (चीनी) अमर सिंह के अनुसार नवंबर 24 से लेकर अप्रैल 25 तक चीनी मिलों के चालू होने पर मंडल के अधिकारियों ने जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने पाया कि दीवान शुगर मिल अगवानपुर ने किसानों की सुविधाओं को लेकर 17 बार अनियमितताएं बरती हैं। इस मामले में अगवानपुर मिल पर ढाई लाख का जुर्माना लगाया गया।

## गुरु ही तय करते हैं जीवन की दिशा : डॉ. यादव



**अभिनंदन**

**लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शुक्रवार को उज्जैन को लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकमान्य तिलक विद्यालय परिसर में भविष्य के विकास का संकल्प निर्मित हुआ है। ये परिसर राष्ट्रवादी विचारों का जीवंत केंद्र है। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालयों में कुलपति के स्थान पर कुलगुरु संबोधित किए जाने पर कहा कि गुरु शब्द अंधेरे से प्रकाश को जोड़ता है। माता-पिता के बाद गुरु ही जीवन की दिशा तय करते हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में लोटी स्कूल से जुड़े अपने विद्यार्थी परिषद के समय के अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में विधायक अनिल जैन कालुहेड़ा एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में स्वागत भाषण किशोर खंडेलवाल ने दिया। मुख्यमंत्री ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किये। खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष शिक्षकों के उन्नयन के लिए तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग के चलते आयोजित किया जाता है। इसमें अलग-अलग विषय होते हैं। कार्यकम में विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कार्यक्रम में 10वीं में टॉपर 3 छात्र, छात्राओं एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता मल्लखम्भ खेल में मैडल हासिल करने वाले 4 खिलाड़ी छात्र, छात्राओं का सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर्वतारोही दशरथ मांझी के परिजन से मुलाकात करते हुए।

## चिकित्सा मंत्री की धर्मपत्नी स्व. प्रीति कुमारी की अंत्येष्टि में शामिल हुए मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को खींवसर (नागौर) में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर की धर्मपत्नी प्रीति कुमारी की अंत्येष्टि में शामिल हुए और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने खींवसर में मोक्षधाम पहुंच कर स्व. प्रीति कुमारी की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन किए और पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने और इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की।




**संवाद** *अनवरत नौवें दिन किसानों के बीच पहुंचे वैज्ञानिक, हरदोई, बहराइच व मैनपुरी में किसानों से संवाद*

## *कृषि संकल्प अभियान: कृषि में नवाचार से अवगत हुए किसान*

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को कई स्थानों में जनप्रतिनिधियों, वैज्ञानिकों, कृषि व अन्य विभागों के अधिकारियों ने किसानों से संवाद किया। हरदोई में सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख अनोखे लाल कश्यप द्वारा विकास खण्ड, हरपालपुर, के ग्राम ललुआमऊ में प्रतिभाग किया गया। विधायक ने कृषकों को गो आधारित प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि खेती में नवाचार का प्रयोग करें, जिससे कृषि लागत कम कर अपनी आय में बढोत्तरी कर सकते है। ब्लाक प्रमुख ने नैनो यूरिया, डी0ए0पी0 एवं बुवाई से पूर्व बीज शोधन करने सम्बन्धी जानकारी दी। उप कृषि निदेशक सतीश कुमार द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही पीएम किसान, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्राप सर्वे, जैविक खेती, फसल बीमा आदि योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर कृषि विभाग के कृषि रक्षा अधिकारी विनीत कुमार शुक्ला, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एके0 दुबे, डॉ. एके तिवारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमलेश पल, ग्राम प्रधान ललुआमऊ प्रेमावती आदि ने प्रतिभाग किया।

**किसानों को योजनाओं से कराया गया अवगत**

बहराइच के विकासखण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत डीहा में आयोजित अभियान में जिला कृषि अधिकारी, के0वी0के0 वैज्ञानिक, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए सुधाकर शुक्ला व कृषि विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। किसानों को खरीफ फसल उत्पादन तकनीकी, एग्रीकृत जीवनासी प्रबन्धन बिष मुक्त खेती के बारे में जानकारी दी गयी। संतुलित उर्वरक, नैनो यूरिया, डीएपी की उपयोगिता एवं लाभकारी गुणवत्तापूर्ण बीज, मृदा स्वास्थ कार्ड, डीएसआर, मिलेट्स, प्राकृतिक खेती, पीएम किसान निधि, एफपीओ, एनएफएसएम, आत्मा कृषि यंत्रीकरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा आदि सहित सभी फसलों की उत्पादन तकनीकी सहित अन्य सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

### मैनपुरी में भी किसानों से संवाद

*उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा आगरा मंडल ने जनपद मैनपुरी के विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम परौख में प्रतिभाग किया। उक्त मौके पर नवीन कृषि तकनीकी, रोग कीट प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की गई। यहां जिला कृषि अधिकारी केवीके के वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण समेत लगभग 150 से अधिक कृषक उपस्थित रहे ।*